सुप्रभात

रांची, मंगलवार

16.04.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 272


12 तीसरे विश्व युद्ध की आहट, नेतन्याहू पर सबकी नजर

## गिरते जल स्तर पर हाइकोर्ट गंभीर, सरकार से मांगी रिपोर्ट

# कम बारिश हुई तो कैसे लोगों को पानी पिलायेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में भूगर्भ जल का स्तर नीचे जाने पर झारखंड हाइकोर्ट ने चिंता जताते हुए इस पर तेजी से काम करने का निर्देश सरकार को दिया है। सोमवार को स्वतः संज्ञान ले कर मामले की सुनवाई करते हुए जस्सिट आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने जल संसाधन विभाग, नगर विकास विभाग सहित सभी संबंधित विभाग, केंद्रीय भूजल बोर्ड और मामले के न्याय मित्र को एक संयुक्त रिपोर्ट तथा सुझाव 22 अप्रैल तक पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही तालाबों और डैमों से जलकुंभी हटाने को भी कहा है। अदालत ने जल संसाधन और नगर विकास विभाग से पूछा कि यदि कम बारिश हुई तो लोगों को पीने का पानी कैसे उपलब्ध कराया जायेगा।

**तालाबा खत्म होने का असर :** सुनवाई के दौरान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और



आइएसएम धनबाद की ओर से एक रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गयी। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से बताया गया कि रांची में अत्यधिक आबादी, पिछले 50 वर्षों में तालाबों का अस्तित्व समाप्त होने, वर्षा कम होने के कारण जलस्तर नीचे की ओर जा रहा है। रांची सहित पूरे झारखंड में भूमिगत जल का स्तर प्रतिवर्ष नीचे जा रहा है। इसलिए भूमिगत जल कैसे रिचार्ज रहेगा, इस पर मंथन करने की जरूरत है। (शेष पेज 11 पर)

### नगर निगम ने बताया

रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि नगर निगम ने भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बनाये हैं। 300 स्क्वायर मीटर या उससे अधिक के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाना जरूरी है। भवनों या अपार्टमेंट में वाटर हार्वेस्टिंग की गयी है या नहीं, इसका सर्वे भी किया जाता है। इसका पालन नहीं करनेवाले भवन मालिकों एवं अपार्टमेंट के निवासियों से डेढ़ गुना अतिरिक्त होल्डिंग टैक्स वसूला जा रहा है। सरकार की ओर से बताया गया कि जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की जा रही है। कैचमेंट एरिया को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छह इंच की डीप बोरिंग के लिए उपायुक्त से अनुमति लेनी पड़ रही है। उपायुक्त की अनुमति के बाद ही डीप बोरिंग की इजाजत दी जा रही है। आम लोगों को चार ईंच की बोरिंग कराने की ही अनुमति है।

## प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्रीसप्तदेव धाम मंदिर में पूजा अर्चना शुरू



रांची वंद्रावन कॉलोनी स्थित चिरौंदी में श्रीसप्तदेव धाम मंदिर में पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ सोमवार को संपन्न हो गया। मंदिर में संकट मोचन हनुमान, लक्ष्मी-गणेश, मां दुर्गा, श्री राधा-कृष्ण, माता शीतला देवी एवं बाबा भैरव नाथ की प्रतिमा स्थापित की गयी। इसके साथ ही लोगों ने पूजा-अर्चना शुरू कर दी।

### न्यूज डायरी

#### रातू में जमीन कारोबारी से मारपीट, लाखों की लूट

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास सोमवार को एक जमीन कारोबारी संतोष दुबे से सोने की चेन व 4 लाख की लूट कर अज्ञात अपराधी भाग निकले। वह अपनी गाड़ी से ग्राहक को जमीन दिखा कर लौट रहे थे। इसी बीच बाइक सवार दो लोगों ने अपराधियों ने कारोबारी से मारपीट कर लूट लिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### टीएसपीसी का टॉप कमांडर गंझू गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। टीएसपीसी का टॉप कमांडर मंटू गंझू गिरफ्तार कर लिया गया है। वह चतरा में दो जवानों को गोली मारने का आरोपी है। हमले में दोनों जवान शहीद हो गये थे। वह मनातू थाना क्षेत्र के केवाल इलाके का रहने वाला है। गंझू से पूछताछ की जा रही है। टीएसपीसी के बारे में कई खुलासे होंगे। वह 10 लाख के इनामी कमांडर शशिकांत गंझू का दाहिना हाथ माना जाता है। मंटू पलामू और चतरा के क्षेत्रों में सक्रिय रहा है।

#### नक्सली साजिश विफल, आठ आइइडी बरामद, निष्क्रिय

**लातेहार।** पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे आठ बम को बरामद किया। बम को जंगल में ही निष्क्रिय कर दिया। एक गुप्त सूचना पर बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के पास जंगल में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया।

#### चतरा में टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे। इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है। एसपी ने बताया कि पिपरवार एवं टंडवा थाना क्षेत्र में इनका आतंक था।

## रातू में चैती छठ पर हादसा, वाहन दुर्घटनाग्रस्त

# अर्घ्य देने जा रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

### कई घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची के रातू इलाके में लोक आस्था के पर्व चैत छठ का उल्लास मामत में बदल गया। सोमवार को तड़के रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ के शिव मंदिर के पास एक पिकअप वैन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। करीब आठ लोग घायल हैं। ये सभी लोग भगवान भास्कर को सोमवार सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे। हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें 55 वर्षीय कमला देवी (पति रामचंद्र यादव), कौशल्या देवी (पति यदुनंदन प्रसाद) और नौ वर्षीय अराध्या कुमारी (पिता विनोद साहू) शामिल है। सभी रातू



थाना क्षेत्र के चटकपुर के रहनेवाले थे। सभी घायलों को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है।

**कैसे हुआ हादसा :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पिकअप वैन (जेएच 01 इइ 1383) पर सवार हो कर सभी श्रद्धालु सुबह 5.45 बजे रातू तालाब छठ घाट जा रहे थे। इसी क्रम में पिकअप वैन, एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में डिवाइडर को पार कर बालू लदे ट्रैक्टर से टकरा गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। (शेष पेज 11 पर)

### घायलों के नाम

इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं कमला देवी (55) निक्की कुमारी (22) को रिम्स भेजा गया है। वहीं रंजना कुमारी, सुषमा देवी, रुना देवी, प्रियंका देवी, कार्तिक, अभिमन्यु सीएचसी में इलाजरत हैं।

# बन्ना हो सकते हैं रांची से कांग्रेस प्रत्याशी

### अब आलाकमान के फैसले पर टिकी नजर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस अपना जीत सुनिश्चित करने के लिए बड़ा दाव खेलने की तैयारी में है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार मंत्री बन्ना गुप्ता को पार्टी रांची से प्रत्याशी बना सकती है, हलाकि इसकी अधिकारिक घोषण अभी तक नहीं हो पायी है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने बन्ना गुप्ता के नाम पर अपनी सहमति दे दी है। पहले चर्चा थी कि सुबोधकांत सहाय और हाल में कांग्रेस में आये रामटहल चौधरी में से ही किसी को टिकट मिलेगी लेकिन अचानक बन्ना गुप्ता का नाम सामने आ गया है।

**जातीय समीकरण बन रही वजह**

राजनीतिक हलको में इस फैसले को कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है। अगर बन्ना प्रत्याशी घोषित होते है तो रांची सीट पर चुनाव दिलचस्प हो सकता है। इसकी वजह जातीय समीकरण है।







बनिया वर्ग से आने वाले भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के सामने इसी जाति से आने वाले बन्ना गुप्ता ताल ठोकते नजर आयेंगे। खास बात है कि बन्ना गुप्ता जमशेदपुर पश्चिम से विधानसभा का चुनाव लड़ते रहे हैं। 2019 में उनकी एकतरफा जीत हुई थी क्योंकि 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सरयू राय ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ बतौर निर्दलीय जमशेदपुर पूर्वी सीट से चुनाव लड़ा था और उन्हें मात भी दे दी थी। उल्लेखनीय है कि वर्षो तक रांची में कांग्रेस के मायने ही सुबोधकांत सहाय था। समय ने करवट ली है और सुबोधकांत का दौर खत्म के कगार पर पहुंच गया है। पावर और समय के खेल ने स्थिति बदल दी है। झारखंड में चार लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा होनी बाकी है। अब तक पार्टी तीन उम्मीदवारों को घोषणा कर चुकी है। चार पर घोषणा होना बाकी है। इसी कड़ी में अचानक रांची से प्रत्याशी के रूप में बन्ना गुप्ता नाम उभरकर सामने आया है। बन्ना गुप्ता के नाम आते ही राजधानी के राजनीतिक हलको में चर्चा का बजार गर्म है। राजनीतिक विशेषज्ञ एक दूसरे से जानना चाह रहे कि सुबोधकांत सहाय के बदले बन्ना गुप्ता का नाम प्रत्याशी के रूप में सामने कैसे आया।

### भाजपा और कांग्रेस में होती रही है टक्कर

रांची सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर होती रही है। 2019 के चुनाव से पहले तक यहां भाजपा की ओर से रामटहल चौधरी और कांग्रेस की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के बीच चुनावी जंग चलती रही है। 2019 में भाजपा ने रामटहल चौधरी की जगह संजय सेठ को प्रत्याशी बना दिया था। तब रामटहल चौधरी बागी बनकर मैदान में उतरे थे। पीएम मोदी ने आ कर माहौल बदल दिया और संजय सेठ की एकतरफा जीत हुई थी। इस बीच पिछले दिनों रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। जबकि सुबोधकांत सहाय अपने क्षेत्र में पहले की तरह सक्रिय हैं।

## हेमंत सोरेन मामला : बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका वापस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इडी की गिरफ्तारी के पहले तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद करीब 40 घंटे से अधिक समय तक ट्रेसलेस रहने को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण (हेबियस कार्पस) याचिका पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के आग्रह को देखते हुए जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका वापस लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इडी ने हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वह अभी बिरसा मुंडा जेल में ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए



अब इस याचिका की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। सरकार की ओर से याचिका खारिज करने की मांग की गयी। वहीं प्रार्थी की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। हाइकोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को देखते हुए इसकी अनुमति दी। अधिवक्ता राजीव कुमार ने इस संबंध में हेबियस कॉर्पस दायर की थी। (शेष पेज 11 पर)

## केंद्र सरकार के खिलाफ 21 की न्याय उलगुलान महारैली की तैयारी तेज

# गठबंधन दलों की 60 सदस्यीय समिति गठित

### सभी सदस्यों को मिली अलग-अलग जिम्मेदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 21 अप्रैल को राजधानी के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान रैली की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस रैली में इंडी गठबंधन के कई राहुल, सोनिया, मान समेत कई बड़े चेहरों के शामिल होने की संभावना है। इसे सफल बनाने को ले कर झामुमो ने इंडी गठबंधन के दलों से आपसी समन्वय के तहत 60 सदस्यों की समिति गठित की है। इसमें 26 आयोजन समिति, 26 स्वागत समिति और आठ मीडिया समिति भी है। महारैली की कमान पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रही हैं। समितितियों के गठन के संबंध में सोमवार को झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। समिति में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं के नाम जारी कर दिये गये हैं। इसमें सभी गठबंधन दलों के मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। सभी सदस्यों को अलग-अलग टास्क दे कर महारैली को सफल बनाने का जिम्मा दिया गया है। प्रेस मीडिया समिति का प्रभार सुप्रियो भप्ताचार्य सहित 8 लोगों को दिया गया है।

### समितियों में शामिल सदस्य

आयोजन समिति में वैधनाथ राम, विनोद कुमार पांडेय, दीपक कुमार बिरूआ, फागू बेसरा, सुप्रियो भटटाचार्य, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, हाफिजुल हसन, विकास सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, नंदकिशोर मेहता, योगेंद्र प्रसाद, बादल पत्रलेख, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, राजेश कच्छप, रविंद्र सिंह, अजय शाहदेव, अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान, गौतम सागर राणा, रंजन कुमार, कुमार वरूण, सुदामा खलखो, नरेंद्र चौबे, सौरभ श्रीवास्तव शामिल है। स्वागत समिति में सरफराज अहमद, सबिता महतो, दीपक बिरूआ, मिथिलेश कुमार ठाकुर, सुदिव्य कुमार सोनू, हाफिजुल हसन, विजय हांसदा, महुआ माजी, राजू गिरि, बन्ना गुप्ता, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, अनवर अहमद अंसरी, विनय सिन्हा उर्फ दीपू, गुंजन सिंह, तनवीर आलम, अभिलाष साहू, अभिजीत राय, केदार पासवान, अनीता यादव, आबिद अली, शुभेंदू सेन, समर सिन्हा, डीएन सिंह, अजय भगत को शामिल किया गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में सुप्रियो भटटाचार्य, मनोज कुमार पांडेय, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजाल, कैलाश यादव, विनोद लाहेरी, सईद अख्तर और ओंकारनाथ जाससवाल को शामिल किया गया है।

## संविधान बदलने वालों की आंख निकाल लेगी जनता : लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेता लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत मिलने पर संविधान को बदलने की बातें खुलेआम कर रहे हैं। इस मामले में पीएम मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। लालू प्रसाद ने कहा, बार-बार संविधान बदलने की बात कर ये क्या साबित करना चाहते हैं। हमारा संविधान बाबा साहब आंबेडकर ने लिखा है....। संविधान बदलने का कोई प्रयास बर्दाश्त नहीं होगा। जो भी संविधान को बदलने का इरादा रखता है, देश की गरीब जनता उसकी आंखें निकाल लेगी। उन्होंने कहा, देश की जनता तानाशाही कायम करनेवालों को कभी माफ नहीं करेगी।, संविधान को बदलने का मतलब है लोकतंत्र को बदलना।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 68600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 88000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## चुनाव पूर्व साक्षात्कार में पीएम मोदी ने चुनावी चंदा, भाजपा मिशन पर रखी बात, कहा

# वन नेशन वन इलेक्शन हमारा कमिटमेंट है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' उनका कमिटमेंट है। सनातन पर हाल ही में हुई विवादित टिप्पणियों पर पीएम ने कहा, उनका क्यों सोचना है तो उन्होंने संविधान का जिक्र करते हुए अपनी बात रखी। सनातन विरोधी बयानों पर पलटवार रते हुए उन्होंने इंदिरा गांधी की रुद्राक्ष माला का जिक्र किया। पीएम मोदी एक समाचार एजेंसी से साक्षात्कार में बोल रहे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने भाजपा के विजन 2047 से



लेकर इलेक्टोरल बॉन्ड तक के मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखी।

**एक राष्ट्र एक चुनाव :** वन नेशन वन इलेक्शन पर पीएम मोदी ने कहा कि यह भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में किये गये प्रमुख वादों में से एक हैं। यह उनकी सरकार की प्रतिबद्धता है। इस पर पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति को बहुत सकारात्मक और अभिनव सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा, समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। समिति को बहुत सकारात्मक और नवोन्मेषी सुझाव मिले हैं और अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाते हैं तो देश को बहुत फायदा होगा। समिति को को मिले सुझावों के अनुसार रुक-रुक कर होने वाले चुनावों से आर्थिक विकास, सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता, शैक्षिक और अन्य परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही सामाजिक सद्भाव भी खराब होता है। (शेष पेज 11 पर)

### पकड़े गये, इसी वजह से दे रहे इंटरव्यू : राहुल



पीएम मोदी के इलेक्टोरल बॉन्ड पर दिये बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम पकड़े गये हैं, इसी वजह से इंटरव्यू दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड में नाम और तारीख जरूरी है। नाम और तारीख को देखकर पता लगेगा, जब उन लोगों ने बॉन्ड दिया है। पहले जांच एजेंसियां की कार्रवाई होती है, उसके एकदम बाद उन्हें पैसा मिलता है और एकदम बाद कार्रवाई बंद हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये शुद्ध रूप से वसूली है। पीएम पकड़े गए हैं और अब इंटरव्यू दे रहे हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में हिंदू पक्ष को मिली राहत

**नयी दिल्ली।** मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें अभी फिलहाल जो बात अदालत की तरफ से निकलकर सामने आयी है, उसके अनुसार शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर फिलहाल रोक जारी रहेगी। हालांकि, इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की तरफ से हिंदू पक्ष को राहत मिली है। इस मामले पर अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। दरअसल, मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सभी निचली अदालतों में चल रहे 15 मुकदमों को ट्रांसफर करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया था। साथ ही मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक की भी मांग की थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष की इस मांग को खारिज कर दिया गया इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की जिला अदालत में मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में चल रहे सभी केस को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर लिया था। हाईकोर्ट ने तब कहा था कि सभी मुकदमे एक जैसे हैं और इनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है।

# गीता कोड़ा प्रकरण : भाजपा ने एडीजी को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सिंहभूम से भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा पर रविवार को हुए जानलेवा हमले को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एडीजी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नाराजगी भी जताई और कहा डीजीपी समय देकर कार्यालय से अनुपस्थित रहे। उन्होंने मीटिंग का हवाला दिया था। एडीजी को सौंपे ज्ञापन में गीता कोड़ा ने कहा कि जब मैं मोहनपुर गांव में पहुंची तो लाठी-डंडे से लैस झामुमो कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मुझे और मेरे पार्टी के कार्यकर्ता को चारों ओर से घेर लिया। मेरे ऊपर हमला भी किया। भाजपा महिला और पुरुष कार्यकर्ता को गंभीर चोट लगी। अमानवीय व्यवहार किया गया। हमलावार चंपाई सोरेन जिन्दाबाद नारा लगा रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर शामिल थे।

# लोस चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर बनी रणनीति



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए। दोनों नेताओं की बैठक कांके रोड स्थित आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के आवास पर हुई। चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा। साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी।

## वर्ष 2008 में विभिन्न विश्वविद्यालयों में हुई थी 600 से अधिक व्याख्याताओं की नियुक्ति

# नियुक्ति घोटाला मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक लेक्चरर नियुक्ति को चुनौती देने वाली डॉ मीना कुमारी व अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से ले^ र नियुक्ति से संबंधित विषय पर विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गई? इस पर जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपियों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका अभी भी अस्तित्व में है इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उराव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008-2009 में जेपीएससी की ओर से व्याख्याता पद पर नियुक्ति के लिए रिजल्ट निकल गया था। इस मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी। सीबीआइ ने जांच पूरी करने के बाद 69 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी थी।



# बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाई कोर्ट ने लगायी रोक, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी

**तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में सिमडेगा थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देनेवाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। दरअसल, आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिये साक्षात्कार को अपलोड किया गया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकर्ताओं ने राज्य के जिलों के 6 थाना सिमडेगा, रामगढ़, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रार्थी की ओर से सिमडेगा थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया है।

# विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने हाईकोर्ट में दी गवाही

**रबीन्द्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका पर हुई सुनवाई**



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी ररबीन्द्र नाथ महतो ने कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर अपनी गवाही दर्ज कराई। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वे वर्ष 2005, 2014 और 2019 में नाला विधानसभा से चुनाव जीते थे।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ओर से स्वच्छ भागीदारी निभाई गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पंपलेट छपवाकर दुष्प्रचार करने का जो आरोप लगाया गया है वह गलत है। उन्होंने इस तरह का कोई पंपलेट नहीं छपवाया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार दुबे ने रबीन्द्रनाथ महतो का प्रतिपरीक्षण किया।

प्रतिवादी रबीन्द्रनाथ महतो की ओर से यह 9वीं गवाही थी। अगली गवाही अब 18 अप्रैल को होगी। दरअसल, याचिकाकर्ता ने चुनाव याचिका में कहा है कि रबीन्द्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पंपलेट छपवाया था जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया, जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है। इसलिए रबीन्द्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाए।

# किसान मोर्चा के नेता व कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : लक्ष्मीकांत वाजपेयी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पार्टी मुख्यालय में की गयी थी। इसकी अध्यक्षता पवन साहू ने की। इस अवसर पर प्रदेश संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये मतदान का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। वहीं, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को योगदान देने की बात कही।

प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही। बैठक में बजरंगी यादव, अर्जुन सिंह, अजय मुंडा, अमरनाथ चौधरी, मुकेश शुक्ला, ललित ओझा, राजेश सिंह, राजेश कुशवाहा, प्रभात कुमार सिंह, सुरेंद्र मोदी, विक्रांत उपाध्याय,अजय दूबे, रंजीत कुमार राय, सुरेंद्र मंडल, वैभव कुमार सिंह, वृंद कुमार साहू, विशाल साहू, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, कामेश्वर महतो, निवारण प्रसाद महतो, अवधेश दूबे, जितेन्द्र तिवारी, सफदर अली, उमेश प्रमाणिक, राजीव शाहदेव, अंचल तिवारी सभी पदाधिकारी जिला अध्यक्ष लोस और विस प्रभारी थे।

# न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा नेता हैरान व परेशान : राजद



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा हैरान और परेशान नजर आ रही है। इसलिए भाजपा नेताओं द्वारा ऊल जलूल बयानबाजी की जा रही है। अभी से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। भाजपा समझ रही है कि इस रैली के दिन से ही भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। इस रैली में इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। रैली में महागठबंधन के नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे।

### भाजपा फिर झूठे वादे और सपने दिखा रही है

डॉ मनोज ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र केवल लोक लुभावना घोषणा पत्र है। देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा को झूठे वादे करने और झूठे सपने दिखाने का जुमला है।

देश की जनता जानना चाह रही है कि प्रधानमंत्री ने दो करोड़ बेराजगारों को नौकरी, काला धान वापस लाएंगे, स्मार्ट सिटी बनायेंगे इस तरह के सैकड़ों वादे किए थे, उसका क्या हुआ भाजपा को बताना चाहिए। भाजपा के क्रिया कलाप से देश की जनता वाकिफ है, इसलिए देश में भाजपा के तमाम नेता जितने भी झूठे वादे कर ले, कुछ होना नहीं है।

# उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ का होगा पर्दाफाश : सोनाल शांति

**महारैली में केंद्र की मोदी सरकार के 10 वर्षों में किए वादों की खोली जायेगी पोल**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि इंडिया गठबंधन द्वारा रांची में आयांजित उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ,फरेब, धोखाधड़ी का पर्दाफाश जनता के सामने किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है और जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली के हिसाब मांग रही है।

श्री शांति ने कहा कि एक बार फिर देश के सामने मोदी साहब की जुगल जोड़ी लोक लुभावना घोषणाओं की बाढ़ लेकर आयी है। जिसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। महारैली में झारखंडी जनता को मोदी के 10 वर्षों में किए वादे को बताया जाएगा कि भाजपा ने आदिवासियों, किसानों, युवा, महिला, पिछड़ा, दलित समाज के लोगों के विकास के नाम पर देश के पूंजीपति औद्योगिक घरानों का घर भरने का काम किया है। इलेक्टोरल बांड के जरिए किए गए देश के सबसे बड़े घोटाले के सच से भी जनता को अवगत कराया जाएगा कि किस तरह चंदे के बदले धंधे का जाल भाजपा ने इस देश में फैला रखा था जिससे जनता पूरी तरह अनजान थी।

श्री शांति ने कहा है कि वन नेशन वन इलेक्शन का संकल्प भाजपा ने लिया है जो देश के संविधान में बदलाव कर इलेक्शन में सिलेक्शन करने की तैयारी है। यही कारण है कि अपने संविधान बदलो पत्र में भाजपा ने जनता को फिर मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, आयुष्मान का दायरा बढ़ाने का लॉलीपॉप जनता को दिया है। बुलेट ट्रेन चलाने को पटरियाँ नहीं है और बुलेट ट्रेन विस्तार का वादा किया जा रहा है। आदिवासी समुदाय को बरगलाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेने से भी भाजपा परहेज नहीं कर रही है जबकि आदिवासी समुदाय स्वयं के धर्म कोड के लिए लंबे समय से संघर्षरत है,लेकिन एक दशक तक सत्ता में काबिज रहने के बाद भी भाजपा ने सरना कोड की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जो इनकी दोहरी मानसिकता का परिचायक है।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No- RCD/FSD/AP/ RAN/75/23-24, Dated 07.03.2024 जिसका पी० आर० न० 323391, Road (23-24) D है, में निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में संशोधन किया गया है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 25.04.2024, 05.00 PM |
| 2- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 16.05.2024, 12.30 PM |
| 3- | Date and Time of Bid opening | 17.05.2024, 12.30 PM |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 323825 Road (24-25)_D


**सीएम ने झारखंड के लोगों को दी बधाई**

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन में झारखंड को मिला नौंवा स्थान



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन के तहत ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वां रैंक मिला है। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेने ने झारखंड के लोगों को बधाई दिया है। उन्होंने एक्स पर बधाई देते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। आप सभी के सहयोग से, झारखंड के आम जनता की सेवा एवं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा।

# चाईबासा में डेटोनेटर, अमोनियम नाइट्रेट व गन पाउडर बरामद

चाईबासा। सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। चाईबासा पुलिस और सीआरपीएफ के ज्वाइंट ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने नक्सली सामग्री बरामद की है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नक्सलियों की साजिश को सीआरपीएफ और चाईबासा पुलिस ने टोंटो थाना अंतर्गत हुसिपी के पहाड़ी वन क्षेत्र में सर्च अभियान चलाते हुए नाकाम कर दिया है। मौके से प्रिंटर एचपी मॉडल, मल्टी डीवीडी प्रिंटर, स्याही की बोतल, लाल बैनर कपड़ा, अमोनियम नाइट्रेट 5 किलोग्राम, डेटोनेटर नॉन इलेक्ट्रिक, वजन मशीन, सल्फर पाउडर, गन पाउडर सहित कई सामान जब्त किया है।

**आरोप** | **आय से अधिक संपत्ति का है ठोस उदाहरण**

# ढुल्लू और उनके परिजनों की बेनामी संपत्ति का खुलासा जल्द: सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने भाजपा नेताओं को नसीहत दी है। उन्होंने भाजपा के उन नेताओं पर निशाना साधा है जिन्होंने सरयू राय को अपना ज्ञान अपने पास ही रखने की सलाह दी है। सरयू राय ने कहा है कि उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति और सत्यता की जांच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिये। इसके बाद उन्हें इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिये कि प्रधानमंत्री की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते है या नहीं। सरयू राय ने कहा है कि मेरे पास भाजपा के घोषित उम्मीदवार और उनके परिजनों द्वारा खरीदी गई बेनामी अचल संपतियों और कंपनियों के नाम का ब्यौरा भी है। ये कंपनियां दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पंहुच चुकी थी। इन कंपनियों में पिछले चार वर्षों में अकूत अचल संपति खरीदा गया है। इसमें हार्ड कोक उद्योग, फ्लावर मिल आदि के भूखंड, निर्मित ढांचा एवं मशीनरी शामिल है। इनमें से कई भूखंड गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में ही स्थित है। ये कंपनियां अभी भी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के दस्तावेज में सक्रिय दिख रही है। जीएसटी एवं आयकर का भुगतान भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ढुल्लू के पास आय की तुलना में अचल परिसंपत्तियां अधिक हैं। ऐसे व्यक्तियों और कंपनियों की सूचनाओं का मिलान आधिकारिक दस्तावेजों से करने के उपरांत मैं शीघ्र ही इसे सार्वजनिक करूंगा।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (उत्पाद शाखा)**

**-: आदेश :-**

लोक सभा आम चुनाव– 2024 के क्रम में कोडरमा जिला के सीमावर्ती बिहार राज्य के गया एवं नवादा लोक सभा क्षेत्र में मतदान की तिथि दिनांकः 19.04.2024 को निर्धारित है।

आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉची के ज्ञापांकः 01/नीति–05–10/2022–651, दिनांकः 01.04.2024 तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, रॉची के पत्रांकः 01/नि०वि०–22–23 (पार्ट–1)/2020/1186, दिनांकः 18.03.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में गया एवं नवादा लोकसभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखण्ड उत्पाद अधिनियम– 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं मेघा भारद्वाज (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) के आलोक में आदेश देती हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से अर्थात दिनांकः 17.04.2024 के अपराह्न 5.00 बजे से मतदान समाप्ति अर्थात दिनांकः 19.04.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन सम्पूर्ण कोडरमा जिला में शुष्क दिवस (DRY DAY) घोषित किया जाता है।

शुष्क दिवस (DRY DAY) की उक्त अवधि में कोडरमा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तराँ एवं बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तराँ, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

आदेश का अनुपालन सख्ती से किया जाए।

ह०/–जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR.NO.323818Election(224-25):D


## संकल्प पत्र केवल भाजपा का नहीं बल्कि यह देशवासियों का, बाबूलाल बोले

# नमो की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा

**जनसंघ काल से जो मुद्दे भाजपा ने उठाया जब अवसर मिला तो सभी मुद्दों को पार्टी ने किया पूरा**

**भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के अलावा उनसे पाई पाई वसूलना मोदी सरकार की गारंटी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि संकल्प पत्र केवल पार्टी का नहीं बल्कि यह देशवासियों को संकल्प पत्र है। श्री मरांडी सोमवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने माना है कि मोदी की गारंटी, गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। देश की जनता स्वीकार करती है कि नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया। जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ काल से लेकर जो मुद्दे भाजपा ने उठाया, आज जब अवसर मिला तो उन सभी मुद्दों को पार्टी ने पूरा करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है।



इसमें काश्मीर से 370 समाप्त करना, राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना मुख्य रूप से शामिल है। देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है। 2014 से 2019 और 2019 से 2024 यानि दो कार्यकाल के 10 वर्षो में मोदी ने देश व गरीबों के उत्थान के लिए जो काम किया है वह उल्लेखनीय और कल्पना से परे है।

उन्होंने कहा कि गरीबों के भोजन ही नहीं उनके स्वास्थ्य को लेकर भी मोदी सरकार ने गारंटी दिया है। आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख तक मुफ्त इलाज की तो पहले से व्यवस्था है ही अब संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए मुफ्त इलाज की बात कही गई है। स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग का विस्तारए सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन आदि कई महत्वपूर्ण चीजें युवाओं को लेकर इस पत्र में समाहित है। बात अगर किसानों की हो तो किसानों को 6000 रुपए मिलता रहेगा। सिंचाई की सुविधा को और बढ़ाई जायेगी।

वहीं, गीता कोड़ा पर हमला प्रक्ररण में श्री मरांडी ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह हताश और निराश हो चुका है। उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। इसलिए भाजपा के उम्मीदवारों को रोका जा रहा है। संबंधित एसपी और डीजी से बात कर गीता कोड़ा को समुचित सुरक्षा मुहैया कराने और दोषियों पर एफआईआर कराने की बात कही है।

इस दौरान प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, योगेन्द्र प्रताप सिंह, तारिक इमरान, अजय राय, संदीप वर्मा, अशोक बड़ाईक आदि भी मौजूद थे।

# आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाएं रामनवमी : एसपी

**देर रात लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, अखाड़ा समितियों से भी मिले**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस सक्रिय है। विगत रविवार की रात एसपी दीपक कुमार शर्मा ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कई इलाकों का भ्रमण किया। उनके साथ डीएसपी और थाना प्रभारी भी थे। भ्रमण में एसपी ने शहर के संवेदनशील इलाकों का भी भ्रमण किया और पुलिस अधिकारियों व जवानों को 24 घंटे तैनात रहने का निर्देश दिया।

एसपी ने कई अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और उनसे रामनवमी में निकलने वालेअखाड़े का रूट जानने के साथ अखाड़ा में होने वाले प्रदर्शन की जानकारी ली। एसपी ने अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए आग के खेल पर पूरी तरह प्रतिबंध की जानकारी दी। अखाड़ा के गुजरने वाले रास्तों पर बिजली के तारों को भी देखा संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर जर्जर तारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह पुलिस प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से रामनवमी का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने का आग्रह किया।

## डीआईजी सुरेंद्र झा पहुंचे एसडीपीओ सिंदरी कार्यालय, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने सोमवार को सिंदरी एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने आसन्न लोकसभा चुनाव और रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश भी दिये। सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने बताया कि रामनवमी और लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर प्रशासनिक दौरा जारी है। रामनवमी पर्व के लिए भी जरूरी निर्देश मिला है, जिसका पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंदरी सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

**एक नजर में**

### प्रभातम मॉल में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपसयुक्त श जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्र के निदेश पर प्रभातम मॉल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान माल के संचालकों, कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं मॉल में आये लोगों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। कार्यशाला में सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। आज के कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रभातम मॉल के विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालक, कर्मचारी, आम नागरिक समेत अन्य उपस्थित थें। कभी नक्सलियों से डरते थे आज वोटर गरजते हैं

### पूर्वी टुंडी क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद।** एक वक्त था जब चुनाव का नाम सुनते ही टुंडी के लोग सिहर उठते थे। अब लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिये आतुर रहते हैं। पूर्वी टुंडी क्षेत्र में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सोमवार को विद्यालयों में गठित ईएलसी के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की गई। स्वीप पंपलेट, हैंडबील वितरित किए गए। रैली में नोडल पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्वीप टीम सहित सभी ईएलसी सदस्य ने भाग लिया।इसके अलावा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने स्लोगन, कविता लिखकर, ड्रॉइंग बनाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया।

### रामनवमी के पहले जिला प्रशासन चौकस, किया गया मॉक ड्रिल



**धनबाद।** पुलिस लाइन में सोमवार को आगामी रामनवमी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मॉक ड्रिल किया गया। जिला पुलिस ने अनियंत्रित भीड़ को रोकने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। रामनवमी के दिन जिले में अधिकतर मंदिरों से जूलूस निकलता है। जुलूस में शामिल भीड़ के लोग हथियार भांजते हुए खेल का प्रदर्शन करते हैं। मॉक ड्रिल अभ्यास एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर किया गया। डीवाईएसपी मुख्यालय 1 एस कामती ने बताया कि मनवमी पर्व में किसी भी विशेष परिस्थिति और संकट पर नियंत्रण के लिए चौकसी बरती जाती है, जिसका अभ्यास मॉक ड्रिल के जरिये किया गया। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने सभी थाने में शांति समिति की बैठक की है, ताकि यह पर्व शांति, भाईचारा के माहौल में मनाया जा सके।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिक से दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चांदमारी धनसार निवासी मुरारी शर्मा को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। 12 अप्रैल को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए पन्द्रह अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर धनसार थाने में 24 अक्टूबर 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 23 अक्टूबर 23 आरोपी पीड़िता को लेकर अपने घर ले गया आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता को दो घंटे तक अपने घर मे रखा उसके साथ गलत हरकत किया पीड़िता ने यह बात अपने मां को बताई। इसके बाद मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई अनुसंधान के बाद पुलिस ने 6 दिसंबर 23 को आरोप पत्र दायर किया था। 14 दिसंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

### मासस और मायुमो ने प्रचार अभियान तेज करने का किया आह्वान



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को टेंपल रोड स्थित पार्टी कार्यालय में मासस एंव मायुमो के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। मासस के प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि देश को भाजपा एक नई गुलामी की ओर ले जा रही है। देश की तमाम संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले करने के साथ –लूटने की खुली छूट दे रखी है। झारखंड को भी नए रूप से शोषण का जरिया बना रहीहै। देश की सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी का निदान भाजपा के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि कोयलांचल में माफिया, रंगदारों तथा हर प्रकार के शोषण के खिलाफ मासस लडती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। आज पूरे कोयलांचल सहित पूरे देश को नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ चुनाव में लग जाने को कहा। जन जन तक मासस के कार्यों से अवगत कराने की बात कही। अध्यक्षता नरेश पासवान ने की तथा संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, विजय पासवान, राकेश सिंह, ललिता देवी, संतोष रवानी, अरविंद तिवारी, मंटू रवानी, भोला ताम्रकार, सुरेश पासवान, राजकुमार रवानी, औरंगजेब खान, मोहम्मद अख्तर, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, राजकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### कतरास पुलिस ने दिये अखाड़ा दलों को नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश

**कतरास।** कतरास थाना परिसर में रविवार की देर शाम रामनवमी के निमित्त कतरास इलाके के अखाड़ा दलों के साथ पुलिस प्रशासन ने बैठक की। बैठक में बाघमारा के डी एस पी आनंद ज्योति मिंज ने कहा कि रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन ने कई निर्देश जारी किये हैं, जिसका अनुपालन सभी अखाड़ा दलों को निश्चित रूप से करना है। उन्होंने कहा कि त्योहार में पुलिस ड्रोन कैमरे से नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि त्योहार में डीजे पर पाबंदी रहेगी। रूट पर विशेष ध्यान देने के साथ जुलूस की वीडियो ग्राफी होगी। अखाड़ा दलों के पदाधिकारियों को नियम का पालन करना होगा। कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने कहा कि हर अखाड़ा दल अपने बीस बीस सदस्यों का नाम वोलेंटियर के रूप में उपलब्ध कराएं। ऐसे लोगों को पुलिस प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा कि अखाड़ा के जुलूस में कोई सदस्य नशे में नहीं रहेगा। जुलूस में कोई अश्लील गीत नहीं बजाया जायेगा। इस मौके पर कतरास क्षेत्र के सभी अखाड़ा दल के सदस्य, पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

**स्पीड न्यूज**

### बांग्ला नव वर्ष पर किया गया प्रदर्शनी फुटबॉल मैच का आयोजन



**धनबाद।** बांग्ला नव वर्ष के अवसर पर हर साल की भांति इस बार भी जगजीवन नगर फुटबॉल ग्राउंड में सोमवार को प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मैदान में विधिवत पूजा पाठ कर बांग्ला नव वर्ष मनाया गया। इसके बाद मैच पुलिस लाइन क्लब और सीएमआरआई डी नोबिली स्कूल के बीच रखा गया था। यह आयोजन धनबाद वेटरन्स फुटबॉल एसोसिएशन ने किया। कार्यक्रम में डॉ यू एस प्रसाद, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जुबेर आलम, महासचिव तारकनाथ दास, अनिल लाल, अनिल कुमार, धर्मेंद्र सिंह समेत जगजीवन नगर क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

### मटकुरिया गोली कांड मे सुनवाई

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आर.के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### पिकअप वैन पलटा, सड़क पर बिखरा टमाटर लूटने की मची होड़



**गिरिडीह।** शहर के बस स्टैंड रोड पर सोमवार अहले सुबह टमाटर लदा एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि चालक को मामूली चोट लगी है। इधर वैन पलटने के साथ सड़क पर टमाटर बिखर गया और लोगों के बीच लूटने की होड़ मच गई। कई लोग वहां पहुंचे और टमाटर लूट कर चलते बने। कोई बाल्टी तो कोई थैला या बर्तन लेकर टमाटर लूटने में मशगूल रहा। घटना के कुछ ही देर बाद आधा से ज्यादा टमाटर लूट की भेंट चढ़ गया। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस के सहयोग से मौके से वाहन को हटा लिया गया। चालक ने बताया कि पिकअप वैन में कोलकाता में टमाटर लोड किया था, जिसे पटना पहुंचाना था।

### टाटा स्टील झरिया डिवीजन में अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू



**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने जामाडोबा में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाने का महत्व बतायाऔर प्रासंगिकता पर जोर दिया और अग्नि सुरक्षा टीम को उनके अच्छे कार्य जारी रखने की सलाह दी। डिवीजन के सेफ्टी एवं सिक्योरिटी विभाग ने सरकारी अग्निशमन दल के साथ अग्नि सुरक्षा पर कई जागरुकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने, मॉक ड्रिल तथा कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों, स्कूली बच्चों एवं समुदाय के लिए अग्निशमन उपकरणों एवं बचाव तकनीक के उपयोग पर प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति के लिए आत्मनिर्भर बन सकें।इस वर्ष की थीम है अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ (जामाडोबा ग्रुप), बरुण बनर्जी, हेड (सेफ्टी), कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, हेड (एडमिनिस्ट्रेशन), कौशिक गायेन, हेड (प्लानिंग) और सुजीत कुमार झा, सीनियर एरिया मैनेजर (सिक्योरिटी), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील मौजूद थे।

## विगत वर्ष रामनवमी में उपद्रवग्रस्त गांव का किया दौरा, मुस्लिमों को भी दी हिदायत

# एसएसपी ने निरसा एवं चिरकुंडा थाना में अखाड़ा दलों को दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने कको लेकर एसएसपी एचपी जनार्दनन और ग्रामीण एसपी कुलदीप चौधरी ने सोमवार को निरसा और चिरकुंडा थाना का दौरा किया। एसएसपी ने निरसा थाना में अखाड़ा दलों के साथ बैठक कर वर्तमान हालत की जानकारी ली। उन्होंने निरसा और चिरकुंडा पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

पिछले वर्ष रामनवमी के दिन भुरकुंडाबाड़ी गांव में गोकशी की घटना के कारण उपद्रव प्रभावित गांव का भी दौरा किया। इससे पहले उन्होंने अखाड़ा दल के सदस्यों के साथ बैठक में कहा कि सभी लोग निर्धारित रूट से ही अखाड़ा निकालेंगे। अखाड़ा में डीजे व अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अखाड़ा दल के सदस्य कार्यक्रम की वीडियोग्राफी कराएंगे। असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को पूर्व में ही दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक पर्व मनाएं। बैठक के बाद वह निरसा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां वीर दल अखाड़ा द्वारा एसएसपी एवं ग्रामीण एसपी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यहां से पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसएसपी भुरकुंडाबाड़ी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। एसएसपी ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से कहा कि रामनवमी से दो दिन पूर्व आप लोग मांसाहार का परित्याग करें। सभी लोग आपसी सहयोग के साथ पर्व मनाएं। जो उपद्रव करेंगे उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला, निरसा सर्किल इंस्पेक्टर एके राम, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## गोमो में छात्र व शिक्षकों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

### मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोमो।** आजाद हिंद उच्च विद्यालय गोमो की ओर से सोमवार को छात्र व शिक्षकों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली । हाथों में बैनर लिए जागरुकता के नारे के साथ विद्यालय प्रांगण से रैली निकल कर बिजली ऑफिस से गुजरती हुई लोको बाजार गुरुद्वारा तक पहुंची और ओवर ब्रिज के दूसरी छोर से भ्रमण करती वापस विद्यालय पहुंची। रैली में मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदानकी अपील की गई । रैली मेंजाति पर न धर्म पर, वोट देना है करम पर, अपने बहुमूल्य वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर जाकर मतदान करें आदि नारे लगाए गए। प्रभारी प्रधानाचार्य सरिता कुमारी और वरीय शिक्षक मनोहर प्रसाद वर्णवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सफल बनाने के लिए मतदाताओं को जागरूक होना जरूरी है। महिलाएं अब भी मतदान के लिए निकलने में संकोच करती हैं। जागरूक मतदाता ही अपने मत के मूल्य को समझते हैं। रैली में शिक्षक संजीत कुमार, गौरी शंकर साह, सीमा कुमारी, रीना कुमार वर्णवाल, विनोद कुमार वर्मा, चक्रधर प्रसाद, मोहम्मद फारूक अंसारी, ज्योति कुमारी, सरिता कुमारी, अली इमाम, मोहम्मद रिजवान आलम, प्रशांत मलिक आदि विद्यालय के शिक्षक शामिल थे।

## महिला संगठनों ने लगाया रक्तदान व नेत्रदान जागरुकता शिविर



**आयोजकों ने की नेत्रहीनों की मदद के लिए आगे आने की अपील**

**कतरास।** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा, पुनीत चैतन्य जागृति जैन महिला मंडल, इनर व्हिल क्लब ऑफ कतरास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान व नेत्रदान जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने रक्त दान किया। समिति के पदाधिकारियों ने शिविर में आये लोगों से रक्तदान की अपील की। इसके अलावा लोगों से मृत्यु के बाद अपना नेत्र करने के लिए नाम पता लिखाने का आग्रह किया गया, ताकि समय पर नेत्रहीन लोगों की मदद की जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष रितु अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, संगीता जालान, कविता अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, मीना अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, मिली जैन, रंजू जैन, वर्षा जैन, टीना, अशोक चौधरी, संतोष जलान आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बेहराकुदर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पर निकली कलश शोभायात्रा



**कतरास।** बेहराकुदर पंचायत के रजक टोला में सोमवार को हनुमत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। पंचायत के मुखिया जालिम रजक के नेतृव में रजक टोला से अंधेरी तालाब तक भारी संख्या में श्रद्धालु कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस बीचा जय श्री राम,जय हनुमान आदि नारे से वातावरण गूंज उठा। कलशयात्रा में मुख्य यजमान बीरेन रजक, सिदेश्वर पाण्डेय, बागेश्वर सिंह, मिठू रजक, जीतेन्द्र रजक, बाबी देवी, छेदी महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लिया।

## कोयलांचल में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न

**शहर और आसपास के तालाबों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पुलिस भी मुस्तैद**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ सोमवार को संपन्न हो गया। शहर के राजेन्द्र सरोवर, पम्पू तालाब, मनईटांड़ छठ तालाब, बरमसिया तालाब, रानी बांध, झरिया राजा तालाब, लाल बंगला दामोदर नदी, मोहलबनी घाट, कतरी नदी सूर्य मंदिर आदि स्थानों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। भगवान भास्कर को नमन कर परिवार की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद व्रतियों ने ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी व्रतियों से ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण किया। छठ घाटों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मुस्तैद दिखी। व्रतियों की सुविधा के लिए प्रमुख छठ घाटों पर बैरिकेडिंग के साथ ही विभिन्न समितियों द्वारा साफ सफाई और साज सज्जा की भी व्यवस्था की गई, थी ताकि व्रतियों को घाट पर किसी तरह कोई दिक्कत न हो।

## हर साल की तरह श्रद्धा व उल्लास के साथ माहौल हुआ भक्तिमय

# कतरास राजबाड़ी में धूमधाम से हो रही है चैती दुर्गा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** कतरास बाजार राजबाड़ी में चैती दुर्गा पूजा पूरे श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई जा रडी है। मंदिर परिसर में महाषष्ठी पूजा के साथ चैती दुर्गा पूजा शुरू हो गई है। पूजा पूरे विधि विधान के साथ रघुनाथपुर पुरुलिया से आये पंडित गौतम चक्रवर्ती, काजल मुखर्जी, वचन चक्रवर्ती द्वारा की जा रही है। सोमवार को प्रातः 8 बजे कतरास राजा तालाब से नव पत्रिका प्रवेश किया गया।

इसी के साथ महासप्तमी की पूजा प्रारंभ हो गई। मंगलवार प्रातः 8 बजे महाअष्टमी पूजन एवं शाम 5 बजे संधि पूजा तथा बुधवार को प्रातः 9 बजे नवमी पूजा होगी, जबकि 12 बजे हवन के बाद महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस पावन मौके पर मां दुर्गा की महाआरती संध्या 7 बजे प्रतिदिन की जाएगी। गुरुवार को दशमी पूजा, नव पत्रिका विसर्जन सह महिलाओं के लिए विशेष सिंदूर खेला के बाद रात्रि में प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

मां दुर्गा की प्रतिमा चंदनकियारी के मशहूर मूर्तिकार और उत्तम मालाकार बनाते हैं। बंगाल बांकुड़ा का मशहूर ढाक बुलाया गया है,जो पूरे पूजा में आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। कतरास राजबाड़ी के पुजारी श्रीकांत चटर्जी ने बताया कि यहां वर्ष 1984 में मनोरंजन चक्रवर्ती, शिवपद हलधर, बासु चक्रवर्ती, निरंजन चक्रवर्ती आदि ने चैती दुर्गा पूजा शुरू की थी, जो निरंतर जारी है। कतरास राज परिवार का भी सहयोग मिलता रहता है।

चैती दुर्गा पूजा का कमेटी में अध्यक्ष अमरनाथ स्वर्णकार, सचिव समीर चक्रवर्ती, सह सचिव रिंटू बनर्जी, कोषाध्यक्ष गणेश मोदक, पूजा प्रभारी मधुसूदन दा, कार्यकारिणी समिति में राजू दे, सच्चिदानंद उपाध्याय, जय चटर्जी, अमित चटर्जी, सिकंदर चक्रवर्ती, गोलू हलधर,मोनू गोप, तपन घोषाल, विष्णु अग्रवाल, लक्खी कांत दा, झोला बनर्जी, विनय बनर्जी, रिंकू बाउरी, हारू चक्रवर्ती आदि शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन के कर्मियों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के निमित्त टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में सोमवार को वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) की बैठक हुई। बैठक में सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। सभी कर्मचारियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरुकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। नोडल पदाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए शपथ भी दिलाई।

### कुसुम विहार में हनुमानजी का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न



**धनबाद।** कुसुम विहार अंबिका अपार्टमेंट स्थित नवनिर्मित मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सोमवार को संपन्न हो गया। इस चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन हवन के बाद पूर्णाहुति हुई। यजमान सहित श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का ध्यान कर आशीर्वाद लिया। नुमानजी को 56 भोग भी चढ़ाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह भी शामिल हुई। उन्होंने माथा टेक कर मारुति नंदन का ध्यान कर परिवार समेत समस्त कोयलांचल वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जितेंद्र पांडेय ,प्रिया पांडेय, विश्व प्रताप सिंह, रागिनी सिंह, दुष्यंत सिंह, ज्योति सिंह, अशोक कुमार ओझा, अंजू आनंद, मानिक चंद्र तिवारी, राकेश कुमार चौबे, उदयकांत ठाकुर, मंजू ठाकुर, धनंजय रवानी, आनंद ओझा समेत भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद थे।

### ब्राह्मण समाज ने की कांग्रेस से ददई दुबे को टिकट देने की मांग



धनबादः अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने सोमवार को मुरलीनगर में बैठक की। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से धनबाद लोकसभा सीट की उम्मीदवारी चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को सौंपने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि श्री दुबे ऐसे व्यक्तित्व के धनी रहे हैं, जिन्होंने न केवल अपने समाज बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र की जन समस्याओं को सदन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्हें धनबाद सीट से पुनः मौका मिलना चाहिए। बताया गया कि धनबाद में 4,50,000 (चार लाख पचास हजार) ब्राह्मणों का वोट है, जो पूरी तरह उनके पक्ष में जाएगा। मौके पर दीनानाथ दुबे, विनय उपाध्याय, विकास ओझा, कैलाश दुबे, एस पाठक, मनोज मिश्रा ,सहदेव तिवारी, तपन ओझा, उत्तम चक्रवर्ती दिवाकर पाठक बीके झा राजदेव पांडेय, महादेव चक्रवर्ती तथा मधुसूदन चक्रवर्ती समेत अन्य मौजूद थे।

### हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर निकली कलश यात्र



**कुमारधुबी।** चांच पंचायत के बुटबाड़ी में सोमवार की सुबह हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सुबह में 401 महिलाओं एवं बच्चियों ने कलश यात्रा निकाली। चांच खुदिया नदी से जल संग्रह कर हनुमान जी का अभिषेक कराया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम, जय बजरंगबली के नारे से गूंजयमन हो उठा। गौतम सेनगुप्ता, गौतम पासवान, गिरधारी सिंह, देवन राय, बलराम राय, प्रदीप राय, शंकर साव, मुखिया रंजीत पासवान, विजय सिंह, गुड्डू सिंह, ररुस्तम पासवान, रंजीत रवानी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रांची में उलगुलान रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने कसी कमर



- कार्यकर्ताओं से गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के लिए जुट जाने का आह्वान

**गिरिडीह।** शहर के बक्सीडीह रोड स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर मौजूद थे। बैठक में 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि कोडरमा व गिरिडीह लोकसभा के साथ गांडेय विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ खड़े रहेंगे। जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि उलगुलान रैली में जिले के सभी प्रखंड से भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होने के रांचीजायेंगे। बताया कि रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी मौजूद रहेंगी। बैठक मे नरेश वर्मा, उपेंद्र सिंह, डॉ0 मंजू कुमारी, दुर्गा शर्मा, बिमल सिंह, अशोक बिश्कर्मा, मनोज राय, नागेश्वर मंडल, गंगाराम टुडू, निजाम, निरंजन राय, अभिनंदन सिंह, झामुमो के सुमन सिन्हा, माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

# चोरों ने निरसा क्षेत्र की पांच दुकानों में लाखों की संपत्ति पर किया हाथ साफ

## किसी का ताला तोड़ा, कहीं की सेंधमारी, पुलिस कर रही है छानबीन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के खुदिया फाटक एनएच 2 के समीप मोबाइल मरम्मत, राशन, स्टेशनरी एवं कपड़ा सिलाई दुकानों का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चुरा ली। सूचना पाकर निरसा पुलिस पहुंची तथा मामले की छानबीन की। भुक्तभोगी सहाय चौहान ने निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार सहाय चौहान ने बताया कि रविवार की रात लगभग 9 बजे वह एवं स्टेशनरी दुकानदार दीपक चौहान, कपड़ा सिलाई करने वाले अशोक चौहान, शंकर चौहान एवं राशन दुकानदार विकास साव दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने बताया कि कई लोगों की दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान पर आकर देखा तो पता चला कि दुकान के अंदर पैसा निकालने एवं जमा करने वाली बायोमीट्रिक मशीन, 5000 नगद, हेडफोन, ब्लूटूथ, रिपेयरिंग के लिए रखा मोबाइल आदि गायब है। चोरों ने दुकान से लगभग 90,000 रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। दुकान के एस्बेस्टस शीट को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया था तथा उसी रास्ते से बाहर निकल गए। विकास साव की दुकान की दीवार में सेंधमारी की व दुकान में घुसकर गुटखा कुरकुरे आदि सामान लेकर चले गए। सिलाई दुकानदार की दुकान का ताला तोड़ा, परंतु अंदर से कोई सामान नहीं ले गए। आसपास जांच करने पर बंद खुदिया ओसीपी के किनारे झाड़ियों में शराब पीने में इस्तेमाल किया गया प्लास्टिक का ग्लास चिकन एवं दुकान से चोरी गए ब्लूटूथ के खाली डब्बे पड़े मिले। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# गोल के संजय आनंद ने मेडिकल प्रतिभागियों को दिये सफलता के टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** देश की बहुप्रतिष्ठित व कठिनतम प्रतियोगिताओं में से एक नीट (मेडिकल) की परीक्षा 5 मई को होने जा रही है। परीक्षा में 19 दिन शेष है तो छात्रों को जानना जरूरी है कि क्या पढ़ें, मगर इससे ज्यादा जरूरी है कि क्या ना पढ़ें। और यह सच भी है कि पूरे वर्ष पढ़ाई के बावजूद अंतिम समय में ताकत लगाना है। हर दिन के टारगेटेड स्टडी की कन्सीस्टेंसी को भी आत्मविश्वास के साथ बनाए रखना है। सच यह भी है कि अंतिम तैयारी पावर ऑफ नॉलेज की नहीं अपितु पावर ऑफ इंप्लीमेंट की होती है। ऐसे में मेडिकल प्रतिभागी बचे हुए समय को कैसे सही तरीके से इस्तेमाल कर नीट में सफलता हासिल करें। यह बातें गोल संस्थान धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने छात्र छात्राओं को बताई। उन्होंने कहा कि मेमोरी बेस्ड पार्ट

**असफलता का डर, तनाव-दबाव एवं निगेटिविटी को हावी न होने दें**



जैसे इनऑर्गेनिक, ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी में अब तक पढ़े हुए टॉपिक के एनसीईआरटी के महत्वपूर्ण अंडरलाइन्स का रिवीजन करें। 15 दिनों में कम से कम दो बार रिवीजन करने के तरीके को अपनायें और बचे हुए चार दिन आप वह पढ़ें जो आत्मविश्वास व संतुष्टि दे। नये टॉपिक अब नहीं पढ़ें। पढ़े हुए टॉपिक को ही बार-बार दोहराएं। छात्र अपना समय और क्षमता वहीं लगाएं, जहां से बेस्ट आउटपुट मिले। कहा कि ज्यादा समय स्कोरिंग तथा नीट पैटर्न पर आधारित ऑलइंडिया टेस्ट, स्पोट टेस्ट, डीपीपी के साथ ही वैसे सारे प्रश्नों को दुबारा सॉल्व करें, जहां पहले गलतियां हुई हैं। गलतियों के सुधार में जो महत्वपूर्ण बिंदु या कॉन्सेप्ट आये, उसे रिकॉल डायरी में नोट कर बीच-बीच में रिवीजन करते रहें।

असफलता का डर, किसी भी स्थिति में तनाव-दबाव एवं निगेटिविटी को हावी ना होने दें। नींद पूरी लें और बीच-बीच में गहरी सास भी लें। फोन से दूरी बनाने की आदत डालें ताकि परीक्षा या टेस्ट के लिए पूरा फोकस कर पाएं। खूब खुश रहें और स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

## बाल विवाह रोकने के लिए मंदिर के पुजारियों को किया जा रहाआगाह

# झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने चलाया जागरुकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत ब्रह्म बाबा मंदिर महुदा,शिव शक्ति धाम महुदा मोड़, लिलोरी मन्दिर कतरास, शिव मंदिर कमलिया नागदा एवं धनबाद के दर्जनों मंदिरों में ँ हर वर्ष सैकड़ो जोड़ों की शादी होती है। अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना जाता है। उस दिन देश भर के मंदिरों में बाल विवाह की संभावना बढ़ जाती है। अतः बाल विवाह मुक्त अभियान की सहयोगी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा मंदिर के पुजारियों, प्रबंधकों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि अनजाने में भी बाल विवाह न होने पाए। इसके लिए शादी योग्य जोड़ियों की पहचान हेतु उन्हें दस्तावेजों की जानकारी दी जा रही है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सहभागी, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानीने कहा कि अक्षय तृतीया अत्यंत शुभ दिन है। यह दिन विवाह सहित जीवन में नई शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर हर साल कई शादियां होती हैं। इस दिन विवाह मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है। अधिकतर विवाह हॉल, विक्रेता और अन्य पेशेवर पहले से ही बुक होते हैं और बहुत सारा व्यवसाय चल रहा है। कई लोग सामुदायिक विवाह (सामुहिक विवाह) भी आयोजित करते हैं। बाल विवाह मुक्त भारत (सीएमएफआई) 160 से अधिक गैर सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है, जो भारत में बाल विवाह को खत्म करने के लिए 300 से अधिक जिलों में एक साथ काम कर रहे हैं। श्री रवानी ने आगे कहा कि अभियान से जुड़े स्वयंसेवक मंदिरों तथा मस्जिदों में पंडितों, पुरोहितों और मौलानाओं को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगर उम्र का वेरिफिकेशन किये बिना बाल विवाह कराते हैं तो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत आपको दो वर्ष की सजा एवं एक लाख जुर्माना या दोनों हो सकती है। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, भागीरथ सिंह, दीपा रवानी, बेला कुमारी, चंदा कुमारी, सागर रवानी, नितेश कुमार वर्मा, बेबी प्रियंका, सुमित्रा देवी, मुमताज अंसारी, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो एवं कई पुजारी उपस्थित थे।

### गिरिजा शंकर विचार मंच का गठन, टुंडी के धरती पुत्र को प्रत्याशी बनाने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** तोपचांची के ब्रह्मणडीहा स्तिथ राज मुनमुन होटल में सोमवार को गिरिजा शंकर विचार मंच की स्थापना के लिए बैठक हुई। बैठक की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और बंदे मातरम गीत से की गई। बैठक में मंच के संस्थापक गिरजा शंकर उपाध्याय मौजूद थे। बैठक में तोपचांची प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से बहुत से लोगों ने मंच के विचारों को आगे बढ़ाने की बात कही। गिरिजा शंकर उपाध्याय ने कहा कि इस मंच का विचार टुंडी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव गली तक ले जाना है। इस विधानसभा को धरती पुत्र चाहिए तभी यहां का पूर्ण विकास संभव है। उन्होंने लोगों से 25 मई को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि कई पंचायतों में अधूरे पड़ी हर घर नल जल योजना को हर हाल में पूरा करना होगा। झारखंड बने 24 साल हो गए, मगर टुंडी विधान सभा क्षेत्र की तस्वीर नही बदली। स्कूल ,अस्पताल का घोर अभाव है। बेरोजगारों की फौज खड़ी होती जा रह है। हमलोग सिर्फ वोट देते आए हैं, अब हमें जागना होगा और प्रण लेना होगा कि टुंडी विधान सभा का प्रतिनिधि स्थानीय होगा, उसे विधानसभा में जिताने का काम करेंगे। मंच के पदाधिकारियों को नियुक्त कर नई जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसमें तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष सूरज पाठक, उपाध्यक्ष विनोद दास, सचिव टेक लाल दास, महासहिव मनीष दुबे एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष मीरा देवी, उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सचिव आशा देवी, महासचिव सोनाली देवी को बनाया गया, जिन्हें नई कमिटी के विस्तार का जिम्मा दिया गया। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो, स्थानीय मुखिया विवेक पासवान, सचिदानंद तिवारी, धुरियोटी चौबे, हेमंत दुबे, पिंटू, दास, अजय मुखर्जी, चंदन उपाध्याय, राकेश मुखर्जी, मनोज दुबे, महावीर राय, मनोज पासवान आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी व वीवीटी को कराया दायित्व बोध

खबर मन्त्र संवाददाता



- लोकसभा चुनाव में नकदी का अवैध लेन-देन, शराब वितरण आदि पर रखें नजर

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी व वीवीटी की बैठक हुई। बैठक में टीमों को उनके कार्य एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही सी-वीजिल एप्प के माध्यम से आन लाइन रिपोर्टिंग का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव के लिए हम कृत संकल्प हैं। चुनाव कार्यों के सफल संचालन में टीम की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने उक्त टीमों के कार्य व दायित्वों की चर्चा करते हुए कहा कि कार्य शैली में तब्दीली लाकर सघन वाहन जांच चलाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि उड़न दस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीम नकदी का अवैध अदान-प्रदान, शराब वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तु या मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए लाई जा रही वस्तुओं का पता लगााकर आवश्यक कार्रवाई करें। कहा कि जांच की समस्त प्रकिया की वीडियोग्राफी करें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मॉडल कोड आफ कंडक्ट के तहत सार्वजनिक स्थलों एवं व्यक्तिगत दीवारों पर राजनैतिक दलों से संबंधित पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, लगे झंड़े का अनुमति पत्र का अवलोकन कर सत्यापन आवश्यक रुप से करें। किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### राजगंज बजरंगबली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति ने निकाली कलशयात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** राजगंज बजरंगबली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति की ओर से सोमवार को सप्तमी तिथि को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। देवी मां का विधिवत रूप से आगमन और प्रतिस्थापन आचार्यों द्वारा कराया गया। कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर परिसर से निकली व लाल बाजार होती हई राजगंज बाजार पहुंची। फिर गल्ली कुल्ही स्थित बड़का बांध में पूजा अर्चना के बाद राजगंज हटिया स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां आचार्य ने विधिवत्त पूजा अर्चना कराई। तत्पश्चात पूरे बाजार का भ्रमण करती हुई कलश यात्रा धावाचिता नदी घाट पहुंची। वहां आचार्यों ने नव पत्रिका का विधिवत पूजन किया और कलश में जल भरन कराया। उसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। कलश यात्रा में 501 बच्चियां, युवतियां,महिलाएं धार्मिक जयकारे लगाती चल रही थी, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। पूजा पंडाल मे पूजा स्थल पर नवपत्रिका स्थापित कर देवी मां का श्रृंगार किया गया। नवरात्रि के सातवे दिन मां कालरात्रि की पूजा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में भारी संख्या में राजगंज के श्रद्धालु शामिल हुए और पूजा समिति के सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे। मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण और शरबत वितरण किया गया।

### क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

- प्रतियोगिता में विजेता बच्चे-बच्चियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित



**गोविंदपुर।** सामाजिक संस्था विकास फोरम की ओर से सोमवार को क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल बरियो में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। समारोह की शुरुआत अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि खनिज क्षेत्र विकास निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक आईडी पासवान ने कहा कि अंबेडकर ने सदियों से दबी-कुचली महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया। मुख्य वक्ता बीबीएमकेयू के प्राध्यापक डॉ मुकुंद रविदास ने कहा कि अंबेडकर ने हासिये पर पड़े दलितों-पिछड़ों को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। प्राचार्या विजेता दास, शंकर रविदास आदि ने भी विचार रखे। सचिव एसएन लाल त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी तथा मंच संचालन कृष्ण प्रसाद गिरि ने किया। इस मौके पर चित्रकारी प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में मुनाजा मेहराज को प्रथम, अमन मरांडी को द्वितीय एवं सोमनाथ दास को तृतीय तथा सीनियर ग्रुप में सुषमा कुमारी को प्रथम, दीप पाल को द्वितीय तथा सुजल मोदक को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिप्रा राव, श्वेता रंजन, साक्षी दत्ता, एवं दीपशिखा ने स्वागत नृत्य तथा साक्षी दत्ता एवं नितिका कुमारी ने फॉल्क डांस से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में रमन प्रसाद, आरके सिंह, कन्हैया सिंह, बृजनंदन पंडित, अमित कुमार दे, विमल शर्मा, परमेश्वर पासवान, सरदार निर्मल सिंह, सोमन चटर्जी, शिव प्रसाद, अर्जुन चौहान, शिफा आसिफ आदि फोरम सदस्यों, शिक्षकों आदि ने भाग लिया।

### टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन में चला अभियान

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव के संबंध में टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में सुरक्षा ड्रिल के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) और ओरिएंटेशन की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में डिवीजन कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मचारी व पर्यवेक्षकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। कार्यशाला में सभी कर्मचारियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।कार्यक्रम में टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मचारी समेत अन्य उपस्थित थें।

## झरिया में निकली किन्नरों की अनूठी रैली

- आमजनों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील
- डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने किया रैली का नेतृत्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हम किसी से कम नहीं की लोकोक्ति को चरितार्थ करने का दृश्य आज झरिया में दिखा जब वोटरों को जागरूक करने के लिए किन्नरों ने रैली निकाली। अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिये किन्नरों ने लोगों का ध्यान खींचा और अपने अनूठे अंदाज में मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया। झरिया विधान सभा क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए जागरूकता रैली ने वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, झरिया अंचलाधिकारी सुमन प्रसाद, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

# धनबाद से उम्मीदवारी की दौड़ में अनुपमा आगे

## सबकी निगाहे कांग्रेस कोर कमेटी पर टिकी, कभी भी हो सकती है प्रत्याशी की घोषणा

मिथिलेश कुमार

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट पर मतदान के अब मात्र 40 दिन अब शेष रह गये है। लेकिन चुनाव मैदान में कांग्रेस का प्रत्यासी कौन होगा, इस बात पर संस्पेंस बरकरार है। धनबाद में भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे की पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी रही है, इस बार भी दोनों के बीच सीधा मुकाबला है। 21 दिन पूर्व भाजपा अपने उम्मीदवार ढुल्लू महतो को मैदान में उतार चुकी है। वह अकेले ही ताबड़तोड़ प्रचार प्रसार भी कर रहे है। लेकिन कांग्रेस में आज और कल की स्थिति बनी हुई है। जानकारों का दावा है कि उम्मीदवारी की रेस में बेरमो विधायक अनुप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह आगे चल रही हैं। पार्टी से जुड़े कुछ नेता इस उम्मीदवारी को पक्का मान कर चल रहे हैं। जानकारों का कहना है कि सिर्फ आलाकमान के लेटर का इंतजार है। कई ऐसे भी हैं, जो प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जलेश्वर महतो और ददई दुबे



का भी उम्मीदवार के रूप में नाम ले रहे हैं। ज्ञात हो कि झारखंड में महागठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस सात सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पार्टी अब तक खुंटी, लोहरदगा और हजारीबाग सीट पर अपना उम्मीदवार उतार चुकी है। इधर रांची, धनबाद, चतरा ओर गोड्डा सीट, पार्टी के लिए हॉट केक बना हुआ है। ये चारों सीटे कांग्रेस की पारंपरिक सीट रही हैं, जिन पर वह चुनाव लड़ती आई है। लेकिन भाजपा खेमे में इस बार फेरबदल के बाद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अंतिम निर्णय लेने में लंबा वक्त लगा रहा है। इस संबंध में जब पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पूछा गया तो उन्होंने इतना ही कहा कि उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी हो जाएगी। कब होगी, यह नहीं बताया जा सकता है, सूची किसी भी वक्त जारी हो सकती है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद ने कहा कि पार्टी की कोर कमेटी क्या निर्णय लेगी, यहजानकारी किसी को नहीं है। लेटर सामने आने के बाद ही हमलोग कुछ कह सकते हैं। उम्मीद है आज या कल उम्मीदवारों का लिस्ट सामने आ जाएगी। अब समय भी कम रह गया है, एसे में उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही हो जाएगी।

### पेमिया ऋषिकेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रांगण में कैंपस सेलेक्शन



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रांगण में सोमवार को कैंपस और आउट कैंपस के माध्यम से पन इंडिया की तीन बड़ी कंपनियां कॉलेज में प्लेसमेंट के लिए आई। कॉलेज के इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल विभाग से 100 बच्चों ने भाग लिया, वही ऑफ कैंपस कॉलेज के बाहर से करीब 50 विद्यार्थी भी पहुंचे। रिको ऑटो इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड में इलेक्ट्रिकल विभाग से कुल 8 बच्चे और मैकेनिकल विभाग से कुल 10 बच्चों का चयन किया गया। ओसवाल ने इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल विभाग से 20-20 बच्चों का चयन किया और सांडे विकास लिमिटेड ने इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल में 20-20 बच्चों को चुना। इन सभी कंपनियों ने झारखंड में पहली बार प्लेसमेंट ड्राइव किया है। विधायक व संस्थान के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो ने बच्चों के मंगल भविष्य की कामना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार से जानकारी मिली कि तीनों कंपनियां बच्चों को प्लेसमेंट के बाद दिल्ली एनसीआर में जॉब देगी। प्राचार्य ने बताया कि पास आउट स्टूडेंट अगले सप्ताह से ज्वाइन कर सकते हैं। जो बच्चे अभी आखिरी सेमेस्टर में हैं वे फाइनल एग्जाम में पास होने के बाद ज्वाइन कर पाएंगे।

# बेरमो : महापर्व चैत्री छठ पूजा सुबह की अर्द्ध के साथ हुआ समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल के लोगों ने चैत्री छठ पूजा बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाया। लोगों का मानना है कि महाभारत काल से हुई थी छठ पर्व की शुरूआत इस पर्व को सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके शुरू किया था। कहा जाता है कि कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों तक पानी में खड़े होकर उन्हें अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। कहा जाता है छठ पूजा का त्यौहार अत्यंत ही पवित्र और पावन त्यौहार है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा का त्यौहार प्रत्येक वर्ष दो बार मनाया जाता हैएक चैत्र महीने में और एक कार्तिक महीने में पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा में संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीघार्यु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला उपवास किया जाता है, जिसे महिलाओं के साथ ही पुरुष भी रखते हैं। ये व्रत बेहद कठिन होता है, इसलिए इसे आस्था का महापर्व छठ पूजा के नाम से जाना जाता है।

## फुसरो : उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ पूजा संपन्न



बेरमो/फुसरो। बेरमो क्षेत्र में मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय चैती छठ पूजा संपन्न हुआ। फुसरो के हिंदुस्तान पुल, करगली गेट, सुभाषनगर, पिछरी, चलकरी, अंगवाली, ढोरी बस्ती, ढोरी खास सहित फुसरो नप क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में दामोदर नदी के विभिन्न छठ घाटों में अर्घ्य देने के लिए काफी संख्या व्रती व श्रद्धालु पहुंचे, सबसे अधिक भीड़ फुसरो स्थित हिंदुस्तान पुल के पास दामोदर नदी तट पर रही। कई सामाजिक संस्था, संगठन व समाजसेवियों ने स्टॉल लगा कर छठव्रतियों के बीच फल, दूध आदि का वितरण किया। यहां अर्घ्य देने बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह आदि कई लोग पहुंचे।

# जलाशयों में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व हुआ संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** खरना पूजा के बाद रविवार शाम अस्ताचल भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किए। घर से लेकर घाट तक श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। कई व्रतियों ने अपने घरों में ही अर्घ्य दिया।

कहीं घर के आंगन में गड्ढे खोदकर कहीं बड़े टब में तो कहीं घर की छत पर टंकी बना पूजा की गई। वहीं सिटी पार्क चास गरगा पुल सूर्य सरोवर जगन्नाथ मंदिर स्थित सरोवर टू टैंक गार्डन सहित विभिन्न जलाशयों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान आसपास का पूरा वातावरण शारदा सिन्हा कल्पना पटवारी सहित अन्य कलाकारों के छठ गीतों से गुंजरित होता रहा। व्रतियों और उनके परिजनों ने भी स्वयं गीत गाते हुए भगवान सूर्य को नमन किया।

आज उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह चारदिवसीय महाव्रत संपन्न हुआ। सूर्य षष्ठी व्रत आरोग्य की प्राप्ति सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। भगवान भास्कर की मानस बहन षष्ठी देवी हैं। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना गया है।

स्पीड न्यूज

## फुसरो मे झारखंड इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन



बेरमो/ फुसरो बाजार के रानी बाग स्थित झारखंड इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजसेवी विक्रम पांडे ने फीता काटकर किया। कहा कि टीवीएस गार्लिंग एयर के सभी गाड़ियों की पाट्र्स यहा उपलब्ध रहेगी। प्रोपराइटर पप्पू खान ने कहा कि अब लोगों को टीवीएस गार्लिंग पाट्र्स के लिए फुसरो से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उचित सामान उचित दाम में मिलेगा। इस अवसर पर ईनार इन्डस्ट्रील पिछरी के मैनेजर संजय सिंह, बेरमो चेम्बर के अध्यक्ष आर उनेश, पूर्व पार्षद मोहम्मद रियाज अंसारी, झामुमो नेता भोलू खान, दीपक महतो, अनिल रजवार,सहित सूरज मित्तल, सुशांत राईका, मोहम्मद जसीम रजा, टिंकू महतो, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## संकल्प सृजन वार्षिक कार्ययोजना की बैठक में लिए गये निर्णय



बोकारो। संकल्प सृजन झारखंड प्रदेश की वार्षिक कार्य योजना बैठक सेक्टर9 स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय में हुई। साथ ही कार्यालय परिसर में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। महासचिव साध्वी झा ने बताया कि शीघ्र ही कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं कौशल विकास के अन्य आयामों के तहत अनेक प्रकार के रोजगारपरक प्रशिक्षण दिलाने की योजना है। सर्वप्रथम विशिष्ट समाजसेवी नीना नारायण राजेंद्र कुमार अध्यक्ष ध्रुव शर्मा संरक्षिका निशा रानी शशि गुप्ता कल्पना वर्णवाल ने भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में नीना नारायण ने कहा कि संकल्प सृजन समाज के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। अनेक प्रकार के घरेलू उद्योग के माध्यम से बहनें सबल हो रही हैं। इसी प्रकार निशा रानी शशि गुप्ता कल्पना वर्णवाल ने अपनी शुभकामनाएं दीं। मौके पर राजेंद्र कुमार विनय झा मनोज झा ने लघु उद्योग को बढावा देने पर जोर डाला। सिलाई प्रशिक्षिका स्वरूप अनीता देवी का चयन किया गया। मौके पर इस अवसर पर देवंती तनुश्री लक्ष्मी ईंदू अनिता लिलावती गीता सिंह श्वेता सहित अन्य प्रशिक्षु की उपस्थिति रही।

## मारवाड़ी भाया द्वारा शुद्ध प्याऊ केंद्र खोला गया



बेरमो। श्री चैत्र नवरात्रि सप्तमी के पावन अवसर पर मारवाड़ी भाया के द्वारा शुद्ध शीतल ग्रीष्मकालीन प्याऊ का उद्घाटन मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ सांवरमल अग्रवाल के कर कमलों द्वारा सोमवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांवरमल अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि गंगादास चांडक को बल्लभ दास राठी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर भाया के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा की गत 8 वर्षो से जनहित में इस प्याऊ का संचालन किया जा रहा है। सचिव अमर चांडक ने बताया की स्वर्गीय सोहन लाल मित्तल के परिजनों के द्वारा उद्घाटन से पंद्रह दिनों तक का सहयोग किया गया है, मारवाड़ी भाया उनके प्रति साधुवाद प्रकट करता है। वही उद्घाटन करता सांवर मल अग्रवाल ने कहा की गर्मी में शीतल पेयजल पिलाना बहुत ही धर्म का काम है।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ सम्पन्न





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दुमका में चैती छठ पूजा सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। छठव्रती और श्रद्धालु अहले सुबह अपने परिजनों के साथ सूप-डाला लेकर बड़ा बांध तालाब के छठ घाट पहुंच गए थे। सोमवार की सुबह ज्यों ही सूर्य देव उदीयमान हुए वैसे ही छठ व्रतियों ने तालाब में खड़ा होकर पूरी आस्था के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। बड़ा बांध तालाब के एक ओर का घाट पर काफी संख्या में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। बड़ा बांध चैती छठ पूजा समिति द्वारा छठ व्रतियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए दूध के अलावे दतवन, अगरवत्ती, माचिस आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। सदस्यों के द्वारा सुबह से ही श्रद्धालुओं को दूध के आलवे अन्य वस्तुओं का वितरण किया। समिति के द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जिसे लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। चैती छठ को लेकर घाट परिसर में विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस जागरण कार्यक्रम में कई कलाकारों के द्वारा मनमोहन गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे देखते के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। यह कार्यक्रम देर रात तक चला। चैती छठ पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से संथापक उत्तम कुमार, राजेश राज, अमरेश कुमार, चिंटू पांडे, प्रभाकर कुमार केशरी, सरोज पांडे, सदन शर्मा, समर साहिल क्रीश, संजीव चौरसिया, अंश राज, केदारनाथ दास, मनोज कुमार घोष, बबलू सिंह, बिनोद केशरी, अमर केशरी, राज कुमार चौरसिया, मनोज मिश्रा, राजेश कुमार शर्मा, अमरनाथ केशरी, रंजीत कुमार सहित अन्य सदस्यो ने सहयोग किया।

## बड़ा बांध तालाब में विद्यार्थी परिषद ने किया दूध का विरतण



दुमका। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चैती छठ पूजा के अवसर पर विद्यार्थियों ने निशुल्क दूध, अगरबत्ती का शिविर लगाया गया। भगवान सूर्य भास्कर साक्षात प्रकट होते हैं जो भी भक्त इसका सही तरह से उपासना करते हैं उनकी मन्नत जरूर पूरी होती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे देश में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करते रहते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सह मंत्री शुभम राय, विभाग संगठन मंत्री हिमांशु, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, लखीराम, अभिषेक गुप्ता, मनोज सोरेन, जिला संयोजक जयंत कुमार, जिला प्रमुख कुमार सौरभ, जिला संगठन मंत्री धनंजय शाह, नगर सह मंत्री गणेश मुर्मू, जिला सोशल मीडिया संयोजक नील, नवल, कॉलेज मंत्री अभिषेक पाल, संतोष कुमार, स्मृति कुमारी नेहा कुमारी, किशोर, शुभम, खुशी कुमारी, रवीना टंडन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चूल्हे से निकली चिंगारी से तीन घर आग की चपेट में, सब कुछ हुआ स्वाहा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के चजोरा गांव में आग लग जाने से सोमवार को तीन घर जलकर राख हो गए। खाना बनाने के क्रम में चूल्हे से निकली चिंगारी से सांझला हेंब्रम के घर में आग लग गई। जब तक ग्रामीण जुट पाते और कुछ समझ पाते तब तक आग की लौ काफी तेज हो गई। हवा के कारण देखते ही देखते आग ने सांझला हेंब्रम के साथ-साथ मुन्ना हेंब्रम और दिनेश हेंब्रम के घर को भी चपेट में ले लिया।तीनों व्यक्तियों के घर में रखा कपड़ा, खाद्यान्न, बर्तन, नगदी सहित सभी सामान और घर जलकर राख हो गया। हल्ला होने पर आनन-फानन में ग्रामीण दौड़े और बगल के कुएं में पंपसेट लगाकर जद्दोजहद करते हुए किसी प्रकार आग पर काबू पाया। तीनों व्यक्तियों के घर जलने से लगभग 300000 नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।तीनों घरों के 12 सदस्य खुले आसमान के नीचे आ गए। सुचना मिलने पर ठाकुर गंगटी थाना की पुलिस, प्रभारी अंचल निरीक्षक महेश कुमार, पंचायत सचिव डेबिट किसकु, मुखिया पुत्र उमेश मड़ैया,फुलवरिया पंचायत की मुखिया सालोमी मुर्मू आदि आग लगी स्थल पर पहुंचे और अग्नि पीड़ित से उसका हाल-चाल लिया।

# मयार्दा पुरुषोत्तम राम के आदर्श चरित्र से हर इंसान को सीख लेने की जरूरत है : साध्वी किशोरी कृष्ण नंदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित कजरैल गांव में चल रहे भागवत कथा सप्ताह की पांचवीं रात्रि वृंदावन धाम से कृपा कर पधारी कथावाचिका साध्वी किशोरी कृष्ण नंदिनी जी ने कहा की भगवान रामचंद्र जी ने अवतार लेकर विभिन्न माध्यमों से जगत के लोगों का अथक सहयोग किया।वन भी गए वन में भी बहुतों का उद्धार किया।फिर जब सीता माता का पता लगाते हुए लंका गए तो लंका में भी रावण का उद्धार किया।

इस प्रकार भगवान रामचंद्र की जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है कि उन्होंने अपने लिए कुछ नहीं किया जो कुछ किया जगत के लोगों के लिए किया। इस प्रकार भगवान कृष्ण जी भी अवतार लिए और बाल लीला शुरू किया। पालने में सोते-सोते कब लापता हो जाते थे माता यशोदा को पता नहीं चल पाता था। अपने मुंह में यशोदा माता को पूरे ब्रह्मांड का दर्शन कराया था। जिससे कि यशोदा माता आश्चर्यचकित होते हुए या समझ गई थी यह कोई साधारण बालक नहीं है। लेकिन आखिर वह कर भी क्या सकती थी भगवान तारणहार का बालक का ही रूप था तो निश्चित रूप से माता के रूप में उन्हें हर प्रकार का सहयोग करना था।कंस ने माता देवकी और नंद बाबा को काफी परेशान किया था। पूरे शरीर में लोहे की बेड़ी लगाकर कराबर कारागार में बंद रखा था। अपने बुद्धि विवेक से लीला करते हुए भगवान श्री कृष्ण ने कंस का भी बद्ध करते हुए उसका उद्धार किया।फिर माता देवकी और नंद बाबा को मुक्त कराया।पांचजन्य को भी प्राप्त किया।फिर धीरे-धीरे श्री कृष्ण भगवान वृंदावन छोड़कर मथुरा की ओर चल पड़े। वहां बहुत दिनों से कन्हैया का बृजवासी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पहले उद्धव जी मथुरा पहुंचे यशोदा मैया नंद बाबा से दर्शन किया गोपी सहित सभी बृजवासी से मिलकर वृंदावन लौटे। जरासंध से युद्ध के दौरान कृष्ण भगवान ने गंगा नदी के बीच में द्वारका नगरी का निर्माण कराया और वहां के राजा द्वारकाधीश बन गए। इस प्रकार भागवत कथा का बहुत बड़ी महत्व है। इस वार्षिक बड़े आयोजन में ग्रामीण शह जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार, विनोद शाह, घनश्याम पोद्दार, अर्जुन यादव, निरंजन पासवान, अरविंद पोद्दार, जगन्नाथ पासवान, हरि पोद्दार, पारसनाथ चौधरी, गुलाबी पोद्दार, प्यारे रजक, दीपन पोद्दार, मिथुन, सुचित, रोशन, विवेक, राहुल, छोटू, आलोक, रविंद्र, अमित, लक्ष्मीकांत, शशिकांत भारती, टेंट संचालक प्रदीप जायसवाल, सन्नी, दशरथ कुमार सहित ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।

# चिन्मय एलुमिनी संघ द्वारा मेधावी बच्चों हेतु प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के एलुमिनी एसोसिएशन की ओर से संचालित चिन्मय स्माइल बैंक कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परंतु मेघावी छात्र छात्राओं की सहायता के लिए आयोजित प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता परीक्षा में बोकारो जिला के सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों के सातवीं से दसवीं तक के 600 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत ने कहा कि यह कार्यक्रम वंचित वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है। लिखित परीक्षा में अव्वल आये 80 छात्र छात्राओ का चयन किया जायगा। तत्पश्चात साक्षात्कार के बाद 40 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जायगा। सातवीं के सफल छात्र छात्राओं को 4000 रुपये की सहायता एवं 400 रुपये नगद दिया जाएगा।

आठवीं के लिए 5000 रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 500 रुपये कक्षा नवमी के लिए 6000 रुपये की सहायता एवं नगद 600 रुपये तथा दसवी के लिए 7000 रुपयेकी सहायता एवं 700 रुपये नगद प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने चिन्मय एलुमिनी एसोसिएशन की इस मानवीय पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों की मदद के लिए यह मील का पत्थर सिद्ध होगी। मौके पर उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत संजीव मिश्रा डॉ रोशन शर्मा ललिता उरांव पंकज मिश्रा संजीव सिंह प्रीति सृष्टि रणविजय ओझा रजनीश अमित आदि मौजूद रहे।

# विशेष लोक अदालत में करायें मामले का निष्पादन : डालसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, की ओर से आगामी 27 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत को लेकर सोमवार को न्यायाधीशों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्धरियावी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक कर बिजली एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों का सफल निष्पादन के लिए चर्चा करते हुए उचित दिशा निर्देश भी दिया। इस कड़ी में प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को आयोजित विशेष लोक अदालत में बिजली व चेक बाउंस से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। ऐसे में इससे संबंधित विवाद का निपटारा कराने के लिए लोक अदालत में अपना का पक्ष रखें और विवाद को समाप्त कराएं। उन्होंने आगे बताया कि विशेष लोक अदालत में वादों के निष्पादन को लेकर 6 से 20 अप्रैल तक चेक बाउंस तथा बिजली से संबंधित सभी वादों को चिन्हित कर नोटिस भेजा जाना है। उनका तमिला प्राप्त करना है। 21 से 26 अप्रैल तक पक्षकारों के साथ पूर्व लोक अदालत बैठक होगी। 27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में जिले भर के प्रखंडों में भी पीएलवी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर इसकी जानकारी दी जा रही है।

एक नजर में

## बोकारो में जगह जगह डॉ अंबेडकर जयंती समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो।** डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती विभिन्न संगठनों द्वारा बोकारो में जगह जगह मनाई गई। नगर के सेक्टर 4 स्थित अंबेडकर चौक पर विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इनमें उपायुक्त विजया जाधव डीडीसी संदीप कुमार अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार सहायक निदेशक मेनका अपर समाहर्त्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल रहे। मौके पर डीसी श्रीमती जाधव ने कहा कि बाबा साहेब के विचार और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। मौके पर डीटीओ वंदना शेजवलकर एलआरडीसी प्रभाष दत्ता डीईओ जगरनाथ लोहरा डीईएस अतुल कुमार चौबे राजेश शर्मा डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार जिला भूअर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा डीएसओ आदि मौजूद रहे।

## नि:शुल्क विद्यालय में बाबासाहेब के जयंती पर बच्चों में स्टेशनरी वितरित



बोकारो। समतामूलक समाज और सामाजिक सौहार्द की दिशा में डा भीमराव अंबेडकर के अवदानों को नहीं भुलाया जा सकता है। राष्ट्रहित में उनके योगदान को भारतवासी हमेशा याद रखेगा और हमें ऐसे महान राष्ट्रपुरोधाओं के प्रति कृतज्ञ होना ही चाहिए। उक्त बातें बोकारो के वरिष्ठ समाजसेवी एवं गुड मार्निंग क्लब के अध्यक्ष कुमार अमरदीप ने कही। नगर के सेक्टर12ए में निर्धन बच्चों के शिक्षार्थ संचालित बिरसा मुंडा नि:शुल्क विद्यालय में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत निर्धन बच्चों के बीच पाठ्य व लेखन सामग्री का वितरण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सभी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। समारोह का संचालन हरिशंकर प्रसाद सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक रस्तोगी तेजपाल सिंह डीके किरपाल निवारण चंद्र महतो रवि कुमार दास सीआर दास शंकर रजक ममता सिंह गुड्डी देवी बबीता कुमारी अजय कुमार चंदेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद् ने प्ले स्कूल खोलने हेतु किया स्थल निरीक्षण



बोकारो। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् बोकारो के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने चास के कुंवर सिंह कालोनी स्थित परिषद् की जमीन का निरीक्षण किया। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने बताया कि परिषद् की इस जमीन पर बच्चों के लिए प्ले स्कूल खोलने की योजना है। इसके लिए शीघ्र भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होगी। इसी उद्देश्य से आज कार्यकारिणी द्वारा इस स्थल का निरीक्षण किया गया। कार्यकारिणी गठन को लेकर हुए चुनाव में उन्होंने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि परिषद द्वारा इस जमीन पर भवन निर्माण कर प्ले स्कूल खोला जायेगा। मौके पर परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा सुनील कुमार चौधरी वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक संगठन सचिव बहुरन झा योजना सचिव शिवेश पाठक उप सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक प्रदीप झा परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार झा विजय कुमार ठाकुर सुधांशु शेखर झा गोपाल जी झा आनंद कुमार राजहंस आरएन मिश्र गणेश झा अरविन्द कुमार मिश्र शंकर कुमार सिंह गोपाल कृष्ण झा जीवन मंडल उपस्थित थे।

## बोकारो थर्मल में भी बाबा साहेब की जयंती धूम धाम से मनाई गई



बेरमो। बोकारो थर्मल अम्बेडकर पार्क में डीभीसी ईडीसीएल द्वारा आयोजित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई,कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित व बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई,वही कार्यक्रम में डीभीसी हाई स्कूल,मिडिल स्कूल व डीभीसी केंद्रीय विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई, छात्रों द्वारा बाबा जी की जीवनी पर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए, बच्चो को उत्साह वर्धक चित्रांकन, क्यूज व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने विषम परिस्थितियों में संघर्ष करके इस मुकाम को हासिल किए इनकी संघर्ष गाथा को भुलाया नहीं जा सकता।

## कथारा चार नंबर अंबेडकर पार्क में अंबेडकर बुद्ध सोसाइटी ने मनाया बाबा साहब की जयंती



बेरमो /रविवार को कथारा चार नंबर अंबेडकर पार्क में अंबेडकर बुद्ध सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में विश्व रतन परम पूज्य बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह मनाया गया, चुकी बाबा साहब की मूर्ति खंडित है इसलिए बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटन राम ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ त्रिशरण एवं पंचशील के साथ किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू रविदास ने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि लड़कियों को शिक्षित होकर आगे बढ़ना चाहिए और लड़कियां शिक्षित होकर दो परिवारों को शिक्षित करती है इस अवसर पर गोमिया से आए बुद्धपाल बौद्ध ने भी सभा को संबोधित किया और लोगों को शिक्षित होने पर बल दिया। सभा को संबोधित करते हुए चिन्ना लाल तुरी ने बाबा साहब को ऐतिहासिक पुरुष बताया और बाबा साहब के विचारों पर गाना गाकर सभी का मन मोहा लिया। इस अवसर पर कथारा पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने भी सभा को संबोधित करते हुए समाज को बाबा साहब के तीन मंत्र शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो पर बोली। इस जयंती समारोह में सदन राम, पंकज कुमार, प्यारेलाल बौद्ध , हरिशंकर, मोहन कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार, छोटू , भीम कुमार, रामनरेश, छेदी राम, सागर कुमार, बादल कुमार, मंजू बौद्ध, प्रिया शांति बौद्ध, आदि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन रविंद्र बौद्ध ने किया।

## तेनुघाट पंचायत भवन के समीप अनुमंडल स्तरीय सरहुल का पर्व धुमधाम के साथ संपन्न



बेरमो / तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट पंचायत भवन के पास अनुमंडल स्तरीय सरहुल पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सरहुल पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गोमिया के पूर्व विधायक सह ओबीसी पिछड़ा के अध्यक्ष योगेंद्र महतो ने कहा कि सरहुल पूजा प्राकृतिक की पूजा है, जो नव वर्ष में प्रवेश के बाद ईश्वर से प्रार्थना कर सभी परिवारों के सदस्यों और घर में खुशहाली हो और सब परिवार खुशहाल रहे इसकी कामना की जाती है । आगे उन्होंने कहा की आदिवासी समाज के द्वारा सांस्कृतिक और प्राकृतिक का सुरक्षा मूल रूप से किया जाता रहा है । कहीं कोई संदेह नहीं है प्रकृति और संस्कृति रक्षा आदिवासी समाज के द्वारा संरक्षित की गई है । उन्होंने आगे बताया संस्कृति और सभ्यता यदि संरक्षित है तो कहीं ना कहीं आदिवासी समाज के भाई बंधु का बहुत बड़ी भूमिका रही है ।लोगों को सरहुल पर्व के अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामना दिया । इस मौके पर जिला परिषद पूर्व उपाध्यक्ष राधानाथ सोरेन, पेटरवार प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुकेश महतो, प्रकाश महतो, अरविंद मुर्मू, चापी पूर्व मुखिया श्रीराम हेमबम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुख लाल मुर्मू, सीताराम मुर्मू, बाबू चंद सोरेन, कालेश्वर सोरेन, दिलीप सोरेन, मिथुन सोरेन, लालजी टुड्डू, पंकज नायक, शालिग्राम प्रसाद, राजन नायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे । वहीं इससे पूर्व आदिवासी संथालों का पूजा स्थल में पूजा अर्चना पारंपरिक रूप से संथालों के पुजारी नायके द्वारा बहा (फूल) चढ़ाकर और नायके ने सभी को माथे में फूल लगाकर सबों को आशीर्वाद देकर सबको बहा पर्व का शुभकामनाएं दिया । इसके बाद सांस्कृतिक नृत्य ढोल नगाड़ा के माध्यम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । आदिवासियों का यह सबसे बड़ा प्रकृति पर्व बसंत ऋतु में तीन से चार दिनों तक मनाए जाने वाला प्रमुख पर्व है । यह मुख्यत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होता है और पूर्णिमा को समाप्त होती है । वसंत ऋतु में अपनी पुरानी पतियों को गिराकर टहनियों पर नई नई पतियां लाने लगती है जिसे फूलों का त्योहार भी कहा जाता है । आदिवासियों में इसे विभिन्न नामों से जाए जाते हैं जैसे बहा, सरहुल ऐसे मान्यता है सालों की वृक्षों में जनजातियों के देवता बोंगा निवास करते हैं । सरहुल अर्थात सर – साल हूल – क्रांति का भी प्रतीक माना जाता है।

# इजरायल पर हमला

पहले रूस-यूक्रेन युद्ध की मार झेल रही दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। शनिवार की रात ईरान ने तीन सौ से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों व सैकड़ों ड्रोन के जरिये इस्त्राइल पर भीषण हमला किया था। हालांकि इस्त्राइल ने अपने सशक्त एअर डिफेंस सिस्टम से नब्बे फीसदी से अधिक हमलों को विफल कर दिया। जिसका जवाब देने के लिये इस्त्राइली तैयारियां चरम पर हैं। इस्त्राइल की आईडीएफ ईरान को घुटनों पर लाने की तैयारी में जुटी है। आशंका जतायी जा रही है कि इस्त्राइल ईरान के महत्वाकांक्षी परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाये रखने को लेकर चेता रहे हैं। हाल ही में जिस तरह ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हार्मूज जलडमरूमध्य में एक इस्त्राइली समुद्री जहाज को कब्जे में लिया है, उससे आशंका है कि इस संघर्ष से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का बड़ा भाग प्रभावित हो सकता है। आशंका यह भी जतायी जा रही है कि यदि इस्त्राइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है। अब संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक बड़ी ताकतें चिंता जता रही हैं कि दुनिया अब एक नये युद्ध को सहन करने की स्थिति में नहीं है। खाड़ी में उसके सहयोगी देश ईरान-इस्त्राइल संकट को बढ़ने से रोकने के लिये दबाव बना रहे हैं। दरअसल, ईरानी हमले के दौरान लेबनान से हिजबुल्लाह ने भी राकेटों से हमले किये थे। इस बीच अमेरिका ने कहा है कि वह इसरायल को ईरान के साथ किसी भी युद्ध में सहयोग नहीं करेगा। निश्चित ही दुनिया एक बड़ी चिंताजनक स्थिति में है और इस स्थिति में थोड़ी सी भूल एक विश्व युद्ध को जन्म दे सकती है।

# बदलते जलवायु का प्रभाव

आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य श्रृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये-नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

# भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारतीय राजनीति में अपनी एक ऐसी पहचान स्थापित की है जिसका कोई अन्य उदाहरण दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने भाजपा को निरंतर दस वर्ष केंद्र की सत्ता में बनाए रखा। भाजपा की प्रायः सभी पुरानी घोषणाओं विशेषकर अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिक संशोधन अधिनियम, तीन तलाक, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने आदि को पूर्ण करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं है। इसीलिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र को ह्लभाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी ह्ल नाम से जारी किया है। इस संकल्प पत्र की एक विशेष बात यह भी है कि इसमें भाजपा ने जनता से कोई लुभावना वादा नहीं किया है। भाजपा का संपूर्ण ध्यान जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विकास पर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है। वास्तव में यह संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं निर्धन वर्ग पर केंद्रित है।

इस संकल्प पत्र में जनता को मोदी की गारंटी दी गई है। गरीब परिवारों की सेवा-मोदी की गारंटी, मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि, श्रमिकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत- मोदी की गारंटी सम्मिलित है।

इसमें दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की वे पुरानी घोषणाओं को पूर्ण किया, जिन्हें पूर्व की सरकारों ने विवादास्पद बना रखा था। वे सरकारें इन विषयों को स्पर्श भी नहीं कर पा रही थीं। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से उनका ह्लवोट बैंकह्ल उनसे छिन जाएगा। शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित वृद्ध महिला का साथ देने की बजाय उसके पति के साथ खड़ी हो गई। यद्यपि उसने अपनी वृद्ध पत्नी पर अत्याचार करते हुए उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। कट्टरपंथियों के दबाव में कांग्रेस झुक गई। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में विधेयक पास करवाकर शाहबानो जैसी महिलाओं के लिए समस्याएं खड़ी कर थीं। किन्तु यह मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया। उन्होंने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिए। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत प्रधानमंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है।



- डॉ सौरभ

> सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत– मोदी की गारंटी सम्मिलित है।

अभी देश में ह्लसमान नागरिक संहिताह्ल लागू करने का प्रकरण लंबित है। इस संकल्प पत्र के सुशासन की मोदी की गारंटी के द्वितीय बिंदु में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परंपराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि यदि भाजपा को तृतीय बार केंद्र में सत्ता में आने का अवसर मिल जाता है तो वह अपने इन वादों को भी पूर्ण करेगी।

कोई भी सरकार अपनी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करती है, परंतु भाजपा ने दस वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में दस वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर ही जनता से समर्थन मांग रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस साल में हम फ्रेजाइल-5 अर्थव्यवस्था से टॉप-5 अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। देश के अर्थतंत्र में हुए इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ उन देशवासियों को मिला है, जो वाकई जरूरतमंद हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, वंचित और मध्यम वर्ग को मिला है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास केवल हमारा नारा ही नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। दशकों से बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से वंचित रहे इन 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बहुत बेहतर हुआ है। यह गरीबों के खिलाफ हमारी लड़ाई की जीत है। आज ऐसे लोगों तक न सिर्फ आवास, गैस कनेक्शन, शौचालय की सुविधाएं पहुंच रही हैं, बल्कि उससे कहीं आगे नए दौर के ऑप्टिक फाइबर कनेक्शन, डिजिटल समाधान और ड्रोन तकनीक इत्यादि भी इनके अपने हाथों में है।

देश में पिछले 10 साल में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों का लाभ हमारी महिला, किसान, मछुआरा समाज, रेहड़ी-पटरी वेंडर्स, छोटे कारोबारियों तथा एससी, एसटी और ओबीसी को मिला है। तकनीक के माध्यम से ये वर्ग लाभान्वित भी हो रहे हैं और सशक्त भी। जनधन-आधार-मोबाईल ट्रिनिटी के कारण इनका लाभांश सीधे इन्हें बिना किसी बिचौलिए के मिलना संभव हुआ है। उन्होंने युवाओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि देश के विकास में हमारी युवाशक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। भारत के युवा ने न सिर्फ बड़े सपने देखने की हिम्मत की है, बल्कि अन्तरिक्ष, खेल और स्टार्ट-अप जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बड़े सपने साकार करने के लिए भी उत्कृष्ट कार्य किया है। पिछले दस वर्षों में चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो या उद्यमिता हो, हमारे युवाओं के लिए करोड़ों नए अवसर पैदा हुए हैं।

## खास बात

# तिरंगा देश का मनोबल है पहचान है

**आरके सिन्हा**

**भारत** एक राष्ट्र है, इसके दो झंडे नहीं हो सकते। वैसे भी फ्लैग कोड किसी भी राज्य को अलग झंडे की इजाजत नहीं देता। तिरंगा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। तिरंगा सारे देश को भावनात्मक रूप से बांधता है। तिरंगे का अपमान करने वाले याद रखें कि भारत यह सब कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। भारत की 135 करोड़ जनसंख्या देश की एकता और अखंडता के सवाल पर एक है। पर अफसोस होता है कि इस घोर देश विरोधी हरकत को भी कुछ सनकी यह कहकर खत्म करना चाहते हैं कि लाल किले पर तिरंगे का तो अपमान हुआ ही नहीं। ये शर्मनाक और असहनीय हैं।

यह ठीक है कि देश में आस्तीन के सांप हैं, पर तिरंगे का अनादर करने वाले तो सीधे-सीधे देशद्रोह की परिधि में आते हैं। इन राष्ट्र विरोधी तत्वों से पूछा जाना चाहिए कि आखिर ये क्यों भारत का नमक खाकर देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं? आगे बढ़ने से पहले पीछे मुड़कर देखते हैं। 28 मई 1953 के दिन दुनिया की सबसे ऊंचीमाउंट एवरेस्ट चोटी पर शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी ने कदम रखा था। तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट पर चढ़ते ही वहां पर तिरंगा फहराया था। उस चित्र को देख-देखकर भारत की कई पीढ़िया रोमांचित होती रहीं हैं। तेनसिंग नोर्गे का जन्म तो नेपाल में हुआ था पर वे बचपन में ही दार्जिलिंग में आकर बस गए थे। क्या भारत भूल सकता है उन चित्रों को जिनमें हमारे शूरवीर विभिन्न जंगों में शुत्र को परास्त करने के बाद तिरंगे के साथ जश्न मना रहे होते हैं? । एक बार भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस कह रहे थे कि वे जब खेलते हुए किसी दर्शक के हाथ में तिरंगे को देख लेते हैं तो उनमें जीत का जज्बा कई गुना बढ़ जाता है।

देखिए देश के तिरंगे को इसके मौजूदा स्वरूप में 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक में अपनाया गया था। तिरंगे में तीन केसरिया, सफेद और हरा रंग है। दरअसल तिरंगे को लेकर इस तरह की भावनाएं सारे देशवासियों की हैं। इस लिहाज से कुछ अपवाद अवश्य हैं।

# दुर्बल चरित्र से हानि

## विचार-प्रवाह

**सीताराम गुप्ता**

**कुछ** लोग हमेशा सुंदर, सुशील, प्रसन्नवदना, खुले हृदय और उन्मुक्त विचारों वाली महिलाओं में चारित्रिक दोष ढूंढ़ने के प्रयास में ही लगे रहते हैं। वास्तव में ईर्ष्यालु व दुर्बल चरित्र वाले लोगों को इससे अधिक कुछ आता ही नहीं। अब ऐसे ईर्ष्यालु व्यक्तियों से भला एक अच्छे व्यक्ति का क्या मुकाबला लेकिन उनकी ईर्ष्या इस बात का प्रमाण है कि आप सचमुच आनंदित हैं। वे लोग यही चाहते हैं कि आप किसी तरह इस आनंद से वंचित होकर दुखी हों। ये हम पर निर्भर करता है कि हम इस षड्यंत्र के शिकार होते हैं अथवा नहीं।

यदि आप लोगों की सहायता करने वाले, उन्हें अच्छे काम के लिए प्रोत्साहित करने वाले अथवा दो पक्षों का झगड़ा निपटवाने वाले हैं तो दूसरों की टांग खींचने वाले तमाशबीन किस्म के लोग अवश्य ही आपके शत्रु नहीं तो विरोधी अवश्य हो जाएंगे और आपको अपमानित करने का कोई भी अवसर हाथ से नहीं जाने देंगे। लेकिन आप सद्गुणों के स्वामी हैं, अतः इन अमूल्य जीवन-निधियों और जीवन-मूल्यों को खिसकने मत दीजिए। यदि लोग आपमें बिना वजह कमियां निकालने का प्रयास करते हैं तो ये आपके लिए अच्छी बात है।

लोग दुख में आपके साथ हो सकते हैं लेकिन आपकी खुशी बर्दाश्त नहीं कर सकते, यही कटु सत्य है। सभी लोग तो ऐसे नहीं होते लेकिन अधिकांश ऐसे ही होते हैं, इसमें संदेह नहीं। लोग तो ऐसे ही होते हैं लेकिन अब आपकी बारी है। आप प्रसन्न रहना चाहते हैं अथवा प्रसन्नता से वंचित होना चाहते हैं। वास्तविकता ये है कि जो लोग दूसरों की समृद्धि देख कर आनंदित होते हैं।



**वो** लूट रहे हैं सपनों को
मैं चेन से कैसे सो जाऊं
वो बेच रहे हैं झारखंड को
खामोश मैं कैसे हो जाऊं

**–सीता सोरेन, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





मां कालरात्रि की कृपा से हर किसी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो, यही कामना है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# लोकसभा चुनाव में मयार्दा लांघते नेताओं के बयान

**सुरेश हिन्दुस्तानी**

## चुनाव 2024

**अभी** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए।

वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती?

वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है।

आज की राजनीति को देखकर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मयार्दा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किए जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।

राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जाएगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जाएगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानी जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाए तो तर्कसंगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं। नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है?

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**–पुलकित जैन,रांची**

### विविधता का ज्ञान हो

**मनुष्य** की सोच उसके मन के विचारों पर निर्भर करती है और ऋणात्मक सोच का नाश किया जा सकता है। किसी भी चीज को पूर्णता से खत्म करने के लिए उसकी जड़ को नष्ट करना अनिवार्य है। उसी प्रकार नस्लभेदी सोच का खत्मा भी उसके आधार, घर-परिवार द्वारा ही किया जा सकता है। हमें आवश्यकता है तो आत्म जागरूकता की, अपनी सोच के विकास की। **– रवि सिंह, रांची**

# यौन शोषण के पक्ष में नित्य नये तर्क और परिभाषायें

**निर्मल रानी**

## समाज

**भारतीय** महिलायें दिन प्रतिदिन अपने कौशल व साहस का परिचय कराती रहती हैं। कभी अंतरिक्ष में भारतीय ध्वज लहराकर,कभी विश्व के सबसे लंबे व खतरनाक वायुमार्ग पर विमान उड़ाकर, कभी युद्धक विमान को कलाबाजियाँ खिलाकर,कभी बस,ट्रक व ट्रेन चलाकर तो कभी अपने अपाहिज बाप को पीछे बिठाकर लॉक डाउन में लगभग 1500 किलोमीटर तक लगातार साईकिल चलाकर गोया अनेकानेक जटिल क्षेत्रों में भी महिलाओं ने अपने अदम्य साहस,हौसले व सूझ बूझ का परिचय दिया है। उधर सरकार भी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का नारा देकर तथा इस योजना पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर यह सन्देश देना चाहती है कि नारी उत्थान के लिए सरकार भी प्रयासरत है। दुर्भाग्यवश इसी बीच महिलाओं के साथ होने वाले दुराचार,शारीरिकशोषण,बलात्कार, सामूहिक बलात्कार व हत्याओं की खबरें भी आती ही रहती हैं। कई समाचार तो ऐसे होते हैं जिन्हें सुन -पढ़कर तो यह विश्वास ही नहीं होता कि वासना में डूबा राक्षस रुपी पुरुष इस हद तक गिर सकता है व अमानवीयता की सभी सीमाएं लांघ सकता है? परन्तु निःसंदेह यह हमारे देश के अति दूषित मानसिकता रखने वाले कलंकी लोगों का एक कुरूपित चेहरा है जो नारी का शारीरिक शोषण भी करता है,उससे सामूहिक बलात्कार भी करता है और जब अपनी शैतानी सोच की सभी सीमाओं को पार कर जाए तो महिला के गुप्तांग में लोहे की रॉड डालकर या उसमें पत्थर भरकर उसी नारी को असीम कष्ट पहुंचाते हुए उसे मौत के घाट भी पहुंचा देता है। देश में अनेकानेक घटनायें ऐसी भी हो चुकी हैं जिससे यह पता चला कि बलात्कार,शारीरिक शोषण या छेड़खानी की शिकार महिलायें जब अपनी शिकायत दर्ज कराने पुलिस चौकी या थाने पहुँचती हैं उस समय पीड़ित महिला से ही इस तरह के इतने सवाल किये जाते हैं कि जैसे सारा दोष पीड़ित महिला का ही हो। और इससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि पुरुषों के जोर,जुल्म,उत्पीड़न व ज्यादती की शिकार यही महिला अपने साथ होने वाली घटना के बाद समाज द्वारा बुरी व अपमान जनक नजरों से देखी जाती है। गोया अपने साथ हुई ज्यादती की जिम्मेदार पुरुष नहीं बल्कि वह स्वयं है ? एक ओर तो भारतीय महिलायें अपने साहस,कौशल,पराक्रम व हौसले का लोहा मनवाते हुए नित्य नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उधर पुरुष समाज को कलंकित करने वाले सरफिरे नारी स्मिता की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाह रहे तो एक ओर हमारे ही देश में अभी तक यही निर्धारित नहीं हो पा रहा कि यौन शोषण व शारीरिक शोषण की परिभाषायें क्या हों ? हमारे देश की अदालतें अभी तक यही तय कर रही हैं कि पुरुष के किस सीमा तक चले जाने को यौन शोषण माना जाये और किस हद तक जाना यौन शोषण के दायरे में नहीं आता।

वैसे तो धर्म,समाज व नीति शास्त्र के लोगों का मानना है कि मन में किसी तरह के पाप का विचार आना ही पाप किये जाने के समान होता है।

पश्चिमी देशों में भी लोग अपने बच्चों को पुरूषों द्वारा किये जाने वाले शारीरिक स्पर्श को 'गुड टच' व 'बैड टच' के रूप में अलग अलग तरीकों से शिक्षित करते हैं। महिलाओं में पर्दा व घूंघट प्रथा के पीछे का भी कड़ुवा सच यही है कि औरत गैर पुरुषों की कुदृष्टि से बची रहे। महिलाओं को ही सारे परदे,घूंघट व सुरक्षा संबंधी उपाय करने जरूरी बताए गए हैं ?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चतरा पुलिस ने हथियार के साथ 4 नक्सलियों को दबोचा, रंगदारी और लेवी वसूली का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 नक्सली समर्थकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो अमेरिकन मेड पिस्टल, दो मैगजीन, 7.65 एमएम के सौ चक्र जिंदा गोली, रंगदारी और लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के दो मोबाइल फोन और नक्सली पर्चा सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। गिरफ्तार सभी उग्रवादी समर्थक टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसपी विकास पांडेय ने बताया कि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि कोयलांचल समेत आसपास के जिलों में गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा कोल व्यवसायियों, ठेकेदारों और विकास योजना से जुड़े लोगों को डरा-धमकाकर लेवी और रंगदारी वसूल करते थे। गिरफ्तार नक्सली मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल की गिरफ्तारी हुई है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा ही पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंगाबिलारी गांव में जय अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह स्थित श्री एंटरप्राइजेज कंपनी के हाइवा गाड़ी में आगजनी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था।

## आवास योजना में पैसा वसूलने के आरोप में ग्रामीणों ने उग्रवादी को पीटा

**चतरा।** कुंदा थाना क्षेत्र में एक उग्रवादी को ग्रामीणों ने खंभे से बांधकर पीटा क्योंकि वह आवास योजना के तहत मिले राशि से 10 हजार रुपये कमीशन की मांग कर रहा था। कुछ लोगों ने डर से उसे पैसे दे दिए, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और उग्रवादी को पकड़कर पीटा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उग्रवादी को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई



शुरू कर दी है। गिरफ्तार उग्रवादी का नाम मंटू बताया जा रहा है, जो पलामू जिले का रहने वाला है और जोनल कमांडर शशिकांत का राइट हैंड बताया जाता है। मंटू पर आरोप है कि वह ग्रामीणों से आवास योजना के तहत मिले राशि से कमीशन की मांग कर रहा था और जो लोग उसे पैसे नहीं देते थे, उन्हें धमकाता था। ग्रामीणों ने उसकी हरकतों से तंग आकर उसे पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया।

# महावीर झंडा व पताके से पटा बाजार, अखाड़ा कमेटी कर रही है आकर्षक झांकी का निर्माण

### राम व हनुमान की भक्ति से लाल हुआ कोडरमा, श्रद्धालुओं में रामनवमी का उत्साह





अशरफ हुसैन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रामनवमी के लिए झुमरीतिलैया शहर स्थित बाजार की रौनक बढ़ गई है। पूरा बाजार महावीरी झंडा व पताके से पटा है। झंडा चौक सहित रेलवे ओवरब्रिज रांची पटना रोड पर सड़क के दोनों किनारे महावीरी झंडा व पताके लगाए गए हैं। बाजार में 20 से लेकर 1500 से 2000 तक के झंडा व पताके बिक रहे हैं। वहीं विभिन्न अखाड़ा कमेटी की ओर से रामनवमी के मौके पर निकाले जाने वाली झांकी को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। शहर में एक दर्जन से अधिक अखाड़ा समितियां द्वारा झांकियां निकाली जाएगी। इसमें रामनवमी पूजा समिति बेलाटाड़, वासंति दुर्गा पूजा समिति गुमो, बजरंग क्लब गुमो, रामनवमी पूजा समिति असनाबाद, वाईडीसी क्लब इंदरवा, वासंती दुर्गा पूजा समिति तिलैया बस्ती, रामनवमी पूजा समिति चमत्कारी बाबा विद्यापूरी, रामनवमी पूजा समिति मड़ुआटाड़, रामनवमी पूजा समिति नवादा बस्ती आदि समितियां शामिल है। इस बार रामनवमी पूजा समिति बेलाटाड़ द्वारा निकाले जाने वाली झांकी में अयोध्या का भगवान श्री राम की मूर्ति व रामनवमी पूजा समिति असनाबाद द्वारा निकाले जाने वाली झांकी अयोध्या का राम दरबार व समुद्र मंथन आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा। दूसरी ओर रामनवमी को लेकर अखाड़ा कमेटि के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न तरह के प्रदर्शन के लिए पूर्वाभ्यास भी किए जा रहे हैं। रामनवमी के मौके पर महासमिति की ओर से झंडा चौक पर अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं महासमिति के अध्यक्ष संतोष यादव ने बताया कि झंडा चौक पर अखाड़ा कमेटियों के खिलाड़ियों का समागम होगा, जहां वे अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

## विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार विकसित भारत का नींव तैयार की है : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को चाराडीह स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है। अगले 5 वर्षों में व्यापक जनभागीदारी से विकसित भारत निर्माण की यात्रा को कैसे गति और दिशा दी जाय, इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। जिसे भाजपा का संकल्प : मोदी की गारंटी 2024 नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा का संकल्प पत्र केवल वादों और आश्वासनों का पुलिंदा मात्र नहीं है।

## भाजपा के लोकसभा चुनाव संकल्प पत्र पर विपक्ष का हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव संकल्प पत्र पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह जनता को दिग्भ्रमित और गुमराह करने वाला है। झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि भाजपा और केंद्र सरकार का कोई भी काम जमीन पर दिखाई नहीं देता है। उन्होंने चतरा के सिटिंग सांसद सुनील कुमार सिंह का टिकट कटने पर चुटकी लेते हुए कहा है कि भाजपा की यही हवा-हवाई कार्यशैली और घोषणा सांसदों को क्षेत्र में विरोध झेलने पर मजबूर करती है। श्रम मंत्री ने कहा है कि भाजपा प्रयोगशाला चला रही है, वह नहीं तो यह करेगा, ये भी नहीं करेगा तो फिर अगला सांसद करेगा। यह न सिर्फ गरीबों के साथ मजाक है बल्कि समय की बबार्दी भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्लानिंग



करके चुनावी संकल्प पत्र जारी करना चाहिए जिससे सीधे गरीबों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी कहते हैं कि विकास के लिये 60 माह का समय चाहिए, फिर कहते हैं 120 माह का समय चाहिए। इसके बाद कहा जाता है कि 2047 में देश विकसित भारत बनेगा, फिर 2068 की बात कही जाती है। उन्होंने पूछा है कि आखिर भाजपा को देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए सही मायनों में कितने वक्त की आवश्यकता है।

## नटखट प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव धूम-धाम से मना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी स्कूल रोड नटखट प्ले स्कूल में रविवार को नए सत्र के उपलक्ष में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य और फैशन शो कर प्रोग्राम में समा बांध दिया और साथ-साथ अभिभावक भी नित्य और फैशन शो में पार्टिसिपेट किए। जिसमें फैशन शो में प्रथम लक्ष्मी बर्णवाल, द्वितीय रिंकी राज और तृतीय रिंकू रही। वहीं निर्देशक मिथिलेश सिंह ने बताया कि परीक्षा खत्म होने के बाद नए सत्र शुरू होने के बीच में जो समय मिलता है, उसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कला संस्कृत में उनकी प्रतिभा को निखारने का मौका दिया जाता है। मौके पर ऋतु कुमारी, अंशिका कुमारी, रश्मि जयशवाल, सिमरन कुमारी, दीपा कुमारी, प्रीती कुमारी, प्रिया कुमारी, खुशी कुमारी, आदित्य कुमार, चंदन कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## रामनवमी: चतरा सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल

पंकज सिंह

**चतरा।** चतरा की पूजा समितियाँ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों का पालन करते हुए सत्य, प्रेम, मयार्दा और सेवा का संदेश देते हुए जुलूस निकालने की तैयारी में हैं। चतरा जिला साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए जाना जाता है और यहाँ के लोग सेवा सत्कार और सम्मान की भावनाओं से लबरेज हैं। विधि व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी के कारण पदाधिकारी, कर्मी और जवान अपने परिजनों के साथ पर्व नहीं मना पाते हैं, जिसकी भरपाई चतरा के लोग मिलकर करते हैं।

शासन, प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ चतरा की जनता कंधे से कंधा मिलाकर चलती है और प्रत्येक पर्व पर शांति सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रयास करती है। चतरा के लोग अपनी धरती की



मातृ शक्ति के असीम प्रेम पर गर्व करते हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी यहाँ साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारा बना रहता है। देवी देवताओं के साथ देश के साथ असीम प्रेम करने वाले देश प्रेमियों की धरती है और यहाँ हिन्दू मुस्लिम की समस्या न रही है और न ही है। यहाँ सभी समुदाय एक माता पिता के संतान के रूप में पहचान बनाया है और हल्का फुल्का किसी तरह की असहमति या नाराजगी हुई तो आपस में मिल बैठ कर हल कर लिया जाता है।

### इंडिया गठबंधन का नगर परिषद व कोडरमा प्रखंड की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक संपन्न

# 150 बूथ में अपन बूथ-संविधान मजबूत अभियान की रणनीति तैयार
# लोकसभा चुनाव में जनता परिवर्तन की राह पर चल पड़ी, इंडिया की होगी जीत : रामधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के भाकपा-माले प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को कोडरमा विधानसभा में बढ़त दिलाने को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक 15 अप्रैल को आयोजित किया गया। इंडिया गठबंधन के नगर परिषद और कोडरमा प्रखंड की संयुक्त बैठक राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव आवासीय कार्यालय में राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता एवं संचालन घनश्याम तुरी और रामबचन यादव ने संयुक्त रूप किया।

बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के 74 बूथों और कोडरमा प्रखण्ड के करीब 76 बूथों पर राजद, जेएमएम, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, आप समेत प्रगतिशील



संगठन और मजदूर संगठनों के बीच सामंजस्य स्थापित कर अपन बूथ-संविधान मजबूत अभियान की रणनीति तैयार की गई।

वहीं कोडरमा विधानसभा की नगर परिषद क्षेत्र और कोडरमा प्रखण्ड के हर बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित चुनावी मैनेजमेंट को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में करीब 150 बूथ पर डोर टू डोर मतदाताओं और इंडिया महागठबंधन सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभार्थी के बीच संपर्क करने को लेकर रणनीति तैयार की गयी। वहीं श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता परिवर्तन की राह पर चल पड़ी है। कोडरमा से भाकपा माले के इंडिया गठबंधन के कॉमरेड विनोद सिंह मजबूत प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और कोडरमा के सामाजिक न्याय पसंद जनता को धोखा देने वाले भाजपा सांसद को सत्ता से बेदखल करने के लिए जनता एकजूट और उत्साहित है।

वहीं इंडिया गठबंधन के राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, आप जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, मजदूर नेता प्रेम प्रकाश, मो मोजहिर, प्रेम पांडेय, जेएमएम नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, भारत नौजवान सभा के उदय द्विवेदी, माले नेता संदीप कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा में इस बार संविधान बचाने की लड़ाई है। भाजपा की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता कमर कस चुकी है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में केंद्र सरकार की कोई नीति नही आई, जिससे पत्थर, ढिबरा व्यवसाय का उत्थान हो सके। राज्य सरकार ने जिन नीतियों को कोडरमा का भविष्य संवारने के लिए लाई, उसमे केंद्र सरकार ने रोड़ा अटका दिया। भाजपा सांसद के नाकामियों से जनता में आक्रोश है। नेताओं ने कहा कि हर बूथ पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मजबूती से काम करेंगे और भाजपा को कोडरमा से करारी शिकस्त देंगे। बैठक में किशोरी यादव, तुलसी राणा, पवन भगत, अरुण सिंह, कुलदीप यादव, ीरज यादव, नागमणि सिंह, चरणजीत सिंह, अमरजीत कौर, चंदन सिंह, मंटू यादव, दिवाकर सिंह, संजय शर्मा, रवि सिंह, शम्भू पासवान, ीरेंद्र कुमार, श्यामजीत यादव, मुन्ना शर्मा समेत इंडिया गठबंधन के लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### डॉ. भीमराव की प्रतिमा का अनावरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत अंबेडकर मोहल्ला में बीते रात भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण हुआ, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, पवन सिंह, देवनारायण यादव, खगेंद्र राम, महेश दास, बाल गोविंद राम, राजकुमार पासवान आदि लोगों ने विधिवत फिता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया। वहीं शालिनी गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों को शिक्षित होने का अपील किया कि आप पढ़ाई करते हो तो एक सशक्त और मजबूत समाज का निर्माण होगा। वहीं उन्होंने बाबा साहेब की बलिदानों को याद दिलाई। मौके पर महेश दास, बाल गोविंद राम, टिंकू डीजे वाला, पंकज कुमार, लक्ष्मण दास, योगेश दास, अनिल दास, मुन्ना दास समेत कई लोग मौजूद थे।

### जयप्रकाश वर्मा ने किया क्षेत्र भ्रमण, मांगा समर्थन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने सोमवार को मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण किया और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जयप्रकाश वर्मा ने समर्थकों के साथ मरकच्चो, अरकोसा, बैजलाढाब, दरदाही, कादोडीह, पिपराडीह, नावाडीह आदि गांव के मतदाताओं से जनसंपर्क किया और मतदाताओं से वोट मांगा। मौके पर महेंद्र प्रसाद वर्मा, सुरेश साव, सुरेंद्र वर्मा, हरिहर साव, भुनेश्वर राणा, रामकिसुन वर्मा, सीकेन्द्र वर्मा, मुंशी महतो, मोहन वर्मा, अर्जुन वर्मा, शंकर वर्मा, गजानन्द वर्मा, मोहन वर्मा, सहदेव महतो, पंकज वर्मा, मेघलाल वर्मा, सुरेंद्र वर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### शाखा स्थानांतरण के विरोध में दिया धरना

**कोडरमा।** भारतीय जीवन बीमा निगम झुमरीतिलैया शाखा के स्थानांतरण के विरोध में सुंदर होटल के समीप अभिकर्ताओं द्वारा धरना दिया गया। जिसमे ऑल इंडिया लियाफ़ी, झुमरीतिलैया शाखा द्वारा प्रबंधन से फिर से ये मांग की गयी कि प्रबंधन द्वारा शाखा के लिए जो स्थान का चयन किया गया है वह कदाचित किसी भी दृष्टिकोण से सुरक्षित नही है, इसलिए इस पर पुनर्विचार करने कि जरूरत है। इतने बड़े संस्थान के शाखा के लिए स्थल कम से कम मुख्य मार्ग में ही होना चाहिए, जैसा कि सर्कुलर भी है। इस ारना में नन्दलाल प्रसाद बर्णवाल, अनीस सिंह, डोमचांच एसओ और चौपारण एसओ के सैकड़ों की संख्या में अभिकर्ता और पॉलिसीधारक शामिल हुए।

### एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा 19 अप्रैल 2024 की सुबह 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी किया गया है। इस दौरान कोई एग्जिट पोल नहीं किया जा सकता है और ना ही इसका प्रकाशन या प्रचार किया जा सकेगा। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। अधिनियम का उल्लघंन करने पर दो वर्ष का कारावास एवं जुर्माना का प्रावधान है।

### फायर ऑफिसर ने आग पर काबू करने का बच्चों को दिया प्रशिक्षण

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल में सोमवार को दमकल विभाग ऑफिसर बिमल चंद्र मांजी तथा उनके सहयोगी हेमंत कंदूला के द्वारा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्रों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार तथा उप निदेशक नीरज कुमार ने उन्हें मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

## एक नजर में

### मतदान जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** जिला प्रशासन के व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन भागीदारी (एसवीईपी) के मार्गदर्शन में एनटीपीसी उत्तर करनपुरा ने एक गतिशील मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'वोट फॉर 20 मई' के आकार में मानव श्रृंखला गठन होना था, जो मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व को प्रतिष्ठापित करता है। यह पहल नागरिकों को शिक्षित करने और प्रेरित करने का उद्देश्य रखती है ताकि वे अपने मतदान के अधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करें। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला प्रशासनिक अधिकारी रमेश घोलप के कुशल मार्गदर्शन में एसडीओ सिमरिया सनी राज और उत्तर करनपुरा के एचओपी स्वप्नेंदु कुमार पंडा ने लोकतांत्रिक समाज में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### जनता की आवाज से टिकट मिला और जनता ही जिताकर भेजेंगे दिल्ली: कालीचरण सिंह

**चतरा।** चतरा लोकसभा चुनाव की तिथियां नजदीक आ रही हैं और प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। भाजपा ने अपने प्रत्याशी कालीचरण सिंह की घोषणा कर दी है, जबकि राजद और कांग्रेस में दावेदारी को लेकर खींचतान चल रही है। कालीचरण सिंह ने कहा है कि चतरा के लोगों की स्थानीय प्रत्याशी की मांग थी, जिसे भाजपा ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के बाद विपक्ष को चुनाव लड़ने के लिए आदमी नहीं मिल रहा है। कालीचरण सिंह ने कहा कि वह चतरा के बेटे हैं और जीना-मरना यहीं होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें चतरा की जनता की आवाज से टिकट मिला है और जनता के आशीर्वाद से ही दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपाही और सेवक हैं और स्थानीय होने के नाते सभी लोग उन्हें घर का बेटा मानकर साथ दे रहे हैं।कालीचरण सिंह ने कहा कि वह जीतकर चतरा के लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे।

### एसडीओ ने किया सतगावां प्रखंड का दौरा

**सतगावां (कोडरमा)।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ रिया सिंह ने सोमवार को प्रखंड के एसएस.प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह, उम़.विद्यालय खूंटा, उम़.विद्यालय कलीडीह, राउउ.विद्यालय पोखरडीहा, मध्य विद्यालय मीरगंज समेत कई बुथों का निरीक्षण की। इस दौरान उन्होंने बूथ पर बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा ली। इसी क्रम में उन्होंने दर्शन नाला अंतरराज्जीय चेक नाका का भी निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**प्रखंड सभागार में पदाधिकारी के साथ की बैठक :** निरीक्षण के बाद लोक सभा चुनाव को लेकर प्रखंड सभागार में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव से सम्बंधित जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने समेत कई निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, थाना प्रभारी विजय कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### निकाला गया फ्लैग मार्च

**जयनगर (कोडरमा)।** बीडीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में जयनगर थाना से लेकर जयनगर बाजार तक फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं जनता को जागरूक करने को लेकर लोकतंत्र पर आस्था बनाए रखने के लिए लोगों के बीच में सामूहिक शपथ दिलवाया गया। मौके पर चूरन खान, कुंदन गुप्ता, कैलाश राणा, शशि सोनी, संतोष साव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

**कोडरमा।** जिले में रामनवमी पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला। प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद, नगरखारा, कोलगरमा, बेकोबार, कोडरमा बाजार, गुमो भादोडीह, झंडा चौक से लेकर महाराणा प्रताप चौक, दर्जी मुहल्ला, चेचाई से लेकर चाराडीह तक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आकिारियों ने रामनवमी के मद्देनजर अखाड़ा व जुलूस की जानकारी भी लोगों से लिये। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा कि रामनवमी को देखते हुए खास सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया है और यह उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है, जो साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं। फ्लैग मार्च के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### खरमास खत्म, अब हर तरफ गूंजेंगी शहनाइयां

**कोडरमा।** हिंदू ार्म में शादी, विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि जैसे कार्य हमेशा शुभ मुहूर्त देखकर ही किए जाते हैं। वहीं खरमास के दौरान गलती से भी कोई मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। वहीं अब जैसे ही खरमास की समाप्ति हुई शहनाई की गूंज भी शुरु हो जाएंगी। बता दें की खरमास के चलते बीते एक महीने से शादी विवाह जैसे शुभ और मांगलिक कार्यों पर रोक लग गई थी। मगर, 13 अप्रैल की रात में सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास का समापन हो गया है और शुभ कार्यों पर लगी पांबदी हट गई। उसके बाद लोग बिना चिंता के शुभ कार्य और अनुष्ठान करने की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं देवी मंडप के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने कहा की अब खरमास खत्म होने के बाद शादी विवाह के लिए पांच तिथियां शुभ हैं, जिसमें 18 अप्रैल, 20 अप्रैल, 21 अप्रैल, 25 अप्रैल और 26 अप्रैल हैं। इन पांच दिनों में विवाह का शुभ मुहूर्त है। वहीं इसके बाद 29 अप्रैल से 28 जून तक शुक्र अस्त हो जायेंगे, जिसके बाद विवाह समेत अन्य शुभ कार्यों पर फिर से पाबंदी शुरू हो जाएगी। इस अवधि में भी हिंदू धर्म में शादी विवाह जैसे शुभ कार्यों पर रोक लगी रहेगी। वहीं साल के सातवें महीने जुलाई में फिर से शादी विवाह के अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। जो 9 जुलाई से 16 जुलाई के बीच में 5 विशेष लग्न में विवाह समेत मांगलिक कार्य किए जायेंगें।

### ग्रिजली विद्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**कोडरमा।** श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच, तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में भारत रत्न तथा भारतीय संविधान के वास्तुकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी। विद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित की गयी। छात्र अतिशय जैन ने हिंदी भाषण एवं छात्र अनुराग आर्यन ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र त्रीजल राज एवं कुशाग्र कुबेर ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की।

### डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बरसोतियाबर में भव्य आयोजन

**कोडरमा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर जिले भर में देर रात तक सैकड़ों जगह संविधान बचाने की शपथ लेते हुए मनाया गया। वहीं बरसोतियाबर में अम्बेडकर समारोह समिति के बैनर तले धूमधाम से भव्य रूप में जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया, जहां संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत का संविधान जिन्दाबाद, संविधान बचाओ देश बचाओ, जय भीम आदि नारे जोरदार रूप में लगाए जा रहे थे। अतिथियों का स्वागत नीला गमछा पहनाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समारोह समिति के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद सिकन्दर कुमार दास ब संचालन राजकुमार दास ने किया।

# देश के सुनहरे भविष्य का रोड मैप है भाजपा का संकल्प पत्र : जेबी तुबिद

- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने किया दावा-भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है
- कहा- गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति का कल्याण है मोदी की गारंटी
- धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनायी जायेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्य के पूर्व गृह सचिव जे बी तुबिद ने सोमवार को भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी का गारंटी कार्ड बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ वादा ही नहीं करती, बल्कि वादों को शत प्रतिशत पूरा करने वाली पार्टी है। भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के उत्थान के लिए बनाया गया है। पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई जाएगी जिसमें 2025 में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाएगी। भाजपा आदिवासी विरासत पर शोध को बढ़ावा देगी और डिजिटल जनजातीय कला अकादमी की स्थापना की जाएगी। जे बी तुबिद ने कहा कि हमारे कथन और करनी में कोई अंतर नहीं रहा है। आज देश के प्रत्येक नागरिक यह मानने लगे हैं। 370 हटाने की बात कही थी। खत्म हो गयी। महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कही थी, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ यह पूरा किया। राम मंदिर की बात कही थी, वो भी पूरा किया। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जेबी तुबिद सोमवार को जमशेदपुर महानगर भाजपा के कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे।

प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जारी किया। भाजपा का यह संकल्प पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस है जिसमें समाज के 4 स्तंभों- महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है। जे बी तुबिद ने बताया कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली 27 सदस्यों की कमेटी ने तैयार किया है। इसके लिए लोगों के आम लोगों से भी सुझाव भी मांगे गये थे। इसके लिए 15 लाख से ज्यादा सुझाव आये। संकल्प पत्र 24 ग्रुप्स में है, जिसमें 10 सोशल ग्रुप शामिल हैं।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते जेबी तुबिद।

- प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद ने कहा कि केंद्र सरकार सोशल, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देगी। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर में नई यूनिवर्सिटी, नए मेडिकल कॉलेज और आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। वहीं, देश के कोने-कोने तक वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रीन एनर्जी और एनर्जी में आत्मनिर्भरता के लिए काम करेगी। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने, ग्रीन हाइड्रोजन रिनेयुवल एनर्जी, गोबर धन एवं बायोफ्यूल आदि पर तेजी से काम होगा। हमने वन इलेक्शन संबंधित मुद्दों की परीक्षण के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। अब, हम उनकी सिफारिशों के सफल कार्यान्वयन की दिशा में काम करेंगे। जिससे देश के संसाधन और समय की बचत होगी।
- जे बी तुबिद ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म तथा गुड, डीजिटल और डाटा गवर्नेंस के लिए देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। तुबिद ने कहा कि भाजपा की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। भ्रष्टाचारियों पर निरंतर सख्त कार्रवाई होती रहेगी। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा।
- जे बी तुबिद ने कहा कि भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।
- प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद परिणाम आते ही काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश ने चंद्रयान की सफलता देखी। अब हम गगन यान का गौरव अनुभव करेंगे। आंतकवाद के खिलाफ जीरों टोलरेंस, सीमाओं पर मजबूत आधारभूत ढांचा, नक्सली गतिविधियों को खत्म करना और सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश मे हम न्याय संहिता लागू करेंगे।

## स्पीड न्यूज



### रोटरी क्लब का रायला उड़ान 20 अप्रैल से

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ स्टील सिटी आगामी 20 और 21 अप्रैल को अपने प्रमुख कार्यक्रम रोटरी यूथ लीडरशिप अवाड्र्स (रायला) उड़ान 24 का आयोजन करने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी रोट्रैक्ट क्लब के सोशल क्रू के सहयोग से आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बागरिया होंगे।

### आजसू दिलायेगी एनडीए प्रत्याशी को जीतः चंद्रगुप्त



**जमशेदपुर।** सोमवार को आजसू पार्टी पूर्वी विधानसभा स्तरीय सभी मंडल अध्यक्ष और सचिव की बैठक पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह के आवासीय कार्यलय पर संपन्न हुआ। अध्यक्षता करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजसू पार्टी लोकसभा स्तरीय बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष और सचिव अपने अपने क्षेत्र में जुट जाए और आगामी 21 अप्रैल 2024 को सम्मेलन को सफल बनाने का कार्य करेंगे। बैठक में चंद्रगुप्त सिंह, कन्हैया सिंह, संजय मालाकार , अप्पू तिवारी , अशोक मंडल, हेमंत पाठक, आकाश सिन्हा, राजेश चौधरी, विमल मौर्या, उमाशंकर सिंह, चंदन सिंह, सोनू सिंह, प्रमोद पाठक, राहुल प्रसाद, देवाशीष चौधरी मौजूद रहे।

### महिला सर्वदलीय मंच ने पोइला बैसाख मनाया

**जमशेदपुर।** साई आवास, भाटिया बस्ती में बंगाली महिला सर्वदलीय जन एकता मंच के तत्वाधान में आज पोइला बैसाख मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन रुमा बनर्जी और अल्पना दास ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर साधना चक्रवर्ती, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### गम्हरिया के स्पेशलिटी बिष्णु हेल्थ क्लिनिक में 30 तक फ्री परामर्श



**गम्हरिया/जमशेदपुर।** टाटा-कांड्रा मार्ग के किनारे गम्हरिया स्थित दयाल सिटी टावर में समर्पित सुगर एवं थाइराइड स्पेशलिटी बिष्णु हेल्थ क्लिनिक खोला गया जिसका उदघाटन डॉ कल्याण कुमार ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब गम्हरिया के लोगों को एक ही छत के नीचे कई रोगों का निदान हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस क्लिनिक में एचबीआईसी स्क्रीनिंग, कार्डियक स्क्रीनिंग, वीपीटी, आरबीएस, ईसीजी आदि की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके साथ ही, मरीजों को थाइराइड, सुगर आदि का परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा और स्क्रीनिंग प्रोसेस की प्रक्रिया भी निःशुल्क रहेगी। क्लिनिक उदघाटन के अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### तुलसी भवन आंबेडकर व राहुल सांकृत्यायन की जयंती समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में लोक मंच (बहुभाषी काव्य गोष्ठी) सह संविधान निर्मार्ता भीमराव अम्बेडकर, राहुल सांकृत्यायन एवं अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध जयंती मनाई गई। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन श्रीमती माधवी उपाध्याय ने किया। स्वागत भाषण मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती रीना सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में द्वीप प्रज्जवल कर और आंबेडकर सहित दोनों साहित्यकारों के तस्वीर पर सभी साहित्यकारों ने पुष्पार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा से दुर्व्यवहार मामले पर चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान

# भाजपा ने की एसपी और थाना प्रभारी को चुनाव कार्य से मुक्त करने की मांग

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** बीते रविवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बुरुडीह पंचायत के मोहनपुर गांव में जनसंपर्क करने पहुंची भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का लाठी डंडे से लैस ग्रामीणों और झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध कर करीब ढाई घंटे तक बंधक बना दिए जाने के मामले में चुनाव आयोग में शिकायत किए जाने के बाद आयोग ने इसपर संज्ञान लिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने उपायुक्त को मामले की जांच कर रिपोर्ट तलब किया है। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग से किए गए शिकायत में जिले के एसपी समेत सम्बंधित थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। भाजपा कार्यकताओं द्वारा शिकायत में बताया गया है कि एसपी को फोन कर घटना की जानकारी देने का प्रयास किया गया था, किन्तु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इधर, उंक्त घटना के बाद गीता कोड़ा ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद बताया था कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम होने के बावजूद स्थानीय गम्हरिया थाना पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराया गया जिस कारण यह घटना घटित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सुनियोजित तरीके से उन्हें रोका गया और कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गयी।



रविवार को मोहनपुर गांव में गीता कोड़ा को खरी-खोंटी सुनाते ग्रामीण।

### चुनाव कार्य से अलग रखने की ईसी से मांग

इस मामले में सोमवार को भाजपा के विधि प्रकोष्ठ संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविनाथ किशोर और लक्ष्मी कुमारी ने सोमवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार से मिलकर शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने शिकायत पत्र के माध्यम से बताया है कि गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव में चुनाव प्रचार के दौरान झामुमो कार्यकताओं ने प्रत्याशी गीता कोड़ा को घेर लिया और उनके साथ धक्का-मुक्की व अभद्र व्यवहार किया। आरोप लगाया गया है कि उक्त मामले की जानकारी लेने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के कई सांसद व विधायकों ने जिले के एसपी और थाना प्रभारी को कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। भाजपा नेताओं ने इन दोनों पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से अलग रखने की मांग भी की है। विदित है कि गीता कोड़ा उंक्त मामले में 6 नामजद झामुमो कार्यकर्ताओं समेत करीब 40-50 लोगों पर उनपर व कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

### ग्रामीणों ने भी भाजपा नेताओं पर दर्ज कराया काउंटर केस

मोहनपुर के ग्रामीणों और सांसद गीता कोड़ा समर्थक के बीच झड़प प्रकरण में गम्हरिया थाना में ग्रामीणों की ओर से भी काउंटर केस दर्ज कराया गया है। बीते रविवार को आधी रात मोहनपुर के काफी संख्या में ग्रामीण गोलबंद होकर गम्हरिया थाना पहुंचे और सांसद गीता कोड़ा समेत 20 भाजपा नेताओं के विरुद्ध काउंटर केस दर्ज कराया। इस बावत थाना प्रभारी राजू ने बताया कि दोनों ओर से शिकायत दर्ज करने के बाद सरायकेला एसडीपीओ के निर्देश पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर में रविवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था।

## एक नजर में

### गीता कोड़ा ने क्षेत्र की अनदेखी की, इसलिए नाराज थे ग्रामीण : झामुमो



**गम्हरिया।** उषा मोड़ स्थित सरना उमुल में झामुमो के सरायकेला जिला अध्यक्ष सुभेंदु महतो ने बताया कि गीता कोड़ा किस पार्टी का प्रत्याशी है, यह ग्रामीणों को मालूम भी नहीं है। वह पांच साल पूर्व वोट मांगने गांव में आई थी। उसके बाद फिर जब चुनाव में वोट मांगने आई तो ग्रामीणों का यह पूछना स्वाभाविक था कि उन्होंने पिछले पांच साल में क्या किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को पूरे देश के लोग तिरस्कृत कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उनके खिलाफ विद्रोह की लहर है। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता रामदास टुडू ने कहा कि गीता कोड़ा को लेकर आदिवासियों में आक्रोश है। आदिवासी दिवस पर होडिंग छपाने के बाद भी वे शिरकत नहीं की। इससे समाज के लोग उन्हें सम्मानित नहीं कर पाए थे। इसको लेकर समाज में काफी नाराजगी थी। सांसद ने क्षेत्र में आदिवासियों के कभी किसी कार्यक्रम में शिरकत नहीं किया। इसके साथ ही विकास में भी कभी रुचि नहीं ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को यह जानने का अधिकार है कि बीजेपी ने पिछले 10 वर्षों में क्या किया। साथ ही कहा कि इस घटना के पीछे जेएमएम का नाम आना काफी हास्यास्पद है, क्योंकि स्वयं भाजपा के लोग ही ग्रामीणों को पिस्टल और बंदूक दिखाकर डराने, मारपीट करने का काम किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो ने कहा कि भाजपा का मकसद सदैव ग्रामीणों को झूठे मामले में फंसाना रहता है।

### चांडिल डैम पर चला मतदाता जागरूकता अभियान

**चांडिल।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10/04/2024 को प्रखण्ड चाडिण्ल जलाशय के नौका विहार मे स्विप के तहत केज लाभुकों तथा जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी समिति के सदस्यों एवं शैलानियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निष्पक्ष एवं बिना प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग हेतु जागरूक किया गया एवं मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ ग्रहण कराया गया एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने का भी अपील की गयी। जिसमें मतदाता जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया, इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

### मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी के मोहित मूनका बने अमृतधारा के प्रांतीय संयोजक

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील शाखा के नीवर्तमान अध्यक्ष मोहित मूनका को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक अमृतधारा के रूप में नियुक्त किए गए। मोहित मूनका वर्ष 23-24 के लिए स्टील सिटी शाखा के अध्यक्ष की पद में थे उनके नेतृत्व में शाखा को 3 राष्ट्रीय एवं 10 प्रांतीय पुरस्कार मिले है जिसमें मोहित मूनका को श्रेष्ठ अध्यक्ष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने श्री मुनका के बेहतर कार्यकाल पर भरोसा दिखाते हुए उन्हें प्रांतीय की कार्यकारिणी टीम में नियुक्त किया। शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा यह हम सबके लिए गर्व की बात है हमारी शाखा के नीवर्तमान अध्यक्ष मोहित मुनका ने प्रांतीय संयोजक के रूप में पद ग्रहण किया।

### 16 को टीएमएच के जीएम टीम के साथ करेंगे संवाद



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर में मंगलवार, दिनांक 16 अप्रेल को संध्या 5 .45 बजे, टाटा मेन हॉस्पिटल के वरीय डॉ सह महाप्रबंधक (मेडिकल सर्विसेस) डॉ सुधीर राय, अपने अन्य अधीनस्थ डॉक्टरों की टीम डॉ विनिता सिंह (चीफ ऑफ मेडिकल इंडोर सर्विसेस), डॉ ममता रथ दत्ता (चीफ ऑफ मेडिकल सपोर्ट सर्विसेज), डॉ अशोक सुंदर (चीफ कंसलटेंट एंड एचओडी-मेडिसिन), डॉ मंदर महावीर साह (चीफ कंसलटेंट एंड एचओडी-कार्डियोलॉजी), डॉ हिर्देश साहनी (चीफ कंसलटेंट एंड एचओडी-रेडियोलॉजी), डॉ आसिफ अहमद (हेड कंसलटेंट एंड एचओडी-सीसीएम), डॉ देव संजय नाग (हेड कंसलटेंट एंड एचओडी-एनेसथेसियालॉजी), डॉ बिनीता पाणीग्रही (सीनियर कंसलटेंट एंड एचओडी-इमरजेंसी), डॉ चिरंतन बोस (हेड एडमिनिस्टेज्शन), डा0 रिंकू भार्गव (रेसिडेंट मेडिकल ऑफिसर), डा0 विनू एस.झा (एरिया मैनेजर पेसेंट एक्सपीरियेंस, एडमिनिस्टेज्शन) के साथ चैम्बर पधारकर चैम्बर सदस्यों, व्यवसायियों एवं उद्यमियों को संबोधित करेंगे। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

### सरायकेला डीसी ने राजनीतिक दलों संग की बैठक



**जमशेदपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी की निमित्त आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता एवं सभी पंजीकृत राजनीतिक दल के सदस्यों की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में प्रथम रेंडमाइजेशन को लेकर बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधानसभावार इवीएम, वीवीपैट, बीयू,सीयू की उपलब्धता की जानकारी दी। इसके तत्पश्चातय सर्व सहमति से विधानसभावार प्रथम रेंडमाइजेशन संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। बैठक के पश्चात उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दल के सदस्यों के उपस्थिति में ईविएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया, इस क्रम में स्ट्रांग रूम में रखे गये इवीएम, वीवीपैट के रख रखाव, भवन परिसर के सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा ले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में प्रथम रेंडमाइजेशन से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## गृहनगर पहुंचे ओडिशा गवर्नर सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास सोमवार को जमशेदपुर पहुंचे है। जहां भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी समेत अन्य भाजपा नेताओं ने टाटानगर स्टेशन पर उनका जोरदार स्वागत किया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भुवनेश्वर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से जमशेदपुर पहुंचे जहां भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। उन्हें जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। इस दौरान टाटानगर स्टेशन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के अलावा बमामाईंस अध्यक्ष दीपक झा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, राकेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, हेमंत जैन, संदीप भारद्वाज, गौतम, अमरजीत सिंह, राजा तेजेन्द्र सिंह समेत अन्य सदस्य राज्यपाल के स्वागत में शामिल हुए।



## छात्र फेक विडियो फिल्टर करने के लिए रिसर्च करें : डॉ डीके सिंह

- आरवीएससीइटी में दो दिवसीय कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलोजी कांफ्रेंस शुरू
- झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति ने किया सम्मेलन का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्थानीय आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आज दो दिवसीय कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम रुझान विषय पर अंर्तराष्ट्रिय सम्मेलन शुरू हुआ। यह पांचवां सम्मेलन है जिसे आई ई ई ई कोलकाता और आर वी एस कॉलेज संयुक्त रूप से आयोजन करा रही है। सबसे पहले कॉलेज के प्रेक्षागृह में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया उसके बाद मुख्य अतिथि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डी के सिंह ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। मंच पर मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ भास्कर गुप्ता, (आई ई ई ई, कोलकाता), प्रो डॉ अबु बकर बीन अब्दुल हामिद (इन्फ्रास्ट्रक्चर यूनिवर्सिटी, क्वालालम्पुर मलेशिया), प्रो डॉ जी साहू (आई एस एम आई आई टी, धनबाद) आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष विन्दा सिंह सचिव भरत सिंह आदि मौजूद थे।



## हुड़दंगियों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की पुलिस बल ने की प्रैक्टिस





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- एसएसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी ने मॉक ड्रिल का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक नगर की उपस्थिति में पुलिस केंद्र गोलमुरी में मॉक ड्रिल आयोजन किया।

## गीता कोड़ा मामले को भाजपा ने गंभीरता से लिया है : जेबी तुबिद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह झारखंड के पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद से जमशेदपुर में खबर मन्त्र ने गीता कोड़ा के साथ मोहनपुर गांव में दुर्व्यवहार एवं कार्यकर्ताओं से मारपीट के मामले पर सवाल किया तो उन्होंने दो टूक कहा, भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। हमारी पार्टी प्रत्याशी चुनाव प्रचार करने गई थीं और भाजपा के संकल्प पत्र से ग्रामीणों को अवगत करवा रही थीं तभी एक पार्टी विशेष के समर्थकों ने हंगामा किया और मारपीट की। यह बहुत गंभीर मामला है। यह सब होगा तो चुनाव प्रचार कैसे होगा? प्रशासन ने इस मामले में गंभीर लापरवाही की है। एक बात तो साफ है कि भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा की जीत सुनिश्चित देख विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं के होश उड़ गए हैं। यह घटना इस बात को प्रमाणित करता है। तुबिद ने कहा कि गीता कोड़ा और जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुट गयीं हैं।

## 16 को साकची धालभूम क्लब मैदान में मनेगा राजस्थान दिवस

- रंगारंग कार्यक्रम में दिखेगी राजस्थानी संस्कृति की झलक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाडी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाडी सम्मेलन द्वारा 16 अप्रैल मंगलवार की शाम को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन के सामने घालभूम क्लब मैदान में राजस्थान दिवस (आपणो राजस्थान कार्यक्रम) धूमधाम से मनाया जायेगा। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला मारवाड़ी सम्मेलन की सारी शाखाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा के रही हैं और निमंत्रण कार्ड जन-जन तक पहुँचाने का काम कर रही है। व्हाट्सएप्प के माध्यम से भी सदस्यों को पर्सनल निमंत्रण भेजा जा रहा है। इस आयोजन में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए राजस्थान से कलाकार आ रहे है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि आपणो राजस्थान कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण कठपुतली नाच, मेहंदी, टैटू, बच्चों के लिए झूला, लाख की चूड़ी, मिट्टी के बर्तन, ऊंट की सवारी, चोखी ढाणी, राजस्थानी व्यंजन, चूर्ण, तोता पंडित, शूटिंग, सेल्फी कार्नर, बच्चों के लिए बासुरी, टॉफी कैंडी, कॉटन कैंडी, झालमुरी, चटपटी, पॉपकॉर्न, आइस क्रीम, पुचका, कचोरी चाट, बाबा चाट, मगोडी-पापड-अचार-खजला के काउंटर, राजस्थानी स्टोर इत्यादि होगा। मुकेश मित्तल ने बताया कि आपणो राजस्थान कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मराण्डी होंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवकुमार लोहिया और सम्मानित अतिथि के तौर पर सरयू राय (विधायक, जमशेदपुर पूर्वी) एवं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाशपति तोड़ी जी ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की फाइल फोटो।

## स्पीड न्यूज

### बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे बाबा साहेब डॉ अंबेडकर : लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के मंगलपुर और तरहसी प्रखंड के गरदू में बाबा साहेब की जयंती पर रात्रि में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता थीं। उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कहा कि डॉ अंबेडकर साहब भारत माता के माथे पर सुशोभित तिलक के समान हैं। वे समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, संविधान निर्माता, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। मौके पर उपेंद्र गुप्ता, अनूप गुप्ता, संतोष राम, उपेंद्र राम, सुरेंद्र यादव, पवन कुमार, सोनू राम विनोद राम, वीरेंद्र राना, गीता देवी, प्रभु राम, दिनेश राम भी थे।

### छापेमारी कर जावा महुआ किया नष्ट



**पाटन पलामू।** लोकसभा चुनाव को देख पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पाटन व किशुनपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान पाटन थाना प्रभारी लाल जी कुमार व किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने दल बल के साथ करीब 250 लीटर जावा महुआ नष्ट किया। पाल्हे कला, पांडेयपुरा, सुठा समेत अन्य गांव में महुआ शराब के खिलाफ अभियान चला। थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि यह छापामारी लगातार चलेगा। इसमें मुंशी मुकेश चौबे, जवान, चौकीदार हैदर अली शामिल थे।

### उरसुला में डॉ अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का किया गया अनावरण



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के उरसुला गांव के चारमुहान चौक पर संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गयी है। जिसका अनावरण समारोह पूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि बसपा नेता गोपाल राम थे। कहा कि बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की जरूरत है। रविवार रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### रामनवमी : लेस्लीगंज में फ्लैग मार्च



**नीलांबर पितांबरपुर।** पलामू एसपी के निर्देश पर रामनवमी पर्व को देख थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकला। फ्लैग मार्च लेस्लीगंज गांधी चौक होते हुए ढेला, कुरान पतरा, लेस्लीगंज, पथरही रोड़, श्रीरामपुर, कोट, छोटी मस्जिद होते हुए बड़ी मस्जिद लेस्लीगंज समेत समेत कई मुहल्लों का भ्रमण किया गया। जिसका नेतृत्व लेस्लीगंज थाना के एसआई प्रदीप कुमार एवं विक्रम शिल ने किया। फ्लैग मार्च नगर भ्रमण कर वापस थाना पहुंचकर समाप्त किया गया। प्रदीप कुमार ने कहा कि रामनवमी सभी लोग मिलजुल कर मनायें। फ्लैग मार्च में एएसआई अजय कुमार, राजू मांझी, अरुण बाउरी, गोविंद कुमार सहित दर्जनों जवान शामिल थे।

### सप्तमी को महावीरी झंडे की स्थापना



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन महावीर मंदिर के पास चैत्र माह की सप्तमी को मुख्य महावीरी झंडा की स्थापना की गयी। इसके पूर्व रेलवे स्टेशन परिसर मां काली मंदिर, नहर चौक शिव मंदिर, देवीधाम मंदिर, महादेव विश्वकर्मा मंदिर पर भी झंडा स्थापित किया गया। बताया गया कि निर्मार्णधीन महावीर मंदिर स्थल पर करीब एक दशक पूर्व से मुख्य महावीरी झंडा स्थापित होता रहा है। पंडित शशि पांडेय ने मंदिर में हनुमानजी और रामदरबार की तस्वीर की विधिवत पूजा अर्चना करायी। मौके पर नीरज अग्रवाल उर्फ दीपू, विवेक विशाल बंटी, जगत चौरसिया, अन्नू सिंह, सनी कुमार, विनय मेहता, मंटू यादव, राजू चौरसिया, रविरंजन सिंह, बिट्टू सिंह, छोटू यादव भी थे।

### संविधान बदलनेवालों से सावधान रहे देश के लोग: ओंमकारनाथ जायसवाल



**मेदिनीनगर।** शिक्षा रूपी शेरनी का दूध जो पियेगा वही दहाड़ेगा। अंबेडकर जयंती हम सबको अपने बच्चों को शिक्षा रूपी शेरनी का दूध पिलाना पड़ेगा तब समाज का परिवर्तन होगा। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वे बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री जायसवाल ने कहा कि कुछ लोग बाबा साहेब अंबेडकर निर्मित देश की संविधान बदला चाहते है उनसे सतर्क रहना पड़ेगा। संविधान बदलनेवालों से जनता सावधान रहे। मौके पर अरुण बर्मा, अरविंद राम, राकेश रवि, दिग्विजय पासवान, अमित गुप्ता, राजेश गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर ही समाज का होगा विकास : शशि कुमार



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दाता नगर में अम्बेडकर यूथ ग्रुप ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 133 वी जयन्ति समारोह के रूप में अयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु पासवान ने की और संचालन महिला नेत्री मीणा देवी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार व पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन एवं बसपा नेता बीरेंद्र राम ने बाबा साहेब के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं केक काटकर लोगो को उनकी जयंती सेलिब्रेट किया।

## माता दरबार में सेवा देने से सुखद अनुभूति : मुमताज

- झालखंडी मंदिर कमेटी ने सेवा के लिए मुमताज का किया स्वागत
- दूरदराज क्षेत्र से झालखंडी मंदिर में दीया जलाने आते हैं श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** आस्था के नाम पर व हिंदू के त्यौहार में लगातार कई वर्षों से समाजसेवी मुमताज खान पीने के पानी सहित श्रद्धालुओं को नहाने तक के पानी की व्यवस्था करते रहे हैं। रामनवमी (नवरात्र) पर तरहसी प्रखंड के मझौली स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां झालखंडी परिसर में समाजसेवी मुमताज खान कई वर्षों से सेवा के लिए तत्पर हैं। मुमताज कई पानी टैंकर के साथ अमानत नदी में जेसीबी से कई जगह पर तालाबनुमा बनवाते हैं ताकि श्रद्धालुओं को तपती धूप में पानी की कमी न हो। वे इसके लिए अपने खर्चे से अमानत नदी के तट पर दो-दो जेसीबी मशीन लगाकर कार्य करवाते हैं। मुमताज खान ने बताया कि ऐसे कामों में हिस्सा लेने में मुझे बहुत शांति मिलती है। इस महीने बहुत ही पावन महीना है अभी दो दिन पहले रमजान खत्म हुआ और रामनवमी शुरूआत है और बाबा साहब की भी जयंती मनायी जा रही है।

## भाजपा का घोषणा पत्र देश के लिए है संकल्प पत्र : बीडी राम

- पलामू के निवर्तमान सांसद बिष्णु दयाल राम ने चुनावी कार्यालय में प्रेस वार्ता की

**खबर मन्त्र संवाददाता**




प्रेस वार्ता में पलामू सांसद, विधायक व अन्य कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत भाजपा द्वारा देशस्तरीय घोषणा पत्र जारी किया गया है। इसे लेकर पलामू के निवर्तमान सांसद बिष्णु दयाल राम ने चुनावी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र देश हित के लिए संकल्प पत्र है। भाजपा जो भी कार्य करती है वह संकल्प के साथ करती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, रक्षामंत्री के द्वारा जो घोषणा पत्र जारी किया गया है उसमें देश के हर तबके के लोगों के उत्थान के लिए ध्यान में रखकर किया गया है। श्री राम ने कहा कि घोषणा पत्र में 70 साल के उपर बुजुर्ग लोगों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रूपये का निःशुल्क ईलाज देश के विभिन्न अस्पतालों में कराया जायेगा।

साथ ही मुद्रा योजना के तहत दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख रूपये किया गया है। गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना अगले पांच वर्ष तक के लिए बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री सूर्यगृह योजना के तहत मुफ्त बिजली, सोलर पावर के तहत दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जो घोषणा पत्र तैयार किया गया है उसमें देश के विभिन्न राज्यों एवं सभी संसदीय क्षेत्र से जनता का सुझाव मांगा गया था। जिसमें चार करोड़ से अधिक सुझाव आये थे। उसमें पांच करोड़ सुझाव ऑन लाइन शेष ऑफ लाईन के माध्यम से प्राप्त हुए थे। पलामू जिला से 513 सुझाव प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि भाजपा आम जनमत संग्रह के माध्यम से अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के रूप में जारी किया है।

कहा कि देश के सभी किसानों को प्रति वर्ष छह हजार आर्थिक मदद की जायेगी। साथ ही 60 वर्ष के उम्र के बाद देश के किसानों को पेंशन की सुविधा दी जायेगी। इसके अलावे 60 वर्ष के उम्र के बाद देश के छोटे दुकानदारों को भी पेंशन सुविधा मुहैया कराया जायेगा। श्री राम ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार आयोग का गठन किया जायेगा। देश के छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए उत्कृष्ट इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटों की बढ़ोत्तरी की जायेगी। सभी घरों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था आनेवाले वर्ष में किया जायेगा। देश में 75 नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी। देशवासियों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वामपंथी उग्रवाद का खात्मा होगा। प्रेस वार्ता में विधायक आलोक चौरसिया, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, श्यामनारायण दूबे, अमित तिवारी, परशुराम ओझा, प्रफुल्ल सिंह, विभाकरनारायण पांडेय समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# रामनवमी को लेकर डीसी एसपी ने किया फ्लैग मार्च

- शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी : उपायुक्त
- अफवाह फैलाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फ्लैग मार्च में शामिल पलामू डीसी-एसपी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** शांतिपूर्ण रामनवमी के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व में किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस भी मुकम्मल व्यवस्था कर रखी है। इसे लेकर जिला मुख्यालय में उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया, ताकि लोगों में शांति का पैगाम स्थापित हो सके। फ्लैग मार्च शहर थाना से निकलकर छह मुहान, अस्पताल चौक, कन्नी राम चौक होते लाल कोठा, मुस्लिम नगर, माली मुहल्ला, जिला स्कूल चौक होते हुए शहर के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए पुनः शहर थाना आकर समाप्त हुआ। उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिला में शांति व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त हैं। कहा कि जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में जो निर्देश पारित हुए हैं उसके आलोक में ही लोग पर्व को शांति और आपसी सौहार्द्र के तहत मनायें।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि शांति भंग करनेवालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि मुख्य जुलूस को समय अनुसार प्रातः में ही समाप्त करायें। उपायुक्त ने कहा कि अगले दो दिनों में फ्लैग मार्च जिले के विभिन्न प्रखंडों में निकाला जायेगा। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। जिले में दो सौ पुलिस एवं दो सौ होमगार्ड के अलावे अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिले के सभी एसडीपीओ के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

**लोकसभा चुनाव : उपायुक्त ने कैंपस अंबेसडर के साथ की बैठक**

# शत-प्रतिशत मतदान को लेकर लोगों को प्रेरित करने की अपील

- पलामू लोकसभा के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन
- फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डीईओ ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारियों से कराया अवगत :** बैठक में डीईओ श्री रंजन ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़ी विभिन्न जानकारी यथा ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट, फॉर्म 6, चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है से संबंधित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। कहा कि वोट हमें समानता का अधिकार देता है। वोट देकर मन में आत्मसंतुष्टि की भावना जागृत होती है इससे हम किसी के सामने गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है। आप अब अपने परिवारजनों, दोस्तों के बीच कुछ इसी प्रकार का संदेश लेकर जाये व उन्हें 13 और 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी रश्मि रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम समेत अन्य मौजूद थे।

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न विधानसभा में गठित कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक कर सभी से जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सब कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स है आपके कॉलेज में आपके जितने भी दोस्त 18 साल के ऊपर हैं उन सभी से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष से उपर है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें फॉर्म 6 के जरिये अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करने की बात कही।

### अवैध देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार जेल



**पाटन पलामू।** पंडवा पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापामारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनलोगों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली बरामद किया गया है। इस संबंध में पंडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि पंडवा थाना क्षेत्र में तीन लोग हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए सचिन कुमार मेहता, दशरथ कुमार मेहता दोनों ग्राम नावाडीह थाना पाटन व रोहित कुमार पांडेय ग्राम सेमरा थाना चैनपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सगुना मुखिया पुत्र को जान से मारने की धमकी

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना मुखिया मंजु देवी के पुत्र रंजीत को जान से मारने की धमकी दी गयी है। रंजीत सिंह के पास पीएलएफआई मोबाईल नंबर 9771062409 से फोन आया। कहा गया कि टाइगर जी के नाम पर लेवी हेतु धमकी दी जा रही है। साथ ही उसे जान से मारने की भी बात कही गयी है। इसे लेकर परिजनों में दहशत प्त है। पंचायत में विकास कार्यों के बदले मुखिया पुत्र से लेवी मांगी गयी है। लेवी नहीं देने पर अंजाम भुगतने को कहा गया है।

### हर्षोल्लास के साथ मनी आस्था का पर्व चैती छठ



**मोहम्मदगंज पलामू।** सूर्योपासना का पवित्र पर्व चैती छठ प्रखंड क्षेत्र में पूरे श्रद्धा उत्साह के साथ मना। भीम चूल्हा कोयल नदी, भजनिया कोयल काशीस्त्रोत के संगम स्थल सहित विभिन्न गांव में तालाब कुआं पर व्रतियों ने रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। सोमवार को व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्यदान कर परिजनों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। छठ को लेकर भजनिया स्थित घाट पर आकर्षक सजावट की गयी थी।

### दिव्यांगों को मतदान में मदद करेगी सक्षम ऐप



**मेदिनीनगर।** दिव्यांगजन भी आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान कर सकें इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग अथक प्रयास कर रही है। मतदान करने हेतु दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम ऐप विकसित किया गया है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों को मतदान के लिए पंजीकरण करने, अपना मतदान केंद्र को खोजने और वोट डालने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करेगी। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि पलामू लोकसभा के दिव्यांग मतदाता सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर आसानी से मतदान कर सकेंगे।

## चुनाव प्रशिक्षण लेने मेदिनीनगर गये सहायक अध्यापक की दुर्घटना में मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उधर, पलामू उपायुक्त ने मृत शिक्षक के आश्रित को मुआवजा देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी सहायक अध्यापक संघ के अजय कुमार ने दी है।

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में कार्यरत दिव्यांग सहायक अध्यापक अखिलेश पटेल (42) की मेदिनीनगर में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वे चुनाव कार्य हेतु प्रशिक्षण लेने अपने साला के साथ मेदिनीनगर गये थे। बताया कि रेड़मा बाईपास रोड में हाईवा की चपेट आने से उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी, दो पुत्री, एक पुत्र सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक 2004 में पारा शिक्षक के रूप में विद्यालय में नियुक्त हुए थे। सहायक अध्यापक के असामयिक निधन पर मुखिया फुल कुमारी देवी, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष सूरजमल राम, शिक्षक राकेश कुमार, मीना कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद, नवीन कुमार, राकेश कुमार, युगल रविदास, पंकज कुमार, विपुल रंजन, अर्चना कुमारी, संतोष कुमार भी मौजूद थे।

## महाभंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह लक्ष्मी नारायण यज्ञ का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखण्ड के केतात ग्राम पंचायत में नव निर्मित श्री राम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को महाभंडारे के साथ संपन्न हो गया। महाभंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह यज्ञ के अंतिम नव निर्मित राम जानकी मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम अपने दरबार के साथ विराजमान हुए। मौके पर श्री राम जानकी मंदिर निर्माण के प्रणेता शशि नाथ चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे, प्रादेशिक कांग्रेस नेता विजय चौबे, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, अरविंद चौबे, बालजी चौबे, नवीन चौबे, राजेश चौबे, हर्षवर्धन चौबे, राजीव चौबे राजू, मारकंडे चौबे, गोल्डेन चौबे, अवध किशोर चौबे सीहोर लोग मौजूद थे।

## थाना परिसर में केक काटकर मनायी गयी अंबेडकर जयंती

- बाबा साहेब के लिखित संविधान ने मुझे ताकत दी है : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना परिसर में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, अनिल कुमार सिंह एवं महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी व अन्य पदाधिकारियों ने केक काटकर जयंती मनायी। साथ ही बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के लिखित संविधान की देन है कि आज देश मे इतनी मजबूत कानून व्यवस्था हैं। उनके लिखित कानून से भारत की व्यवस्था संचालित होती है। महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो।

### पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय थाना पुलिस ने दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 90/23 के प्राथमिक अभियुक्त सेमरवार गांव निवासी दशरथ पासवान तथा रजवार के नंदू भुईयां 126/23 के प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने किया राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का भव्य स्वागत

- जमीन उपलब्ध करायें, जल्द बनेगा चेरो भवन : डॉ बिरेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के तत्वावधान में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह व शिक्षक सह समाजसेवी भरदूल सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ बिरेंद्र कुमार सिंह व इंजीनियर प्रमोद सिंह का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर महासंघ के पदाधिकारियों ने दोनों को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर चेरो जनजाति समाज के उत्थान व विकास पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन के मजबूती पर भी बल दिया गया। मौके पर महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने सामाजिक विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि संघ के लोग मेदिनी नगर में जमीन उपलब्ध करायें। कहा कि जमीन मिल जाने पर भूमी पूजन करते हुए चेरो भवन निर्माण कार्य में विशेष सहयोग किया जायेगा। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# भीम योद्धा कमेटी ने मनायी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**सतबरवा पलामू।** संविधान-निर्माता, अर्थशास्त्री, सामाजिक चिंतक, भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा गांव स्थित हलुआ चट्टान में भीम योद्धा कमेटी के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दरमियान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मूर्ति का भी अनावरण किया गया। वहीं रविवार की रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर राम, रबदा पंचायत के पूर्व पंसस धीरज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता भोलाराम ने फीता काटकर किया। गिरवर राम ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर समता मूलक समाज के पक्षधर थे जिन्होंने जीवन के अंतिम क्षण तक इस लड़ाई को लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सभी वर्ग समुदाय के लोगों के लिए सरकारी सुविधाओं में आरक्षण की व्यस्था किया। कुछ लोग बाबा साहब अंबेडकर को जाति के बंधन में बांधना चाहते हैं मगर बाबा साहब के अपने बुद्धि तथा कुशल राजनीतिज्ञ के कारण पूरी दुनिया याद करती है।

**खास बातें :** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर शुभकामना देते हुए कहा कि हम सबों को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। देश के विकास में बाबा साहब के अहम योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। दलित चिंतक विनोद कुमार ने कहा कि समाज में आज भी कई तरह के भेदभाव है जिसे शिक्षा से दूर किया जा सकता है। मौके पर जिप सदस्य के पति अजय उरांव, मुखिया पति शंभू उरांव, भोला मेहता, आशीष कुमार सिन्हा, राणा प्रताप कुशवाहा मनोज भुइयां, प्रदीप सिंह, जितेंद्र सिंह आदि भी थे।

# कुराईन पतरा हनुमान मंदिर में पांकी विधायक ने की पूजा अर्चना

**हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का द्वितीय पावन उत्सव आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि व अन्य श्रद्धालु।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के कुराईन पतरा श्री महावीर मंदिर में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का द्वितीय पावन उत्सव आयोजित किया गया। मौके पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता कुराईन पतरा श्रीमहावीर मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। साथ ही पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये।

मौके पर विधायक ने पंचायत व प्रखंड को स्वस्थ, सुख व समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने का कि कुराईन पतरा के ग्रामीणों पर भगवान महावीर की कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि मंदिर में लोग पूजा अर्चना कर पुण्य के भागी बनें। कहा कि पूजा अर्चना से हमें शक्ति मिलती है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर पंचायत पिपरा खुर्द पूर्व मुखिया एवं भाजपा नेता अजय पासवान, कुराईनपतरा पंचायत के मुखिया पुनम देवी, पति विरेंद्र चंद्रवंशी समेत कई लोग शामिल थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 16 अप्रैल को पूर्णिया में होने वाली रैली की तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानि 16 अप्रैल को पूर्णिया में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है।सोमवार को भाजपा के प्रमुख कार्यकताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया आ रहे है जो हम सब के लिए बड़े ही गर्व की बात है। इसलिए उन्होंने मीडिया के माध्यम से लोगों से अनुरोध किया कि कल भारी से भारी संख्या में पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में पहुंचे और अपने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुने। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रधानमंत्री 2014 के लोकसभा चुनाव में पूर्णिया आए थे। काफी हर्ष की बात है कि आज फिर 10 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमारे पूर्णिया एक बार पुनः पधार रहे हैं। हमारे लोकसभा के चुनाव प्रत्याशी संतोष कुशवाहा जी को वह अपना आशीर्वाद देंगे। पूर्णिया लोकसभा की सीट जदयू के खाते में आई है।



इसी बात को ध्यान में रखते हुए जब पूछा गया कि क्या कल इस रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे तो उनके आने की खबर को एक सिरे से नकार दिया गया कहा गया कि वह अन्य रैली में व्यस्त है। इस वजह से वह कल पूर्णिया नहीं आ पाएंगे। प्रधानमंत्री के इस रैली को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। कल होने वाली इस रैली से आम लोगों के जीवन पर कोई खास प्रभाव न पड़े। लोगों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बात का खास ध्यान रखा गया है। रैली में दूर से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था की गई है। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में जहां पर रैली होगी वहां पर भी बड़े ही भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है और आने वाले लोगों के लिए टोटल 25000 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जदयू के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, सदर विधायक विजय खेमका, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, सांसद सह लोकसभा चुनाव प्रत्याशी संतोष कुशवाहा, दरभंगा के सदर विधायक संजय सरावगी और अरविंद सिंह जी मौजूद थे।

## पीएम नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा से पहले निकला एनडीए का बाइक जुलूस, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**एजेंसी**

**पूर्णिया।** प्रधनमन्त्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को शहर के रंगभूमि मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के समर्थन में चुनावी आमसभा दिन के 11 बजे सुनिश्चित है।इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर एनडीए घटक दलों द्वारा एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के नेतृत्व में सोमवार को जिला मुख्यालय में बाइक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में बिहार सरकार की मंत्री लेशी सिंह, विधायक विजय खेमका पूर्णिया नगर निगम के उप महापौर पल्लवी गुप्ता और जदयू के प्रदेश महासचिव जितेंद्र यादव,उपमहापौर पल्लवी गुप्ता चुनावी रथ पर सवार थे। वहीं सैकड़ों बाइक और दर्जनों चार पहिया वाहन इस जुलूस का हिस्सा रहा। आज दिन के 4 बजे यह बाइक जुलूस फोर्ड कंपनी चौक स्थित प्रधान कार्यालय से निकला जो शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए गुजरा। जगह जगह महिलाओं और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने कुशवाहा का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया और उनका तिलक कर जीत का आशीर्वाद दिया।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के तमाम क्षेत्रों में संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं समाज सुधारक ज्योतिबा राव फुले की संयुक्त जयंती मनाई गई। वही मझिआंव में ब्लॉक मोड़ स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फुले अंबेडकर चेतना मंच द्वारा संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर एवं महान विचारक व समाज सुधारक ज्योतिबा राव फूले को माल्यार्पण कर संयुक्त रूप से जयंती मनाई गई। ब्लॉक मोड़ स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद फुले अंबेडकर चेतना मंच के द्वारा बाजार क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई तथा ब्लॉक मोड कार्यालय के सामने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक बैजनाथ राम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के द्वारा लागू किया गया संविधान को आज भी पूरी दुनिया संवैधानिक तरीके से मानती है। साथ ही उन्होंने कहा कि ज्योतिबा राव फुले एक महान विचारक एवं समाज सुधारक थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक पाल ने किया गया। मौके पर अशर्फी चंद्रवंशी, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, विनय पाल, धर्मेंद्र पाल, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र चंद्रवंशी, बृज नारायण सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



उपस्थित लोग

## डीएफओ ने बैठक कर जंगल बचाने की अपील की



बैठक करते डीएफओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** उतरी वन क्षेत्र के डीएफओ एबीन बेनी इब्राहिम ने प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से जंगल को बचाने का अपील किया।

डीएफओ ने बताया की जंगल, पहाड़ों से हमे ही नही जंगली जीव जंतुओं की जीने के लिए अनेक प्रकार के फायदे है। जिसे जानकारी के अभाव में या जन बूझकर कुछ लोग जंगल में लगे पेड़ पौधे और पहाड़ों को नुकसान पहुंचा रहे है जो कानून जुर्म है और वैसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने का भी वन विभाग के पास कानून है। कहा की लोग जंगल में अभी महुवा फल को चुनने के लिए अनावश्यक रूप से आग लगा रहे है जिससे पेड़ पौधे के साथ साथ जीव जंतु और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

ऐसे में पहले जंगल को बचाने के लिए आम ग्रामीणों की जिमेवारी बनती है की इस पर रोक लगाए। इस तरह की घटना की सूचना मिलते ही आग बुझाए या वन विभाग को सूचित करे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि तासबीन अंसारी, वार्ड सदस्य, बीडीसी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## महीनो तक रिलेशनशिप का मामला पहुंचा थाना, 7 पर प्राथमिकी दर्ज

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के पुरहे पंचायत अंतर्गत एक गांव की बालिक लड़की ने अपने पार्टनर नगर उंटारी थाना क्षेत्र के राहुल कुमार पर रिलेसनशीप में धोखा देने का आरोप लगाया है। साथ ही मझिआंव थाना में राहुल कुमार एवं उसके घरवालों सहित सात लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा इस मामले को मझिआंव थाना कांड संख्या 29/2024,दिनांक 12/04/2024 की धारा 376,(2)(ठ),417/ 504/ 506/34भादवी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बालिक लड़की ने बंशीधर नगर के राहुल कुमार के साथ प्रेम संबंध में शादी कर ली। उसके बाद कई महीनों तक रिलेशनशिप में रही। इसके बाद राहुल एवं उसके परिजनों के बीच खटास पैदा हो गया और लड़की को रखने से इनकार कर दिया। इसी बीच लड़की के परिजन एवं अन्य लोगों के द्वारा काफी प्रयास किया गया कि लड़की की शादी कर उसे उसी के घर भेजा दिया जाय।

# रामलला मन्दिर में राम विवाह का जश्न, वनवास पर छाई उदासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** श्री राम लला मंदिर में आयोजित राम कथा के पांचवें एवं छठे दिन की कथा बहुत ही खुशियों एवं दुःखों से भरा रहा। महाराज कृष्णकांत जी ने पांचवें दिन की कथा में राम विवाह प्रसंग पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां सीता धरती पुत्र थी। राजा जनक के घर में जो धनुष था, उसमें 10 हजार हाथियों का बाल समाहित था। राजा जनक जी ने सीता जी को झाड़ू देने के दौरान एक हाथ से उस धनुष को उठाने का दृश्य देख लिया था। सीता जी धनुष को इस तरह उठाई मानो कोई तिनका हो। उसके बाद राजा जनक ने यह प्रण ले लिया की जो इस धनुष का भंजन करेगा। वही सीता का वर बनेगा।

उसी से सीता का विवाह कराया जाएगा। इसके लिए उन्होंने स्वयंवर आयोजित की। जिसमें देवता से लेकर दानव तक शामिल हुए। हजारों भुजाओं वाला सहस्त्रबाहु, तीनों लोकों का विजेता दशानन रावण भी स्वयंवर का हिस्सा बना। सैकड़ो बलशाली राजाओं के साथ दो बालक राम और लक्ष्मण ने भी स्वयंवर में भाग लिया।

हालांकि इन दोनों कोमल कुमारों के स्वयंवर में प्रवेश के दौरान वहां उपस्थित घमंडी बलशाली राजाओं उनकी खिल्ली भी उड़ाई। कहा कि उनके सामने ये बच्चे क्या चीज हैं। ये क्यों यहां आए हैं। अपनी शक्ति एवं उभरी भुजाओं पर अभिमान करने वाले एक-एक कर सभी राजा धनुष को हिलाने में भी असफल रहे। राजा जनक इससे काफी दुःखित हो गए। उन्हें लगने लगा कि अब सीता को कोई वर नहीं मिल सकेगा। उसके बाद सभासद में उपस्थित राजाओं ने यह निर्णय लिया कि हम सभी मिलकर एक साथ धनुष का भंजन करेंगे और उसके बाद हम सब आपस में युद्ध करेंगे। अंत में जो बचेगा वही सीता का पति कहलाएगा।

इस प्रसंग को सुन लक्ष्मण जी को रहा नहीं गया। वह मानो राम के प्रतिनिधि के रूप में राजा जनक से कहने लगे। हे राजन यह धनुष तो उनके लिए कुछ भी नहीं है। वह चाहें तो ब्रह्मांड को गेंद की तरह उठा लें और धरती को एक ही वाण में टुकड़े-टुकड़े कर दें। जनक जी को लक्षण जी की बातों पर तनिक भी भरोसा नहीं हुआ, परन्तु सीता जी को राम पर 100 प्रतिशत विश्वास हो गया था और वह राम को वर के रूप में मन ही मन वरण की कर लीं। उन्होंने धरती मैया से प्रार्थना किया कि कि मैया अब तुम्हारा आशीर्वाद ही इस यज्ञ को सफल बना सकता है। राजा जनक को व्यथित देख विश्वामित्र जी ने उनका ढाढस बढ़ाया और राम को धनुष भंजन की आज्ञा दी।

राम के स्पर्श में आते ही धनुष खण्डित हो गया। स्वयंवर खुशियों से झूम उठा। सीता के साथ राम जी का विवाह हुआ। वहीं लक्ष्मण, भारत और शत्रुध्न का भी विवाह राजा जनक की अन्य पुत्रियों के साथ हुआ। इस विवाह की खुशियां अयोध्या में भी मनाई गई। राम विवाह के अवसर पर रामलला मंदिर में एक झांकी निकाली गई और दिल खोलकर खुशियां मनाई गई। कथा के छठे दिन महाराज जी ने कहा कि अयोध्या में राम जी की ताजपोशी की तैयारी चल रही थी। उसकी तिथि तय हो गयी थी। निर्धारित तिथि की रात्रि पूर्व महारानी कैकई ने राजा दशरथ को उनके दो वरदान देने की बात याद कर दी और दो वर मांग डाली। पहला अयोध्या में उनके पुत्र भरत को राजगद्दी और दूसरा राम को 14 वर्ष को वनवास।

राजा दशरथ ने भारत को अयोध्या का राजा बनाने की बात मान ली, किन्तु राम को वनवास भेजने की तुलना अपने प्राण से कर डाली। उन्होंने कहा कि राम उनके प्राण हैं। यदि वह वनवास जाते हैं तो उनके शरीर से प्राण ही निकल जाएगा। हालांकि महाराज जी ने कहा कि यह वरदान कैकई ने नहीं बल्कि स्वयं राम ने मांगी थी। राम ने पूर्व में ही मां कैकई से ये दो वरदान पिता जी से मांगने का वचन ले लिया था। चुकी कैकई राम से असीम प्यार करती थी। इसलिए राजा दशरथ से ये दो वरदान मांगे थे। यह जानते हुए की इसके बाद वह कलंकिनी मां के रूप में पहचाने जाएंगी। फिर भी उन्हें राम के लिए कुछ भी मंजूर था। राम जी के साथ माता सीता एवं भैया लक्ष्मण जी वनवास के लिए निकल पड़े। आगे उन्होंने निषाद राज के यहां रात्रि विश्राम किया एवं सुबह गंगा पार करने के लिए केवट से उनका दिन भर का संवाद होता रहा। केवट ने राम जी को गंगा पार करने से इनकार कर दिया। कहा कि आपकी पद धुली में इतनी शक्ति है कि पत्थर भी नारी बन जाती है। यदि आप नाव पर पैर रखते हैं तो उसकी नाव भी महिला बन जाएगी। इससे दो परेशानी होगी।

एक तो उनकी पत्नी उसे बेवजह झगड़ा करेगी कि तुम दूसरी शादी कर लाया है। और दूसरी परेशानी उसके घर परिवार का संचालन नहीं हो पायेगा। क्योंकि एक मात्र नाव ही है उनके भरण पोषण का साधन। यह भी नारी हो गयी तो कमाई कैसे होगी। इसलिए वह अपने नाव पर तभी बैठाएगा जब आप अपना पैर परछालन कराएंगे। लक्ष्मण जी के गुस्से के बावजूद राम और केवट में लंबा संवाद चला।अंत में भगवान राम ने पैर परछालन की अनुमति दे दी। केवट ने अपने परिवारजनों, अन्य केवट के संतानों एवं अपने पुरखों के लिए राम जी का पैर धोकर उसे पिया, अन्य लोगों और अपने पुरखों को समर्पित किया। तत्पश्चात भगवान राम को अपने नाव पर बैठकर गंगा पार किया। केवट ने भगवान से नाव का किराया नहीं लिया। कहा कि दोनों का काम एक ही है। एक केवट दूसरे केवट से भला किराया कैसे लेगा। राम ने पूछा दोनों का काम एक कैसे है।

केवट ने बड़ा ही मार्मिक होकर कहा। हे प्रभु हम लोगों को गंगा पर लगाते हैं आप तो भवसागर पा लगाते हैं।कथा के छठे दिन मां दुर्गा की झांकी निकाली गई। मनमोहक झांकी के दर्शन के पश्चात भक्तगणों ने अपने आप को भक्ति संगीत एवं नृत्य में विभोर कर लिया। देखते ही देखते वहां का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। इस मौके पर रामलला मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्य। कमलापुरी वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। इसकी जानकारी श्री रामलला मन्दिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने दी।





राम विवाह की झांकी व खुशियां मनाते भक्तगण

## पेज एक का शेष

### कम बारिश हुई ...

**कम बारिश हुई तो कैसे मिलेगा पानी :** अदालत ने जल संसाधन और नगर विकास विभाग से पूछा कि यदि कम बारिश हुई तो लोगों को पीने का पानी कैसे उपलब्ध कराया जायेगा। इसकी जानकारी अगली सुनवाई को शपथपत्र के माध्यम से दी जाये। साथ ही नगर निगम को यह बताने को कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। निगम की ओर से बताया गया कि रांची के बड़ा तालाब की सफाई काम तेजी से जारी है। कीचड़ निकाला जा रहा है। अक्तूबर तक ट्रीटमेंट प्लांट शुरू हो जायेगा। तालाब में जाने वाले नाले के पानी को ट्रीटमेंट करने के बाद ही छोड़ा जायेगा।

### अर्ध्य देने जा...

**हादसे पर जताया दुख :** छठ के मौके पर हुए इस हादसे पर सीएम चंपई सोरेन, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह समेत तमान नेताओं ने शोक जताया है। सांसद श्री सेठ ने कहा, घटना से मन बहुत व्यथित है। प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर मृतकों को मोक्ष प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### हेमंत सोरेन मामला ...

**हेमंत सोरेन ने मांगी जमानत :** वहीं दूसरी और लैंड स्कैम केस में हेमंत सोरेन ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। उनकी याचिका पर कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। इस केस के प्रमुख आरोपी श्री सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। मालूम हो कि सीएम के पद से इस्तीफा देने के बाद हेमंत को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था। हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दायर कर चुकी है। इस पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है।

### वन नेशन वन ...

**इंदिरा गांधी की रुद्राक्ष माला का जिक्र :** पीएम मोदी से हाल ही में तमिलनाडु की डीएमके नेता के सनातन विरोधी बयानों को लेकर सवाल किया गया। जवाब देते हुए पीएम मोदी ने सवाल को कांग्रेस की तरफ मोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस सवाल का जवाब कांग्रेस को देना चाहिए कि आखिर उनकी क्या मजबूरी है कि वो ऐसा बयान देने वाले दलों के साथ हैं। इसी दौरान मोदी ने उस वाकये को भी याद किया और कहा कि इंदिरा गांधी भी रुद्राक्ष की माला ग्रहण करती थीं। अब उनकी पार्टी सनातन विरोधी बयान देने वालों के साथ क्यों खड़ी है। ये वही कांग्रेस है, जिसकी नेता इंदिरा गांधी गले में माला पहनकर घूमती थीं। सवाल कांग्रेस से है कि उनकी क्या मजबूरी है, जो सनातन के खिलाफ जहर उगलने वालों के साथ है।

**कांग्रेस में विकृति चिंता की बात :** पीएम मोदी ने आगे कहा, 'ये कांग्रेस की सोच में कौन सी विकृति आ रही है, ये चिंता का विषय है। डीएमके का तो जन्म शायद इस नफरत के कारण हुआ होगा। धीरे-धीरे उनके नफरत के खेल को लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। इसलिए वो नये नये तौर तरीके अपना कर बोल रहे हैं। ऐसे में सवाल उनसे नहीं है कांग्रेस से है कि क्या कांग्रेस ने अपना मूल कैरेक्टर गवां दिया है क्या। सनातन के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोलने के साथ ही मोदी ने संविधान में सनातन से प्रेरित पेंटिंग्स के इस्तेमाल का भी जिक्र किया। संविधान में सनातन का गौरवपूर्ण हिस्सा है और आज जो लोग सनातन को गालियां दे रहे हैं आप (कांग्रेस) उनके साथ मंच साझा कर रहे हैं।

**चुनावी चंदे पर बोले पीएम मोदी :** इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द किये जाने पर कहा कि जब वो (विपक्ष) इस पर ईमानदारी से सोचेंगे तो सब लोग पछतायेंगे। मोदी ने राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड में धांधली के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा, "इलेक्टोरल बॉन्ड से सबको पैसों का ट्रेल मिला है। इससे किसने दिया, कैसे दिया, कहां दिया जैसे सवालों का जवाब मिला है। इंटरव्यू में टेस्ला के मालिक एलन मस्क की भारत यात्रा और उनके पीएम मोदी का प्रशंसक होने पर भी सवाल किया गया। जब पीएम मोदी से पूछा गया कि क्या भारत में टेस्ला की कारें और स्टारलिंक जैसे प्रोजेक्ट आयेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि एलन मस्क मोदी के प्रशंसक हैं, ये अलग चीज है, लेकिन वो भारत के प्रशंसक हैं।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोकआस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न



सूर्य को अर्घ्य देती छठ व्रती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोकआस्था का महापर्व चैती छठ पूजा का समापन हो गया। सोमवार को अहले सुबह से ही डंडई के बगीचा छठ घाट पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने दानरो नदी में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। सभी ने नेम-निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अपर्ण कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने हवन कर 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला व्रत को संपन्न किया। इसके बाद प्रसाद खाकर पारण किया और घर में बने अरवा चावल का भात, कढ़ी, चने की दाल, सब्जी आदि का आहार ग्रहण किया। गौरतलब है कि कार्तिक छठ व्रत की तरह ही चैती छठ भी कठिन तप वाला व्रत माना जाता है।

इस व्रत में चार दिवसीय अनुष्ठान होता है, जिसमें पहले दिन दाल-चावल और कद्दू की सब्जी का भोग लगता है। दूसरे दिन खरना होता है। खरना में चावल की खीर, पुड़ी और फलहार का प्रसाद बनाया जाता है। खरना के अगले दिन शाम के समय अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जाता है, जबकि उसके अगले दिन उदयाचलगामी भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ पर्व का समापन किया जाता है।

# विषम परिस्थितियों में सत्कर्म एक कवच की तरह कार्य करता है : प्रपन्नाचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चल रहे रामकथा में अयोध्या निवासी पूज्य संत श्री बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी ने राम जी के बाल चरित्र का एवं राम विवाह का सुन्दर एवं सारगर्भित वर्णन किया। इस दौरान राम विवाह के अवसर पर बच्चों के द्वारा सुंदर झांकी के साथ गढ़देवी मन्दिर से बारात निकाली गई। पुष्प वृष्टि द्वारा झांकी तथा नाच गान कर रहे बारातियों का स्वागत किया गया तथा पूरी हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि भगवान सदाशिव ने केवल सती के शरीर का ही त्याग नहीं किया वरन् श्रीराम की सेवा के लिए स्वयं के शरीर का भी त्याग कर दिया। वानररूप हनुमान बनकर भगवान शंकर ने श्री रामजी व उनके परिवार की ऐसी सेवा की, आज भी कर रहे हैं और भविष्य में भी अनन्तकाल तक करते रहेंगे। वे काकभुशुण्डिजी के साथ बहुत समय तक अयोध्या की गलियों में घूम-घूमकर आनन्द लूटते रहे। एक बार शंकर जी काकभुशुण्डि को बालक बनाकर और स्वयं त्रिकालदर्शी वृद्ध ज्योतिषी का वेष धारणकर शिशुओं का फलादेश बताने के बहाने अयोध्या के रनिवास में प्रवेश कर गए। श्रीराम की शिशुक्रीड़ा देखकर परमानन्द में डूबे भोलेनाथ माता कौसल्या ने जैसे ही शिशु श्रीराम को ज्योतिषी की गोद में बिठाया तो शंकरजी का रोम-रोम पुलकित हो उठा। प्रपन्नाचार्य जी ने अपने भजनों के माध्यम से कहा कि अपने जीवन मे सुकृत अर्जित करना चाहिए। सत्कर्म अनिष्ट से हमारी रक्षा करता है। विषम परिस्थितियों मे सत्कर्म एक कवच की तरह कार्य करता है। मनुष्य को हमेशा सत्कर्म की ओर प्रवृत होना चाहिए। विश्वामित्र जी अपने शिष्यों के साथ राजा दशरथ के पास पहुंचते हैं तथा उनसे राम लक्ष्मण को मांगते हैं। राजा दशरथ पहले तो इन्कार करते हैं, लेकिन बाद में गुरु वशिष्ठ जी के समझाने पर राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र जी के हाथ में सौंप देते हैं। श्री राम तथा लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ उनके आश्रम में चले जाते हैं। जहां पर विश्वामित्र श्री राम को बताते हैं कि एक राक्षसी ताड़का उनके हर यज्ञ में विघ्न डालती है इसलिए उसका विनाश करना आवश्यक है।

इसके बाद ताड़का के दोनों भाई मारीच और सुबाहु के साथ भगवान श्रीराम का युद्ध होता है। इस युद्ध में भगवान श्रीराम का बाण लगने से मारीच सौ योजन दूर जाकर गिरता है तथा सुबाहु मृत्यु को प्राप्त होता है। अहिल्या की सुन्दरता पर स्वयं इंद्र देव मोहित होकर प्रेमवासना कामना के साथ अहिल्या से मिलने पृथ्वी लोक आये, लेकिन गौतम ऋषि के होते यह संभव नहीं था। मौके पर द्वारकानाथ पाण्डेय, दिलीप पाठक, राजन पाण्डेय चंदन जायसवाल, अवधेश कुशवाहा, मनीष कमलापुरी, दिलीप श्रीवास्तव, श्रीपति पाण्डेय, अमित पाठक, नितेश कुमार, दीनानाथ बघेल, गुड्डू हरि आदि उपस्थित थे।



बालस्वामी प्रपन्नाचार्य व अन्य

स्पीड न्यूज

## छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में ईडी फिर एक्शन की तैयारी में

रायपुर(हि.स.)। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग का केस सुप्रीम कोर्ट से रद्द होने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नया केस रजिस्टर करने की तैयारी शुरू कर दी है। शराब मामले में ईडी इसी हफ्ते नया केस रजिस्टर्ड कर सकता है। इसमें सभी 70 लोगों तथा फर्मों के साथ-साथ और अन्य लोगों को भी शामिल किया जाएगा। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुरूआती दौर में केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद ईओडब्ल्यू में एफआईआर के बाद जांच छत्तीसगढ़ की एजेंसी के हवाले कर दी थी। तीन दिन पहले चर्चा थी कि ईडी ने इसी मामले में नई एफआईआर कर ली है लेकिन सूत्रों के मुताबिक सोमवार को नया केस रजिस्टर करने की तैयारी शुरू की गई है। शराब मामले में ईडी इसी हफ्ते नया केस रजिस्टर्ड कर सकती है। इसमें सभी 70 लोगों तथा फर्मों के साथ-साथ और अन्य लोगों को भी शामिल किया जाएगा। दरअसल, मनी लांड्रिंग का केस सुप्रीम कोर्ट से रद्द होने के बाद ईडी ने इस मामले में विधि विशेषज्ञों की राय ली थी।

## मैनपुरी समेत उप्र की 80 सीटों पर खिलेगा कमल : डॉ मोहन

मैनपुरी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैलीकॉप्टर से सोमवार को सैफई हवाई पट्टी पहुंचे। सैफई में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोहन यादव का स्वागत किया। इसके बाद एक सभा को संबोधित कर जमकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने सभा में उपस्थित पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता से कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का उत्साह उत्तर प्रदेश में चारों तरफ देखकर मन आनंदित है। मैनपुरी सहित यहां लोकसभा की सभी 80 सीटों पर प्रचंड जीत के साथ कमल खिलेगा। यहां भाजपा प्रत्याशी को वोट करने और विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारी गणों और कार्यकर्ता साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# तीसरे विश्व युद्ध की आहट, नेतन्याहू पर सबकी नजर

## ईरान और इजरायल की जंग ने बढ़ा दी दुनिया की टेंशन

एजेंसी



**तेल अवीव, वॉशिंगटन।** ईरान की ओर से इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें और ड्रोन दागे जाने के बाद पूरी दुनिया में टेंशन का माहौल है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे पश्चिमी देश और रूस, चीन और भारत जैसी एशियाई शक्तियों की घटनाक्रम पर पैनी नजर बनी हुई है। हर किसी की निगाह फिलहाल इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर टिकी हुई है कि वह अगला फैसला क्या लेते हैं। इस बीच नेतन्याहू सरकार ने वॉर कैबिनेट की दूसरी मीटिंग बुला ली है। इसमें मंथन होगा कि आखिर कैसे ईरान की हरकत का माकूल जवाब दिया जाएगा। इससे पहले रविवार को भी मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में यह सहमति बनी थी कि ईरान से बदला लिया जाएगा, लेकिन कैसे लेंगे यह तय नहीं हो सका था। इजरायल की ओर से फिलहाल संभलकर कदम उठाने के संकेत मिले हैं, लेकिन नेतन्याहू सरकार अपने सख्त तेवरों के लिए जानी जाती है। ऐसे में वह कोई सरप्राइज अटैक का फैसला भी कर सकते हैं। इस बीच दुनिया भ? के नेताओं का रिएक्शन आया है और उन्होंने ईरान एवं इजरायल से शांति की अपील की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मैं इसकी तीखी निंदा करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने इजरायल से भी संयम की अपील की। खबर है कि बेंजामिन नेतन्याहू तुरंत युद्ध में भी कूदना चाहते थे, लेकिन बाइडेन ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। फिर इजरायल यदि उतरेगा भी तो अमेरिका सक्रिय तौर पर हिस्सा नहीं लेगा। बाइडेन के अलावा यूरोपीय नेताओं का भी कहना है कि अब खूनखराबा रुकना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि मैं ईरान की ओर से किए हमले की निंदा करता हूं। ईरान की इस हरकत से पश्चिम एशिया में स्थिरता को खतरा पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपील करता है कि दोनों देश तनाव से बचें। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बाएरबॉक ने भी अपील की कि शांति बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने ईरान की ओर से किए हमले की निंदा की भी की और कहा कि उसने दुनिया को एक नए खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके सहयोगी आतंकी संगठनों को तत्काल रुक जाना चाहिए। ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि हम ईरान की हरकत की कड़ी निंदा करते हैं। सऊदी अरब, मिस्र, बहरीन, यूएई और कुवैत समेत कई खाड़ी देशों ने भी इस तनाव को कम करने की अपील की है। वहीं दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने तो साफ कहा कि यह तीसरे विश्व युद्ध की आहट है। यदि इसे अभी नहीं रोका गया तो ईरान का हमला तीसरे विश्व युद्ध की एक प्रस्ताव हो सकता है। उन्होंने कहा, 'इसका पहले से अनुमान था। ऐसा लगता है कि हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी अपील है कि मानवता के लिए युद्ध को टाल दिया जाए।

## कांग्रेस, यूडीएफ और एलडीएफ पर मोदी का तीखा हमला

# सभी के पास उपलब्धियां गिनाने के लिए कुछ भी नहीं : मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पीएम मोदी ने आज केरल में एक चुनावी रैली में यूडीएफ और एलडीएफ पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों की विश्वसनीयता ऐसी है कि दशकों के शासन के बाद भी उनके पास अपनी उपलब्धियों के रूप में गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है। मोदी अपने केरल प्रवास के दौरान अलाथुर के बाद आट्टिंगल में दूसरी चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों की विश्वसनीयता ऐसी है कि दशकों के शासन के बाद भी उनके पास अपनी उपलब्धियों के रूप में गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है। जब वे लोगों के बीच जाते हैं तो झूठ बोलकर केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास करते हैं। मोदी ने सवाल किया, ह्लआज केरल के कई हिस्सों में जल संकट पैदा हो गया है। लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इसका श्रेय किसे लेना चाहिए? आज केरल का कॉयर उद्योग बंद होने के कगार पर है। कॉयर उद्योग के श्रमिकों की आजीविका दांव पर है। इसका श्रेय कौन लेगा? उन्होंने भाजपा के हाल में जारी घोषणा पत्र को लेकर कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि हम वैश्विक पर्यटकों को अपनी विरासत से जोड़ेंगे और अपनी विरासत को विश्व विरासत का दर्जा देंगे। केरल में ऐसा होने की बहुत संभावना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की योजना प्रमुख पर्यटन स्थलों का समग्र विकास है। भाजपा केरल में इको-पर्यटन के लिए नए केंद्र भी स्थापित करेगी। इससे हमारे आदिवासी परिवारों को होमस्टे के लिए वित्तीय मदद भी मिलेगी। भाजपा के संकल्प पत्र पर अधिक प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया, ह्लभाजपा ने अपने संकल्प पत्र में तटीय रेखा संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इस पहल से केरल में मछुआरों को काफी मदद मिलेगी। हमारे प्रयासों का उद्देश्य उनकी आजीविका की रक्षा करना होगा।

### लोकलुभावन नहीं, पूरे होने वाले वादों का ही संकल्प

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वर्ष 2024 के आम चुनाव के लिए जारी संकल्प पत्र को विकास और सुशासन पर केंद्रित किया गया है। भाजपा ने कोशिश की है कि किसी विवादित मुद्दे को संकल्प में शामिल न कर विकास के एजेंडा को पटरी से उतरने से बचाया जाएगा। वैसे तो भाजपा सरकार के कार्यकाल में सुशासन और विकास को केंद्र में रखकर काम किया जाता है। चाहे वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार रही हो या नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल रहा हो। लेकिन अपने वोट बैंक को एकजुट करने के लिए भाजपा हिंदुत्व के एजेंडे को अपने संकल्प में शामिल करती रही है। भाजपा के तीन कोर एजेंडा में राममंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, समान नागरिक संहिता लागू करना शामिल रहता था। इन तीनों एजेंडा के कारण भाजपा 2 सीटों वाली पार्टी से 303 सीटों वाली पार्टी बन गयी। राममंदिर का निर्माण हो चुका है। अनुच्छेद 370 हट चुका है और समान नागरिक संहिता भी भाजपा शासित उत्तराखंड में लागू हो चुका है। भाजपा शासित बाकी राज्य भी यूसीसी लागू करेंगे। भाजपा अपने घोषणा पत्र में यूसीसी पूरे देश में लागू करने की बात कही है लेकिन साथ में यह भी लिखा है कि यह संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्यों के नीति निदेशक तत्व के तहत है। इशारा साफ है कि राज्य ही यूसीसी लागू करेंगे। संकल्प पत्र में पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों और कायरें का व्यौरा दिया गया है और अगले पांच वर्ष से लेकर 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का रोडमैप पेश किया गया है। प्रधानमंत्री ने स्वयं कहा कि उनका एजेंडा अगले एक हजार वर्षों के लिए है। संकल्प पत्र में 24 अध्याय शामिल है। इन 24 अध्यायों के जरिये मोदी की गारंटी दी गयी है।

## राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच पर भड़कीं कांग्रेस

# सुप्रिया ने उठाये सवाल, कहा, सबकी जांच हो

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आज तमिलनाडु के नीलगिरी पहुंचने पर चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा उनके हेलिकॉप्टर की तलाशी की गई। राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर चेकिंग पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सवाल उठाए हैं। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच की है। एजेंसी के मुताबिक, राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जा रहे थे, जहां उनकी कई प्रचार सभाएं आयोजित थीं। इस दौरान हेलीकॉप्टर के नीलगिरी में उतरने के बाद उड़नदस्ते के अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली। इस पर दिल्ली में कांग्रेस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जांच से हमें दिक्कत नहीं, लेकिन, आप सबके हेलीकॉप्टर की जांच कीजिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। लेकिन, चुनाव आयोग ऐसे ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के हेलीकॉप्टर को चेक करे। चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है, जिसके अधीन इस समय कानून-व्यवस्था है। 'सांच को आंच नहीं', आप चाहे कितनी भी जांच कर लीजिए। चुनाव आयोग से जुड़ी टीम ने सोमवार को तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर की जांच की थी। हेलीकॉप्टर के नीलगिरी में उतरने के बाद फ्लाइंग स्क्वाड ने तलाशी ली। राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जा रहे थे, जहां उनकी प्रचार सभाएं हैं। राहुल गांधी वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसी बीच सोमवार को चुनाव आयोग ने बताया कि उसने देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक जब्ती की है। प्रवर्तन एजेंसियों ने बीते कुछ दिनों में रिकॉर्ड 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की है। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होने से पहले ही धनबल के खिलाफ चुनाव आयोग ने 4,650 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यह जब्ती 2019 में पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान जब्त 3,475 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

### ममता ने आइटी को दी भाजपा नेताओं के हेलीकॉप्टर की जांच करने की चुनौती



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आयकर अधिकारियों को उन हेलीकॉप्टर की जांच करने की चुनौती दी, जिनका इस्तेमाल चुनाव प्रचार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता कर रहे हैं। ममता का यह बयान तृणमूल कांग्रेस के उस दावे को लेकर उपजे विवाद के बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि पार्टी नेता अभिषेक बनर्जी द्वारा इस्तेमाल किए गए हेलीकॉप्टर को निशाना बनाकर आयकर अधिकारियों द्वारा छापा मारा गया। उन्होंने कहा, आयकर अधिकारियों ने छापेमारी की और परीक्षण (ट्रायल रन) से पहले अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिला। उन आयकर अधिकारियों ने दावा किया कि उनके पास सूचना थी कि हेलीकॉप्टर में पैसा और सोना है, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा, यह भाजपा है, जो इस तरह की चीजों में शामिल है। लेकिन क्या केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी कभी भाजपा नेताओं के हेलीकॉप्टर की जांच करने की हिम्मत करेंगे। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उसके महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर कोलकाता के बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा और आरोप लगाया कि यह उन विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने के लिए भाजपा की सुनियोजित चाल है

# मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ को 21 पूर्व न्यायाधीशों ने लिखी चिट्ठी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के लगभग 21 पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका पर दबाव बनाने और उसे कमजोर करने' के लिए किए जा रहे कथित प्रयासों से भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को एक पत्र के जरिए अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। पूर्व न्यायाधीशों ने पत्र में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि हमारी कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में शीर्ष अदालत के चार पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एम आर शाह शामिल हैं। इनके अलावा हस्ताक्षर करने वालों में बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने अपने पत्र में कहा, ₹हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। पत्र के जरिए पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व (न्यायपालिका पर कथित दबाव बनाने और कमजोर करने का प्रयास करने वाले) संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।

## अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने अगली सुनवाई 23 अप्रैल को उन्हें फिर वर्चुअल माध्यम से पेश करने का ईडी को निर्देश दिया। श्री केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समान की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने इसी मामले की सह आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया।

# रामनवमी को लेकर अयोध्या में चाकचौबंद सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी

एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार मनायी जाने वाली राम नवमी के मद्देनजर लाखों श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने की उम्मीद है, जिसको लेकर सुरक्षा इंतजाम कड़े किये गये हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया मेले की चाक चौबंद व्यवस्था के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र को कुल सात जोन तथा 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को दो जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मेले के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 150 निरीक्षक, 400 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, 1305 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 270 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 15 कंपनी पीएसी, बाढ़ राहत की दो कंपनी, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम व आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की एक टीम को अतिरिक्त तैनात किया गया है। बयान के मुताबिक, संपूर्ण मेला क्षेत्र में 50 स्थानों पर पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं व विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से येलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है। बयान में बताया गया कि इसके अतिरिक्त सरयू नदी व राम की पैड़ी पर सुरक्षा के लिए जल पुलिस, विभिन्न मंदिरों व मेला क्षेत्र में पुलिस एवं पीएसी बल की व्यवस्था की जाएगी। अयोध्या धाम में चारों तरफ विभिन्न स्थानों पर 24 एएनपीआर कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन किया जाएगा।

# पुरी में भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज तक वंचित है भाजपा

एजेंसी

**पुरी।** आध्यात्मिकता और पर्यटन के लिए विश्व भर में मशहूर ओडिशा में पुरी के राजनीतिक इतिहास में एक दिलचस्प तथ्य है कि यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यहां भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज तक वंचित है और उसे लोकसभा के किसी भी चुनाव में जीत का आशीर्वाद नहीं मिला। वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे देश में चली आपातकाल विरोधी लहर में सर्वाधिक स्थानों पर जनता पार्टी ने फतह हासिल की , लेकिन पुरी संसदीय क्षेत्र में परिणाम जनता दल के पक्ष में गया। ऐसा ही जबरदस्त माहौल 2004 के चुनाव में मोदी लहर के रूप में सामने आया और तब भी भाजपा जीत से महरुम रही और बीजू जनता दल(बीजद) के सर जीत का सेहरा बंधा। भगवान जगन्नाथ की नगरी के रूप मे विख्यात पुरी कांग्रेस का गढ़ रहा है, हालांकि पिछले 25 साल से यहां बीजद की बादशाहत है। गत तीन आम चुनावों में बीजद की जीत का परचम लहरा रहे श्री पिनाकी मिश्रा यहां जीत की हैट्रिक जमा चुके हैं। नब्बे फीसदी हिन्दू बाहुल्य पुरी में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है और भाजपा ने सामुदायिक समीकरण और रणनीति के तहत इस बार भी अपने प्रवक्ता संबित पात्रा को पुरी की चुनावी रणभूमि में उतारा है। पार्टी प्रवक्ता के रूप में टीवी चैनलों में बहस और परिचर्चा के दौरान तर्क-वितर्क और कभी शिष्टता एवं मयार्दा से भी परे धाराप्रवाह बोलने की वजह से बहुत बार विवाद का बने श्री पात्रा 2019 के आम चुनावों के दौरान पुरी में चुनाव यात्रा बनाम भोजन यात्रा के जरिए आकर्षण का केंद्र थे तथा चुनाव प्रचार के दौरान कभी किसी पिछड़े दलित के घर चले जाने और उनके यहां भोजन करने से भी गुरेज नहीं किया था। इसके बावजूद वह बीजद के श्री पिनाकी मिश्रा के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव मे पुरी सीट पर एक तरफ भाजपा ने अपने प्रवक्ता संबित पात्रा को दोहराया है वहीं बीजद ने अपनी चुनावी व्यूह और रणनीति में बदलाव करते हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी अरूप पटनायक को अपना उम्मीदवार बनाया है। मूलतः ओडिशा के पुरी जिले के डेलांगा निवासी और 1979 बैच के अधिकारी रहे श्री पटनायक सेवानिवृत्ति के बाद बीजद में शामिल हो गये थे। श्री पटनायक की उम्मीदवारी स्थानीय नेताओं के लिए कम विस्मयपूर्ण नही रही। किसी को तनिक भी उम्मीद नहीं थी कि 2009 , 2014 औंर 2019 के आम चुनाव में जीत की हैट्रिक बनाने वाले पिनाकी मिश्रा को इस बार संभावित चौकड़ी बनाने से वंचित कर दिया जायेगा , लेकिन ओडिशा की राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले बीजद सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नये राजनीतिक दांव-पेंच का प्रयोग करते हुए सबको चौंका दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने इस दफा पुरी सीट से महिला उम्मीदवारी को तरजीह देते हुए श्रीमती सुचरिता मोहंती को अपना प्रत्याशी बनाया है। पुरी स्थित ' गोल्डन बीच ' समुद्र की विशाल बलखाती लहरों में मस्ती की हिलोरें मारने के यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र ' है। हाल ही में पुरी के पर्यटन टूर पर आये इस संवाददाता ने चुनाव के परिप्रेक्ष्य में यहां के माहौल को समझने और लोगों के विचार एवं प्रतिबद्धताओं को टटोलने की कोशिश की। यहां गोल्डन बीच के समीप एक होटल के प्रबंधक विप्लव मुखर्जी ने बातचीत के दौरान कहा कि पुरी की अर्थ-व्यवस्था मुख्यतः पर्यटन पर.निहित है और प्रदेश में बीजद सरकार अच्छा काम कर रही है तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उसने काफी कदम उठाए है जिसका लाभ बीजद और उसके उम्मीदवारों को मिलता रहेगा। पुरी निवासी और भुवनेश्वर में एमबीए की छात्रा नीलांजना मिश्रा ने भी कमोबेश यही मंतव्य व्यक्त किया। पुरी और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गाइड का काम करने विजय मोहंती का कहना है कि परिवर्तन संसार का नियम है और कुछ भी अपरिवर्तनीय नहीं है। उन्होंने कहा कि पुरी में इस बार बदलाव का माहौल है और इसकी झलक भी नजर आ रही है।

भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने के लिए प्रयासरत है और इसका प्रतिफल उसे जरुर मिलेगा। पुरी लोकसभा सीट के लिए छठें चरण में 25 मई को मतदान होगा और 10 दिन बाद 04 जून को मतगणना के बाद पता चलेगा कि इस बार भगवान जगन्नाथ की कृपा किस पर रही और जनता-जनार्दन ने किसे अपना नुमांइदा चुना।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !